सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 31 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 353, पेज 16, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 20 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में वर्ष की समाप्ति से पहले बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 20 .46 अंक गिरकर 84,675 .08 अंक पर बंद हुआ। } 14

## घुसपैठ को बढ़ावा दे रहीं ममता बनर्जी : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गयी है। } 16



### संक्षेप

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनकी पार्टी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष की थीं। खालिदा जिया को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा और उन्हें उनके पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के बगल में दफन किया जाएगा। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की लंबे समय तक प्रमुख रहीं और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकीं खालिदा जिया का सुबह ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के बड़े नेताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## अल्मोड़ा : बस खाई में गिरी, सात की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में अल्मोड़ा जिले के भिकियासैण क्षेत्र में विनायक के पास एक बस के मंगलवार को खाई में गिर जाने से उसमें सवार सात व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी तथा एक दर्जन अन्य यात्री घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों को लेकर अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट से नैनीताल जिले के रामनगर जा रही बस भिकियासैंण से छह किलोमीटर पहले अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंची तथा बचाव एवं राहत कार्य चलाया। पिंचा ने बताया कि दुर्घटना में छह व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि हादसे में चालक सहित 12 लोग घायल हो गए।

## इंदौर में दूषित पानी पीने से तीन की मौत

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कथित तौर पर दूषित पानी पीने के कारण 100 से ज्यादा लोगों को उल्टी-दस्त की गंभीर दिक्कतों के साथ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया और इनमें से कम से कम तीन मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि दूषित पानी पीने से बीमार होने के बाद अब तक चार महिलाओं समेत पांच लोग दम तोड़ चुके हैं। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि शहर के भागीरथपुरा इलाके में उल्टी-दस्त के प्रकोप के बारे में पता चलने पर स्वास्थ्य विभाग ने 2,703 घरों के सर्वेक्षण के दौरान करीब 12,000 लोगों की जांच की और इनमें से हल्के लक्षणों वाले।,146 मरीजों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

## उप्र : एसआईआर की तिथियों में निर्वाचन आयोग ने किया संशोधन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया की तिथियों में बदलाव किया है। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर के बजाय छह जनवरी को किया जाएगा।




मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर के बजाय छह जनवरी को होगा

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चल रहे एसआईआर की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नयी तिथियां जारी कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि संशोधित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी तक निर्धारित की गई है। रिणवा ने बताया कि छह जनवरी से 27 फरवरी तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भविष्योन्मुखी विकास के नये मानक गढ़ रहा नया उत्तर प्रदेश

### टेक्नोलॉजी, एआई व डेटा में नवाचार के क्षेत्र में यूपी ने स्थापित किये नये मापदंड : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वर्ष 2026 को राज्य के लिए एक अहम साल बताते हुए कहा कि वर्ष 2025 को टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा-संचालित नवाचार में नए मानक स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे वर्ष 2026 के लिए एक विशेष संकल्प लें और अपने आसपास पांच बच्चों को कंप्यूटर और एआई के विषय में जागरूक करें।

मुख्यमंत्री ने योगी की पाती शीर्षक से पोस्ट की गई अपील में कहा यह आंग्ल वर्ष 2026 में प्रवेश का समय है। 2025 का वर्ष टेक्नोलॉजी, एआई व डेटा में नवाचार के नए मापदंड स्थापित करने के लिए स्मरण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश भविष्योन्मुखी विकास के नए मानक गढ़ रहा है। प्रदेश के डिजिटल भविष्य को दिशा देने और निवेश का केंद्र बनाने में सरकार को आशातीत सफलता मिल रही है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में आगे कहा निवेश तभी सुरक्षित रह सकता है, जब समाज और राज्य सुरक्षित हों। प्रदेश में सुशासन के राज ने विश्व भर में ब्रांड यूपी को सशक्त किया है। उत्तर प्रदेश अब



निवेशकों के विश्वास का राज्य बन गया है। आदित्यनाथ ने एआई तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी बसाने की तैयारी है। जेवर में 3,700 करोड़ रुपये से सेमीकंडक्टर इकाई का निर्माण हो रहा है। स्वदेशी सेंटर, सुरक्षित डेटा को ध्यान में रखकर बनी डेटा सेंटर नीति की सफलता दिखने लगी है।

पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक उपयोग प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा डेटा सेंटर क्षेत्र में 30 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य है। नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए गए हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल उत्पादन में भी हम नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। एआई प्रज्ञा के माध्यम से 10 लाख नागरिकों को एआई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हजारों नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा मैं चाहूंगा कि मेरे युवा साथी वर्ष 2026 के लिए एक विशेष संकल्प लें। आप अपने आसपास पांच बच्चों को कंप्यूटर और एआई के विषय में जागरूक करें। हर सप्ताह कम से कम एक घंटा ज्ञानदान के लिए निकालें। उन्होंने कहा सरकार और आपका प्रयास संयुक्त रूप से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को पूरा करेगा, अपितु उत्तर प्रदेश को विज्ञान-प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने में भी सहायक होगा।

# दीर्घकालिक वृद्धि के लिए सुधारों की जरूरत

### पीएम मोदी ने केंद्रीय बजट की तैयारियों के संदर्भ में नीति आयोग में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ की वार्ता




एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में मिशन रूप में सुधार किए जाने की जरूरत पर बल दिया ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की तैयारियों के संदर्भ में नीति आयोग में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। बैठक में मोदी ने वैश्विक स्तर की क्षमताओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय एकीकरण हासिल करने की जरूरत पर भी बल दिया। इस संवाद का विषय आत्मनिर्भरता एवं संरचनात्मक रूपांतरणः विकसित भारत के लिए एजेंडा था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की नीति-निर्माण प्रक्रिया और बजट निर्धारण में 2047 के लिए संकल्प को केंद्रीय रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक श्रम शक्ति और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाए रखना जरूरी है। मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प अब सरकारी नीतियों से इतर आम जन आकांक्षा बन चुका है। चर्चा के दौरान अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों ने निर्माण और सेवा क्षेत्रों में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के उपायों पर रणनीतिक सुझाव साझा किए। उन्होंने यह भी कहा कि 2025 के दौरान विविध क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व सुधारों और आने वाले साल में उनके एकीकरण से भारत तेजी से बढ़ती वैश्विक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुधारों के बाद भारत की तरफ उम्मीद से देख रही दुनिया : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ाने वाले अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की रफ्तार को जिस गति से बढ़ाया है, उसकी तारीफ दुनिया कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेशेवर सोशल नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि भारत अपने लोगों के नवोन्मेषी उत्साह के कारण वैश्विक ध्यान का केंद्र बन गया है और अब दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है। उन्होंने कहा कि वह कई अवसरों पर कहते रहे हैं कि भारत सुधारों पर केंद्रित रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार हो चुका है जिसका मुख्य इंजन देश की युवा आबादी और नागरिकों का अटूट संकल्प है। उन्होंने कहा, भारत के लिए 2025 एक ऐसा साल होगा जिसे हमने पिछले 11 वर्षों में तैयार जमीन पर सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा। हमने संस्थाओं को आधुनिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रेलवन ऐप के जरिये टिकट बुकिंग पर मिलेगी छूट

नयी दिल्ली। रेल मंत्रालय 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की खरीद और किसी भी डिजिटल माध्यम से भुगतान पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। फिलहाल, यह रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर तीन प्रतिशत कैशबैक प्रदान करता है। इस संबंध में रेल मंत्रालय की ओर से रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को सॉफ्टवेयर प्रणाली में आवश्यक बदलाव करने के लिए पत्र भेजा गया। पत्र में कहा गया डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट की बुकिंग पर तीन प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया, तीन प्रतिशत छूट का प्रस्ताव 14.01.2026 से 14.07.2026 की अवधि के दौरान लागू रहेगा। सीआरआईएस इस प्रस्ताव पर आगे की पड़ताल के लिए मई में फीडबैक प्रस्तुत करेगी। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट के माध्यम से बुकिंग करने पर मिलने वाला मौजूदा तीन प्रतिशत कैशबैक जारी रहेगा। यह स्पष्ट करते हुए कि यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

### 4180 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को छोड़ा पीछे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। एक सरकारी बयान में यह कहा गया।

भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी



तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। एक सरकारी बयान के अनुसार, भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोनभद्र : कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में चार वांछितों पर इनाम

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में वांछित चार अभियुक्तों के बारे में सूचना देने पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि जिले में कोडीन युक्त कफ सिरप का अवैध व्यापार करने के मामले से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कतई न बर्दाश्त करने की नीति के तहत सख्त कार्वाई की जा रही है। प्रत्येक अभियुक्त पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नव वर्ष पर पर्यटकों को न हो कोई असुविधा : धामी

### सीएम का यातायात प्रबंधन, रात्रिकालीन गश्त एवं अतिक्रमण हटाने पर विशेष फोकस

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। नववर्ष 2026 के आगमन को लेकर धामी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पर्यटकों और आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आवागमन को सुगम बनाने, पर्यटकों की सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक की। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उच्चाधिकारियों व जिलों के डीएम, एसपी के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए है कि पुलिस द्वारा नियमित रात्रिकालीन गश्त की जाए। पुलिस के उच्चाधिकारी भी कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए



समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करें। प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि राज्य में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आपराधिक कृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों, अधिक आवागमन तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। नव वर्ष के अवसर पर सभी जिलों में यातायात प्रबंधन के साथ मूलभूत सुविधाओं तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था, वाहनों के अनियंत्रित संचालन तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने पर विशेष निगरानी के साथ ही शराब के ठेकों के आसपास भी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आने वाले सभी पर्यटकों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

लखनऊ शहर में जगह-जगह जलवाये गये अलाव, कड़ाके की सर्दी में गरीबों, राहगीरों को पहुंचायी जा रही राहत

# लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास के निर्देश पर इस वर्ष भी लखनऊ के सभी प्रमुख अस्पतालों और लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सके।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर,










वॉयस ऑफ लखनऊ, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य कोठी, पुराना किला कोठी, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन की ओर से भी गरीबों को राहत दिलाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# मिशन शक्ति केंद्रों को मिलेगी दो पहिया वाहन और मोबाइल हैंडसेट की सौगात

## 67 करोड़ से खरीदे जायेंगे 6400 स्कूटी और 1600 मोबाइल हैंडसेट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने की तैयारी है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत प्रदेश भर में स्थापित 1600 मिशन शक्ति केंद्रों को अगले वर्ष अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा, जिससे महिला अपराधों की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। योगी सरकार द्वारा सरकार की योजना के अनुसार वर्ष 2026 में मिशन शक्ति केंद्रों को दो पहिया वाहन और मोबाइल हैंडसेट उपलब्ध कराए जाएंगे।



महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत प्रदेश भर में 1600 मिशन शक्ति केंद्र, थानों की स्थापना की गई थी। वहीं अब मिशन शक्ति केंद्र को और अधिक सशक्त करने के लिए विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र पर 4 स्कूटी और एक-एक मोबाइल हैंडसेट की आवश्यकता सामने आ रही है। ऐसे में मिशन शक्ति केंद्र के लिए कुल 6,400 नई स्कूटी और 1,600 मोबाइल हैंडसेट खरीदने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए जल्द ही सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इन संसाधनों में करीब 67 करोड़ रुपये खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि सरकार से हरी झंडी मिलने और बजट आवंटित होने के बाद अगले वर्ष इन संसाधनों की खरीद की जाएगी। इन संसाधनों के माध्यम से मिशन शक्ति की टीमों की पहुंच गांव-गांव और मोहल्लों तक और मजबूत होगी, जिससे महिलाओं की शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई संभव हो सकेगी। एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि प्रदेश की आधी आबादी की सुरक्षा और उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

महिला अपराधों पर सख्त कार्रवाई, त्वरित न्याय और पीड़िताओं को संवेदनशील सहयोग देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए न केवल सहायता और परामर्श का केंद्र हैं, बल्कि ये उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से महिला हेल्पलाइन, काउंसलिंग, कानूनी सहायता, मेडिकल सपोर्ट और पुनर्वास जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं दो पहिया वाहन मिलने से मिशन शक्ति की महिला कर्मी और पुलिस टीम किसी भी आपात स्थिति में तेजी से मौके पर पहुंच सकेंगी।

वहीं, मोबाइल हैंडसेट से रियल टाइम मॉनिटरिंग, शिकायत दर्ज करना और उच्च अधिकारियों से समन्वय और बेहतर होगा। मिशन शक्ति केंद्रों को मिलने वाले नए संसाधन महिला अपराध की रोकथाम में मील का पत्थर साबित होंगे। इससे न सिर्फ पुलिस और प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि आम महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत होगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल प्रदेश बनाया जाए, जहां वे बिना भय के शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में आगे बढ़ सकें।

# मनरेगा कर्मियों ने मांगों से कराया अवगत

**लखनऊ।** मनरेगा कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय से मिला। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक तथा विद्याकांत शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा कर्मियों को अपने कार्य के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया तथा मांग की कि मनरेगा कर्मियों के वेतन में वृद्धि की जाए, वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाए, कार्य के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट उपलब्ध कराए जाएं, घर से कार्यस्थल की दूरी को युक्तिसंगत किया जाए तथा मनरेगा कर्मियों के लंबित भविष्य निधि भुगतान का समय से निस्तारण कराया जाए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग रखी कि मनरेगा कर्मियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी सहायता तथा भविष्य की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को जी-राम-जी के नाम से संबोधित किए जाने पर स्वागत व्यक्त करते हुए यह मांग भी की कि वर्तमान 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाए, जिससे कर्मियों और मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।

# यूपी बना देश का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम

## प्रदेश में महिलाएं कर रहीं 9,000 से अधिक स्टार्टअप का संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ष 2025 उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक साल के रूप में दर्ज हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन के क्षेत्र में ऐसी छलांग लगाई है, जिसने उसे देश का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना दिया है। बीते एक वर्ष में प्रदेश में लगभग 5000 नए स्टार्टअप्स ने अपना काम शुरू किया है, जिससे प्रदेश में कुल स्टार्टअप्स की संख्या 21000 से अधिक पहुंच गई है। इनमें 9,000 से अधिक स्टार्टअप का संचालन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जो उद्यमिता में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार महिला उद्यमिता और उनके स्वावलंबन को लेकर काफी गंभीर और संवेदनशील है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 तक उत्तर प्रदेश में उद्योग संवर्धन एवं आतंरिक व्यापार विभाग (डीपीईआईटी) पंजीकृत स्टार्टअप्स की संख्या लगभग 16000 थी, जो दिसंबर 2025 में बढ़कर 21,559 हो चुकी है। इनमें से स्टार्टअप इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 18,568 और स्टार्ट इन यूपी में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2991 है। आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) में 521 स्टार्टअप हैं। यह वृद्धि केवल संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, निवेश और रोजगार सृजन के स्तर पर भी प्रदेश ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। नीति आधारित शासन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और डिजिटल प्रक्रियाओं ने स्टार्टअप्स को तेजी से आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

योगी सरकार की स्पष्ट नीतियां, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और युवाओं पर केंद्रित दृष्टिकोण ने प्रदेश को निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक भरोसेमंद गंतव्य बना दिया है। सरकार की एक बड़ी उपलब्धि यह रही है कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रखा गया। प्रदेश के सभी 75 जिलों में स्टार्टअप गतिविधियां सक्रिय हुई हैं। पहले स्टार्टअप का केंद्र केवल नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर जैसे बड़े शहरों में ही था, लेकिन अब वे छोटे शहरों में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अब शहरी केंद्रों के साथ-साथ बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों में भी एग्रीटेक, फूड प्रोसेसिंग, हैंडलूम, डेयरी और लोकल सर्विस आधारित स्टार्टअप्स उभरे हैं। इससे शहरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सीधा लाभ मिला है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर बने हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, महिला स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाएं और आसान वित्तीय सहायता ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आगे आने का आत्मविश्वास दिया है।

स्टार्टअप्स के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। स्टार्टअप्स को मजबूत आधार देने के लिए प्रदेश में 76 इंक्यूबेटर और 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सक्रिय हैं। ये संस्थान स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, तकनीकी सहायता, रिसर्च सपोर्ट और निवेशकों से जोड़ने का काम कर रहे हैं। आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थटेक, एग्रीटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में विशेष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं, जिससे नवाचार को संस्थागत समर्थन मिल रहा है।

# मैनपुरी के परिवर्तित मतदेय स्थल किये जायें निरस्त : सपा

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि इन मतदान केंद्र के सभी बूथों का स्थान परिवर्तन करने के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मैनपुरी के निर्णय को निरस्त किया जाए तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 107-मैनपुरी के मतदेय स्थलों की सूची वर्ष 2024-2025 के बूथ संख्या 112, 113, 114 व 115 मतदान केंद्र शाह महमूद इस्लामिया जू. हा. स्कूल आगरा रोड मैनपुरी पर पूर्वतः रखा जाए तथा मतदेय स्थलों की सूची दिसम्बर 2025 में स्थान परिवर्तित करके बनाये गये नये मतदान केन्द्र संख्या 124, 125, 126, 127 व 128 के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी मैनपुरी के निर्णय को निरस्त किया जाये।

बूथ संख्या 112, 113, 114 व 115, शाह महमूद इस्लामिया जू.हा. स्कूल आगरा रोड मैनपुरी क्रमशः कक्ष संख्या 1, 2, 3, 4 लोकसभा एंव विधानसभा के विगत अनेक चुनावों से लगातार शाह महमूद इस्लामिया जू.हा. स्कूल आगरा रोड मैनपुरी मतदान केन्द्र पर यथावत चले आ रहे है तथा उपरोक्त मतदान केंद्र पर सदैव से शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न होता चला आ रहा है। इस मतदान केन्द्र पर मुहल्ला दरीबा भाग 1, 2, 3, 4, 5 व गाड़ीवान आशिंक के मतदाता मतदान के लिए संलग्न किये गये। तद्दानुसार संग्लन मतदाताओं के लिए शाह महमूद इस्लामिया जू.हा. स्कूल निकटतम मतदान केंद्र है एवं उपरोक्त मुहल्ले के मध्य क्षेत्र में स्थिति होने के कारण सभी संलग्न मतदाताओं के लिए सर्वथा सुगम एवं सुविधा अनुकूल मतदान केंद्र है लेकिन दिसम्बर 2025 की मतदेय स्थलों की नई सूची में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 107-मैनपुरी के बूथ संख्या 112, 113, 114 व 115 का अकारण स्थान परिवर्तित करके बूथ संख्या 124, 125, 126, 127, व 128 गौतम बुद्ध इण्टर कालेज मैनपुरी मतदान केन्द्र पर सलग्न कर दिये गये है।

यह कि मतदेय स्थलों की सूची वर्ष 2024-2025 में निर्धारित मतदेय स्थल संख्या 112, 113,114 व 115 शाह महमूद इस्लामिया जू.हा. आगरा रोड मैनपुरी पर संलग्न मुहल्ला दरीबा के अधिकांश मतदाता मुस्लिम समुदाय से हैं। उन्हे जानबूझ कर मतदान से वंचित करने के उद्देश्य से उपरोक्त मतदान केंद्र को उनके मुहल्ले से लगभग 2 किमी. की दूरी पर स्थित गौतम बुद्ध इंटर कालेज को मतदान केंद्र, प्रदेश सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेताओं के दबाव में परिवर्तित करके बनाया गया है। यह कि नये बनाये गये मतदान केन्द्र पर भाजपा समर्थक एक जाति विशेष के लोगों का वर्चस्व है तथा आसपास से भाजपा समर्थक लोगो के मकानों से घिरा हुआ है जहां मुस्लिम मतदाताओं को डरा धमकाकर आसानी से मतदान से बंचित किया जा सकता है। यह कि मुहल्ला दरीबा से गौतम बुद्ध इण्टर कालेज की दूरी लगभग 2 किमी है जहां तक मतदाताओं विशेष कर महिलाओं व वृद्ध मतदाताओं को पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई एवं असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

# भाजपा ने सभी के साथ अन्याय किया : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कहा कि भाजपाई वो घोटालेबाज लोग हैं जो संविधान द्वारा दिया गया आरक्षण भी सरेआम मार देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई पीडीए विरोधी निर्लज लोग हैं जो जानबूझकर आरक्षण की हकमारी करते हैं और सोचते हैं कि पकड़ गये तो दे देंगे। इससे साफ होता है कि ओबीसी हो, दलित, अल्पसंख्यक या महिला ये सब भाजपाइयों की निगाह में दोयम दर्जे के लोग हैं। वर्चस्ववादी भाजपाइयों के मन में भेदभाव का जो विष भरा है वो कभी पीडीए के खिलाफ हिंसा, शोषण, अत्याचार, छुआछूत के रूप में बाहर आता है तो कभी आरक्षण मारने या गंगा जल से धुलवाने के कुत्सित रूप में। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों, दलितों समेत सभी वर्गों को धोखा दिया है। संविधान में दिए गए हक और अधिकार को नहीं देना चाहती। भाजपा ने सभी के साथ अन्याय किया है। भाजपा सरकार के एजेण्डा में नौकरी नहीं है और पीडीए समाज के लिए तो बिलकुल नहीं है। भाजपा सरकार 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट में सरकारी अधिवक्ता नहीं भेजती है और केस की डेट जानबूझकर टलवाई जाती है। पीडीए भाजपा की चाल समझ चुका है। 2027 में पीडीए समाज एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके अहंकार का अंत कर देगा।

# पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को प्राथमिकता दे रही सरकार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के वंचित, पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी नीतियों पर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

बैठक में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की समीक्षा करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाओं, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों एवं अवसरों की जानकारी दिव्यांगजन तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। साथ ही विश्वविद्यालय परिसरों में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि योजनाओं की वास्तविक प्रगति तभी मानी जाती है जब उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं तथा जिन जिलों में प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वहां संबंधित जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की गति बढ़ाई जाए। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजना के अंतर्गत अब तक 72,690 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 12,76,303 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में 11,88,425 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन तथा 13,357 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। निःशुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में अब तक 16,97,319 दिव्यांगजन एवं उनके सहयोगियों ने राज्य परिवहन की बस सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य निधि का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हितों में किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने हासिल किये नये मुकाम

विशेष संवाददाता (vol)

- लघु-कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन और स्वरोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने इस वर्ष अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और स्वरोजगार के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन कर कौशल विकास और विपणन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। इस वर्ष विभाग ने अधिकांश योजनाओं में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल की, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ।




ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने एवं युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 में लक्ष्य से अधिक 2,994 ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना हुई और 32,384 रोजगार का सृजन किया गया जबकि इस वर्ष का लक्ष्य 2,482 इकाइयों की स्थापना कर 27,302 रोजगार सृजित करने का ही था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत भी प्रदेश में 94 नई इकाइयों की स्थापना की गई, जिसके माध्यम से 2,586 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। खादी एवं ग्रामोद्योग का यह प्रयास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना के तहत प्रदेश की 219 खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं के 66,859 कारीगरों को लाभ पहुंचाया गया। वहीं सूती और ऊनी वस्त्रों के निर्माण को दिए जा रहे प्रोत्साहन के तहत 7,448 कम्बलों का उत्पादन हुआ है। विभाग की यह योजनाएं खादी उत्पादों के विपणन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। प्रदेश की लगभग 1,092 ग्रामोद्योग इकाइयों को लाभान्वित किया गया जो ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने में सहायक सिद्ध हुई। खादी वस्त्रों को आधुनिक एवं युवाओं के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), रायबरेली के सहयोग से खादी वस्त्रों की डिजाइनिंग, कटिंग, सिलाई और पैकेजिंग का प्रशिक्षण देने का अनुबंध किया गया है। इसके तहत पिछले साल 40 युवा कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इस वर्ष इस क्रम में विभाग ने 30 लाख रुपये का प्रावधान किया। विभाग की ओर से खादी उत्पाद के विकास, मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय अभियान के तहत 59 लाख रुपये की लागत से 245 व्यक्तियों को प्रशिक्षण एवं उपकरण वितरण किया गया। विभाग की कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत 8,750 लाभार्थियों को विभिन्न ट्रेड्स में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सरकार ने 755 लाख रुपये व्यय कर प्रदेश के 18 मंडलों में प्रदर्शनियां और 351 तहसीलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इससे ग्रामीण उद्यमियों की न केवल नए बाजारों तक पहुंच बढ़ी है, उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। सरकार की नीतियां आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्षों में अयोध्या ने लिखी विकास की महागाथा

## विकास और विरासत का जीवंत उदाहरण बनी अयोध्या नगरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या अब केवल एक धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि गौरवशाली नवीन भारत के आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूरे होने के साथ ही अयोध्या ने यह साबित कर दिया है कि विरासत और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का कायाकल्प एक ऐसी गाथा बन चुका है, जिसमें आस्था, समृद्ध अर्थव्यवस्था, युवाओं के लिए रोजगार और भविष्य की स्पष्ट दिशा समाहित है।

श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनी, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का स्थायी स्तंभ भी। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई। इस साल जनवरी-जून के बीच लगभग 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक रामनगरी आए और यहां के विकास और समृद्धि से आश्चर्यचकित हो गए। लगभग 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं से अयोध्या वर्ल्ड क्लास शहर का रूप ले रहा है। इसका श्रेय विकसित अयोध्या के शिल्पकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित किया कि श्रद्धालु सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमामय अनुभव के साथ रामनगरी आकर भगवान प्रभु श्रीराम का दर्शन करें। सरकार ने अयोध्या को इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर का महर्षि वाल्मिकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, चौड़ी और सुदृढ़ सड़कों का नेटवर्क, आधुनिक रेलवे स्टेशन, रामपथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ ये सब अयोध्या को एक आधुनिक तीर्थ और पर्यटन नगरी में बदल रहे हैं। यह विकास केवल इमारतों तक सीमित नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों, रोजगार और स्थानीय उद्यमिता को नई गति दे रहा है। अयोध्या आज उत्तर प्रदेश के पर्यटन का केंद्र है। धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक और हेरिटेज टूरिज्म को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ावा दिया गया। होटल, होम-स्टे, गाइड, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यवसायों को नई पहचान मिली। सरकार ने आस्था से आय और आय से आत्मनिर्भरता का नया रोडमैप तैयार किया है। अयोध्या मंडल में 19 गांवों को विशेष रूप से होम स्टे विकास के लिए चयनित किया गया है। अयोध्या जिले में अमौनी, शेरवाघाट, अबानपुर सरोहा, गौराघाट, रामपुरवा गांवों में 50 होम स्टे पर काम चल रहा है। इसमें से ज्यादातर होम स्टे ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। अब तक जिले में 1136 से ज्यादा होम स्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं जो पर्यटकों को ठहरने के लिए उचित रेट पर आवास उपलब्ध करा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटल भी विदेशी पर्यटकों को वर्ल्ड क्लास सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इस परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभार्थी बना है प्रदेश का युवा। टूरिज्म, एविएशन, ट्रांसपोर्ट, सुरक्षा, इवेंट मैनेजमेंट और सेवा क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खुले हैं। अयोध्या अब पलायन का कारण नहीं, बल्कि रोजगार का केंद्र बन रही है। होटल, ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, हथकरघा, मल्टीनेशनल कंपनियों में युवाओं को मनमाफिक रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

# पहली बार 'लैब' से निकलकर 'लैंड' तक पहुंचे वैज्ञानिक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में पहली बार कृषि वैज्ञानिक 'लैब' से निकलकर 'लैंड' तक पहुंचे। सीएम योगी ने विगत दिनों बड़ी घोषणा की कि किसानों को एलडीबी से महज छह फीसदी पर लोन मिलेगा। सरकार ने इस वर्ष गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की। लखनऊ में चौधरी चरण सिंह की स्मृति में सीड पार्क, बाराबंकी में टिश्यू कल्चर की लैब के लिए 31 एकड़ चिह्नित की गई। पुराने आंकड़ों से आगे योगी सरकार ने इस वर्ष ऐतिहासिक बीज वितरण भी किया।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 21 दिसंबर को लघु व सीमांत किसानों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत प्रदेश के लघु व सीमांत किसानों को यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) के माध्यम से महज छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलेगा। अभी तक किसानों को इस बैंक से 11.50 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलता था। ब्याज की शेष धनराशि राज्य सरकार वहन करेगी। सरकार ने एक बार फिर गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया। योगी सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुन्तल की वृद्धि की। अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 रुपये प्रति कुन्तल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया। सरकार के कार्यकाल में यह चौथी बार है, जब गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है।

यह निर्णय न केवल गन्ना किसानों की आमदनी में वृद्धि करेगा, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अर्थतंत्र में नई ऊर्जा भी भरेगा। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में 2025 में पहली बार विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। 29 मई से 12 जून तक उत्तर प्रदेश के 14,170 गांव में अभियान चला। इसमें 23.30 लाख किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया गया। इस अभियान के जरिए पहली बार कृषि वैज्ञानिक लैब से निकलकर लैंड तक पहुंचे। उत्तर प्रदेश में इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए लखनऊ के अटारी में आधुनिक तकनीक पर आधारित सीड पार्क बन रहा है। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मान दिवस (23 दिसंबर) को चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया था। वहीं बाराबंकी में टिश्यू कल्चर की अत्याधुनिक लैब के लिए 31 एकड़ चिह्नित किया है। पीलीभीत के टांडा बिजेसी में 7 एकड़ भूमि में बासमती बीज उत्पादन व प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना को सरकार ने सैद्धांतिक सहमति दी है। इसकी जिम्मेदारी कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास संगठन (एपीडा) को दी गई है। यहां बासमती के उन्नत बीज विकसित होंगे तथा किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा।

विश्व की सबसे बड़ी डीबीटी योजनाओं में यूपी के लगभग 3.12 करोड़ किसानों के खाते में 94668.58 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। किसानों के उत्पादन व आय में वृद्धि करने के लिए तत्पर कृषि विभाग ने 2025-26 में खरीफ में 1.23 लाख कुंतल व रबी में 10.08 लाख (कुल 11.31 लाख कुंतल) बीज अनुदान पर वितरित किया। सरकार किसानों को खेती के लिए कृषि यंत्र भी वितरित करती है। 2017-18 से 2024-25 तक 2.31 लाख उन्नत कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। 8405 कस्टम हायरिंग सेंटर व 7351 फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हुई। 2025-26 में नवंबर माह तक 9308 कृषि यंत्र व 83 फार्म मशीनरी बैंक के बिल पोर्टल पर अपलोड हुए।

# राम मंदिर में प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव में रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री की रहेगी उपस्थिति

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास से सराबोर है। भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर राम मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 27 दिसंबर से शुरू हुए पांच दिवसीय महोत्सव का मुख्य समारोह बुधवार को होगा, जिसमें देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस ऐतिहासिक आयोजन में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्राण प्रतिष्ठा मूल रूप से 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल द्वादशी तिथि पर संपन्न हुई थी, जिसे हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष यह तिथि 31 दिसंबर को पड़ रही है। ट्रस्ट के अनुसार,




- प्रतिष्ठा द्वादशी पर अयोध्या में भव्य आयोजन, मां अन्नपूर्णा मंदिर पर ध्वजारोहण

अनुष्ठान जगद्गुरु मध्वाचार्य की देखरेख में संपन्न हो रहे हैं। राम मंदिर परिसर में रामचरितमानस के संगीतमय पाठ, रामकथा प्रवचन, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लगी हुई है। अंगद टीला पर भव्य पंडाल बनाए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह करीब 11 बजे अयोध्या पहुंचेंगे। वे राम मंदिर परिसर में रामलला के दर्शन-पूजन करेंगे तथा मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात वे राम मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। अयोध्या एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। रामनगरी में चारों ओर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज रहे हैं। लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यह उत्सव न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि राम मंदिर के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक जागरण को भी रेखांकित करता है। दोनों नेता अंगद टीला पर जनता को संबोधित भी करेंगे।

# ग्रामीण युवाओं को सॉफ्ट स्किल्स भी सिखायी जाये

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अंतर्गत प्रदेश में संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी की बैठक व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रमुख सचिव के समक्ष दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के सीओओ आशीष कुमार द्वारा डीडीयूजीके 1.0 के प्रदेश में सफलतापूर्वक समापन एवं डीडीयूजीकेवाई 2.0 के लॉन्च की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। साथ ही इसके संचालन के लिए की गई तैयारियों पर भी प्रकाश डाला गया। इसकी समीक्षा करते हुए विभागीय प्रमुख सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर उनकी हैंडहोल्डिंग करते हुए उन्हें सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जाएं, जिससे उनके सफल करियर का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# प्रमुख चौराहों की लाल बत्ती पर बिना सीट बेल्ट व हेलमेट वालों का करें चालान

## 15 फरवरी तक ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर साइनेज, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग व प्रकाश व्यवस्था करें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के प्रमुख चौराहों की लाल बत्ती पर चेकिंग टीम लगाकर बिना सीट बेल्ट व हेलमेट न लगाने वालों पर चालान करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने इस संबंध में डीसीपी यातायात को निर्देशित किया।

मण्डलायुक्त ने परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में मण्डल के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों, प्रवर्तन कार्यवाही तथा जन-जागरूकता अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई।

- **सड़क हादसों में कमी लाने के लिये कमिश्नर ने दिए निर्देश**
- **सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए : मण्डलायुक्त**

मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। स्मार्ट सिटी सभागार में हुई बैठक में डीसीपी यातायात, अपर जिलाधिकारी टीजी, अपर नगर आयुक्त, पीडब्लूडी, एनएचएआई, आरटीओ व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने पाया कि वर्ष 2025 में लखनऊ मण्डल के सभी जनपदों में कल 273 ब्लैक स्पॉट्स की संख्या चिन्हित है जिसमें जनपद लखनऊ से 75, जनपद रायबरेली से 45, जनपद सीतापुर से 28, जनपद लखीमपुर खीरी से 25, जनपद उन्नाव से 33 व जनपद हरदोई से 67 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित है।

इन 273 ब्लैक स्पॉट्स में 149 ब्लैक स्पॉट्स लोक निर्माण, 122 ब्लैक स्पॉट्स एनएचएआई, 01 ब्लैक स्पॉट एनएच ढहऊव 01 ब्लैक स्पॉट वढएअऊअ विभाग से संबंधित है।

उन्होंने ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य जैसे–साइनेज, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार बैरियर आदि को प्रत्येक दशा में 15 फरवरी, 2026 तक सुधारात्मक कार्य पूर्ण करने के साथ ही सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित सुधारात्मक कार्य पूर्ण होने के उपरांत सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लैक स्पॉट्स पर किए गए कार्यों का परीक्षण भी करना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने टोल प्लाजा पर ओवरलोड माल वाहनों की प्रभावी रोकथाम एवं सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस क्रम में कमिश्नर ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देशित किया कि टोल प्लाजा पर पकड़े गए ओवरलोड माल वाहनों की विस्तृत सूची परिवहन विभाग को पाक्षिक आधार पर नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह सूची मण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों के संभागीय परिवहन अधिकारियों (एआरटीओ/आरटीओ) को समयबद्ध रूप से प्रेषित की जाए, ताकि संबंधित अधिकारियों की ओर से नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन संचालन एवं ओवरलोडिंग जैसी गंभीर उल्लंघनाओं के विरुद्ध नियमित एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाए।

### पीड़ितों की मदद करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाये

गुड सेमेरिटन योजना की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने पाया कि लखनऊ मण्डल के जनपदीय अप्रेजल कमेटी की ओर से गुड सेमेरिटन के अग्रसारित प्रस्तावों की संख्या 15 में से 10 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं जिस पर उन्होंने निर्देशित किया कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले लोगों को बुलाकर विशेष अवसरों पर सम्मानित कराया जाए व इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। आपातकालीन सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करने के लिए एम्बुलेंस रिस्पांस टाइम में सुधार तथा ट्रॉमा केयर सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

### अवैध टैक्सी, बस अड्डों व अवैध पार्किंग के विरुद्ध की जाये कार्यवाही

कमिश्नर ने निर्देशित किया कि चालकों/परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन साथ ही बस एवं ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, चालकों एवं परिचालकों के मध्य सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। परिवहन निगम डिपो पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का संचालन तथा चालकों/परिचालकों के लिए स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन के साथ विभिन्न स्टेकहोल्डर के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की कार्यवाही के साथ सड़क सुरक्षा संबंधी प्रवर्तन कार्यवाही हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्रंकन ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप आदि संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निर्देशित किया कि स्कूली वाहनों की जांच तथा अनफिट स्कूली वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही, अनधिकृत रूप से संचालित बसों/व्यावसायिक रूप से संचालित निजी वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही, स्लीपर बसों की डिजाईन एवं सुरक्षा मानकों की जांच व अवैध टैक्सी/बस अड्डों एवं अवैध पार्किंग के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराया जाए, ताकि मण्डल में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

# समिट बिल्डिंग में निगम व लुलु मॉल में आयकर की कार्रवाई

## बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित बार सील

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से बड़े कर बकाएदारों एवं ट्रेड लाइसेंस शुल्क जमा न करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मंगलवार को नगर निगम के जोन-4 क्षेत्र में स्थित समिट बिल्डिंग में बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित बार एवं रेस्टोरेंट के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो प्रतिष्ठानों को सील किया गया। इनमें ब्लैक ब्रयू हाउस बार और किंग क्लब हाउस बार शामिल हैं।

सीलिंग की कार्रवाई के बाद देर शाम किंग क्लब हाउस बार की ओर से ट्रेड लाइसेंस शुल्क एवं विलंब शुल्क सहित कुल 55,000 रुपये नगर निगम में जमा किए गए। अभियान के दौरान जोन-4 क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी सख्त कार्रवाई की गई। चिनहट द्वितीय वार्ड एवं निशातगंज क्षेत्र में लंबे समय से कर बकाया रखने वाले बड़े आवासीय बकाएदारों के मकानों को भी सील किया गया। यह पूरी कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन-4 शिल्पा कुमारी के निर्देशन में की गई। अभियान में कर अधीक्षक बनारसी दास एवं जोन-4 की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और कर बकाया या बिना ट्रेड लाइसेंस व्यवसाय संचालित करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## 27 करोड़ के बकाये पर बैंक खाता सीज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के लुलु मॉल का बैंक खाता मंगलवार को सीज कर दिया गया। आयकर विभाग ने लुलु मॉल के खिलाफ यह कार्रवाई की। मिली जानकारी के मुताबिक, लुलु मॉल पर करीब 27 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है, जिसे समय पर नहीं चुकाया गया। लुलु मॉल की ओर से समय पर टैक्स न चुकाने की वजह से आयकर विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए इसका बैंक खाता ही सीज कर दिया। मॉल प्रशासन इन खातों को ऑपरेट नहीं कर सकेंगे। कोई भी रकम निकालने की अनुमति नहीं होगी। खातों में रकम जमा हो सकती है। नियमानुसार जो भी टैक्स बनेगा उसे जमा करना होगा, तभी खाते रिलीज किए जाएंगे। आकयर विभाग अब लेनदेन पर निगरानी भी बढ़ा दी है। बताते चलें कि यूएई बेस्ड कंपनी लुलु ग्रुप इंटरनेशनल भारत समेत दुनिया के कई देशों में हाइपरमार्केट और रिटेल चेन ऑपरेट करती है। केरल में जन्मे एम.ए. यूसुफ अली लुलु ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन हैं। भारत में लुलु ग्रुप के कुल 8 मॉल हैं और 8 में से 5 मॉल सिर्फ केरल में ही हैं। ये मॉल केरल के तिरुअनंतपुरम, कोच्चि, पलक्कड़, कोझिकोड और कोट्टयम के अलावा कर्नाटक के बेंगलुरू, यूपी के लखनऊ, तेलंगाना के हैदराबाद में हैं। लुलु ग्रुप अपने मॉल को हाइपरमार्केट के नाम से ऑपरेट करता है। हाइपरमार्केट के अलावा, लुलु ग्रुप कई रिटेल स्टोर भी ऑपरेट करता है।







जिला पंचायत कार्यालय पर अपर मुख्य अधिकारी के विरोध में प्रदर्शन करते जिला प्रदर्शन सदस्य फोटो– अमित वर्मा

**गुड़म्बा में 04 और काकोरी में 08 अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर... लखनऊ।** शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने गुड़म्बा व काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 70 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 12 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि गुड़म्बा के ग्राम-कपासी में मनोज पाल, मोहम्मद सिद्दीकी, रमेश कुमार पाल, लाल बहादुर व अन्य द्वारा लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 4 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

# लोकबंधु को अग्रणी श्रेणी का अस्पताल बनाना ही लक्ष्य : ब्रजेश पाठक




विशेष संवाददाता (vol)

- **लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय ने मनाया अपना 15वां स्थापना दिवस**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग के मंत्री बृजेश पाठक ने लोक बंधु अस्पताल के कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में लोक बंधु अस्पताल को अग्रणी श्रेणी का अस्पताल बनाना ही हमारा लक्ष्य है इसके लिए आप सब बेहतर प्रयास कर रहे हैं। आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमारी सरकार भी हर स्तर पर मदद के लिए तैयार है। यह बातें मंगलवार को लोक बन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, के स्थापना दिवस पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा कही गईं। अस्पताल के कर्मचारी डॉक्टर और समस्त पैरामेडिकल स्टाफ के बदौलत लोकबंधु राज नारायण अस्पताल कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुका है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने कहा कि आप सभी ने मिलकर इस अस्पताल को बहुत ही बेहतर बनाया है। जब एक बार यहां आग लगी थी तब परिवार की तरह जुट कर अपने मरीजों की सेवा किया है उनको बचाने का काम किया है इसके लिए मैं आप सभी डाक्टरों, कर्मचारी एवं चिकित्सा कर्मियों सहित सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। इसी सेवा भाव से आप कार्य करते रहेंगे तो शीघ्र ही यह अस्पताल एक उच्च कोटि का अस्पताल साबित होगा। क्वालिटी चिकित्सा व्यवस्था के लिए जो प्रयास होंगे उसमें हम आपके साथ खड़े हैं। आज जो लोग सम्मानित हुए हैं उनको मै बधाई देता हूं, जिन्होंने समय पर प्रयास किया है।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ऑक्सीजन लिक्विड प्लांट, रजिस्ट्रेशन काउंटर का इसके अलावा मेदांता अस्पताल के सहयोग से आईसीयू का व्यवस्थित ढंग से उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं सम्मानित जनों का अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत भी किया गया।

इस स्थापना दिवस समारोह में डॉ. रत्नपाल सिंह सुमन, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, डॉ. पवन कुमार अरुण (महानिदेशक परिवार कल्याण), डॉ. हरिदास अग्रवाल (महानिदेशक प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश), अन्य महानिदेशकगण, निदेशक गण, डॉ. संगीता गुप्ता (निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी (चिकित्सा अधीक्षक) सहित चिकित्सकगण, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा चिकित्सालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कायाकल्प सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023झ24 में लोक बन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय को उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था।

इस सम्मान समारोह के माध्यम से चिकित्सालय के चिकित्सकगण, नर्सिंग संवर्ग, फामेर्सी स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी, हाउसकीपिंग स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सेवा-निष्ठा एवं समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे सभी का उत्साहवर्धन हुआ। इसके अतिरिक्त, चिकित्सालय परिसर को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे सहयोगात्मक कार्यों हेतु इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के निदेशक विश्वास स्वरूप अग्रवाल के प्रतिनिधि अविनाश शुक्ला को एवं मेदांता की ओर से उनके प्रतिनिधि और संबंधित कंपनियों के समन्वयकों को भी लोक बन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

# राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बने ऋषभ गुप्ता



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के त्रिवर्षीय चुनाव में रविवार को अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए ऋषभ गुप्ता को 217 औश्र शैलेन्द्र बाजपेई को 183 वोट मिला। जिसमें ऋषभ गुप्ता 34 वोट पा कर विजयी घोषित हुए। वही महामंत्री पद के लिए संजीव चंदानी को 173, राम कुमार रस्तोगी 116 और जफरुल खान को 106 वोट मिला। संजीव चंदानी 57 वोट से महामंत्री बने। मुख्य चुनाव अधिकारी अखिलेश जायसवाल ने बताया कि उपध्यक्ष पद पर रुपेश प्रजापति 224और महीप अग्रवाल को 174 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए अंकित बाजपेयी को 261 व आदी गुप्ता को 135 वोट मिले। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष मे उपाध्यक्ष मे रजत अग्रवाल, सगंठन मंत्री दीपक कुमार, संयुक्त मंत्री मोहम्मद सलमान पहले ही निर्वाचित हो चुके है। चुनाव कराने में दिनेश माथुर, कुलदीप रस्तोगी, शमशेर अली विजेताओं को प्रमाण पत्र वितररित किया।

# नये साल में 2496 भवनों के आवेदकों को मिलेगा आशियाना

## अटल नगर योजना के भवनों की 8 एवं 9 जनवरी को होगी लॉटरी

विशेष संवाददाता (vol)

- **वन बीएचके के 1832 व 02 बीएचके के 664 फ्लैट के आवेदकों की खुलेगी किस्मत**

**लखनऊ।** देवपुर पारा स्थित अटल नगर आवासीय योजना के भवनों की लॉटरी 8 एवं 9 जनवरी, 2026 को होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये हैं। लॉटरी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में किया जाएगा। जहां पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकाली जाएंगी।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि देवपुर पारा में लांच की गयी अटल नगर आवासीय योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट्स हैं। इसमें से 1,832 भवन 01 बीएचके और 664 भवन 02 बीएचके के हैं। ये भवन 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं, जिनकी कीमत 9.82 लाख रुपए से शुरू है। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट का भी प्रावधान किया है। इसके अतिरिक्त योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग की पर्याप्त सुविधा दी जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि अटल नगर योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 2 दिसम्बर तक ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। जिसमें कुल 5,781 लोगों ने पंजीकरण कराया है। अब 8 एवं 9 जनवरी, 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में पात्र आवेदकों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा का आयोजन करके भवनों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉटरी की पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

### पीएम आवास के लिए 01 जनवरी से खुलेगा पंजीकरण

लखनऊ विकास प्राधिकरण नये साल पर प्रधानमंत्री आवास का पंजीकरण खोलने जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इसके लिए आदेश जारी कर दिये हैं। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शारदा नगर विस्तार में बनाये गये 2256 भवनों का पूर्व में लॉटरी से आवंटन किया गया था। इनमें रिफंड से खाली हुये 185 भवनों का पुनः लॉटरी से आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से पांच हजार रुपए पंजीकरण शुल्क जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा। पंजीकरण पुस्तिका प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

# लालबाग में सड़क पर उतरीं महापौर, हटवाया अतिक्रमण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लालबाग में नासूर बने अतिक्रमण को हटवाने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल सड़क पर उतरीं। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ महापौर पैदल चलते हुए अतिक्रमण हटवा रहीं थीं, लेकिन शाम होते-होते अतिक्रमण फिर उसी तरह सज गया।

करीब एक घंटे तक महापौर ने लालबाग में नूर मंजिल वाली बीएन रोड, बालाकदर रोड,कैपर रोड और वाल्मीकि मार्ग तक पैदल चलकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान ठेले खोमचे वाले भागते भी दिखे, कुछ के ठेले, खोमचे और काउंटर जब्त भी किए गए हालांकि देर शाम तक सब पहले की तरह हो गया। अभियान के दौरान विवाद के चलते टीम से नोकझोंक भी हुई। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े करीब 10 दो पहिया और एक चार पहिया वाहन भी क्रेन से उठाया गया।

कार्रवाई के दौरान सड़क पर रिपेयर की जा रही दो गाड़ियों को कब्जे में लिया गया। संबंधित वाहन स्वामियों के चालान काटे गए तथा जुर्माना वसूलने के बाद उन्हें सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। इसके अतिरिक्त सड़क पर फैली रिपेयरिंग सामग्री, औजार, टेबल, कुर्सी समेत अन्य सामान को भी जब्त किया गया, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क पर वाहन रिपेयरिंग या किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया गया, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कें आमजन के लिए हैं और अवैध कब्जे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके साथ ही अभियान के दौरान क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। दुकानदारों से कुल पाँच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। हालांकि नावेल्टी सिनेमा से दयानिधान पार्क होते हुए नूर मंजिल तक जाने वाली रोड पर कब्जे बने रहे।

**● फिर हुआ कब्जा**

बीएन रोड पर नूर मंजिल से आगे सड़क पर अतिक्रमण पर कोई फर्क नहीं पड़ा। नगर निगम मुख्यालय के सामने और उसके आगे कैपिटल तिराहे तक फैले अतिक्रमण को नहीं हटाया जा सका। उससे पहले ही अभियान समाप्त कर दिया गया। इसके अलावा जोन-2 के अंतर्गत राजाबाजार मर्चरी से बड़े इमामबाड़े के आसपास 10 दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान प्लास्टिक उपयोग के विरुद्ध 15,000 रुपये तथा अतिक्रमण एवं गंदगी के विरुद्ध 15,000 रुपये का एक-एक चालान किया गया।

कुल 30,000 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। वार्ड रामजीलाल सरदार पटेल नगर स्थित शाही मस्जिद के पास कानपुर मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगाई गई सब्जी मंडी के खिलाफ अभियान चलाया गया। अतिक्रमणकारियों से 2,000 रुपये अतिक्रमण शुल्क तथा गंदगी व पॉलिथीन के विरुद्ध 4,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। बालागंज चौराहे से एकता नगर चौराहे तक बड़े पैमाने पर अवैध अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही प्लास्टिक कुर्सियां, टायर, स्टूल, तराजू, चिप्स के गत्ते और तंदूर की भट्टी सहित कई सामान जब्त किए गए। अतिक्रमण, गंदगी और पॉलीथीन के विरुद्ध कुल 6,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सेक्टर-25 शेयरवुड के पीछे झुग्गी-झोपड़ी हटाई गई, जबकि सेक्टर-17 सब्जी मंडी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन-8 के जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह के नेतृत्व में जी-20 चौराहे और खुर्दही बाजार के आसपास अवैध ठेले और खोपचे हटाए गए।



# जेडएसओ को व्यापारियों ने बताई समस्याएं

**लखनऊ।** नटखेडा रोड व्यापारियों ने क्षेत्र की समस्या को लेकर नगर निगम जोन पांच के नवनियुक्त जेडएसओ से मुलाकात की। आलमबाग नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम जोन पांच के जेडएसओ सचिन सक्सेना व एसएफआई सुभाष चौधरी क्षेत्र में भ्रमण के लिए निकले थे। उस दौरान उन्हें व्यापारियों ने आलमबाग के राम गली, गोविंद गली नंदनगर, केला गोदाम नटखेड़ा रोड बाजार में साफ सफाई सहित क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने जल्द ही क्षेत्र की समस्याओं से छुटकारा दिलाने का आश्वासन दिया है।


**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# फुटपाथ पर सो रहे चना विक्रेता की ईंट से कूंचकर हत्या




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विकासनगर में मंगलवार रात फुटपाथ के पास सो रहे सीतापुर के लाई-चना विक्रेता की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने वाले दो लोग सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं।

पुलिस का कहना है कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस के मुताबिक, विकासनगर मोड़ पर गनपत के ठेले के पास फुटपाथ के करीब मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को खून से सना पड़ा देखा था। इसकी सूचना यूपी डायल-112 को दी गई। पुलिस टीम ने मरणासन्न पड़े व्यक्ति को लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदेशुआ गांव निवासी लालाराम वर्मा (50) के रूप हुई है। सूचना पर उसके परिजन भी पहुंच गए हैं। पुलिस के मुताबिक लालाराम घूम-घूमकर ठेले पर लाई-चना बेचता था। रात में वह विकासनगर मोड़ के पास ही सो जाता था। सोमवार रात को भी लालाराम वहीं पर सोया था। पुलिस की जांच में पता चला कि उसके बिस्तर पर ही हत्यारों ने ईंट से उसका सिर कूच कर मार डाला है।

पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, तो उसमें दो युवक नजर आ रहे हैं। दोनों ने सोते समय ही लालाराम के सिर पर ईंट से वार किया और मरा समझकर छोड़ भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में हत्यारों के चेहरे भी नजर आ रहे हैं। पुलिस उसी के आधार पर हत्यारों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह व एसओ विकासनगर आलोक सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच की।

खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। एसओ का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जल्द दबोचे जाएंगे हत्यारे, तीन टीमें लगाई गईं घटना को लेकर डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि फिलवक्त अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की तीन टीमों खुलासे के लिए लगाई गई हैं। जांच में घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में हत्या की पूरी घटना रिकार्ड मिली है। बताया कि रात करीब 3.20 पर दो युवक मौके पर पहुंचे हैं। उसके बाद सो रहे लालराम के सिर पर ईंट से वार कर दिया। फुटेज में आरोपियों के चेहरे नजर आ रहे हैं। दोनों की पहचान की जा रही है। जल्द हत्यारों को दबोचकर घटना का खुलासा किया जाएगा। लालराम के परिवार में पत्नी और चार साल की बेटी है।

## युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र तहत मऊ नहर के किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जिसको पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का परीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। शिनाख्त के क्रम में शव की पहचान गुमशुदा अलमास उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रवी मोहम्मद निवासी जेल रोड, मऊ, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ के रूप में हुई। मृतक के पिता द्वारा पूर्व में सोमवार को रात्रि लगभग 7:30 बजे अलमास के घर से खुजौली जाने की बात कहकर निकलने तथा देर रात्रि तक वापस न आने के संबंध में थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज है। सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर उपस्थित हैं। शव के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवक की पिकअप की टक्कर से मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग में सोमवार रात सप्लाई डिपो के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार आशीर्वाद सिंह राना (27) की मौत हो गई। आशीर्वाद राना बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे। सिर में चोट लगने से उनकी मौत हुई।

इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज के मुताबिक चारबाग विजयनगर निवासी आशीर्वाद सिंह राना बंगला बाजार में काम करते थे। सोमवार रात वह काम खत्म कर बाइक से लौट रहे थे। इस बीच आलमबाग में सप्लाई डिपो के पास पीछे से आए तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आशीर्वाद बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। आशीर्वाद को गंभीर हालत में लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने सिर में चोट लगने से मौत की बात कही है। इसके अलावा शरीर पर अन्य स्थानों में चोट आई। हादसे के बाद भाग रहे चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी चालक से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आशीर्वाद के परिवार में उनकी मां शशि सिंह, पिता फूल सिंह और अन्य सदस्य हैं।

## आग लगने से भैंस की मौत, पांच झुलसी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मीठेनगर गांव में सोमवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में एक दुधारू भैंस की जलकर मौत हो गई, जबकि बाड़े में मौजूद पांच अन्य भैंसें झुलसकर घायल हो गईं। आग की चपेट में आकर भूसा, चारपाई, बिस्तर समेत अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार रात में अचानक पशु बाड़े से आग की लपटें उठती देख अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने समरसेबल पंप की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव के पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव ने बताया कि उनके घर के पास ही पशु बाड़ा बना हुआ है, जहां भैंसें और चारा रखा था। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने देर रात बाड़े में आग लगा दी। आग बुझने तक एक भैंस की मौत हो चुकी थी और पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गई थीं।

घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। प्रधान ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पुरानी रंजिश को लेकर किसान के घर पर किया हमला, थाने पर दी तहरीर




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के एक गांव के किसान ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है, कि उसके पड़ोसी रंजिशन सोमवार सायं उसके घर पर लाठी डंडा और बंदूके लेकर हमलावर हो गये। जब मैं अपने घर से बाहर नहीं निकला तो दबंगों ने घर पर ईंट पत्थरों की बौछार की और मारने पीटने के लिए घर से बाहर निकलने की धमकी दी। साथ ही समरसेबुल लाठी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। माल थाना क्षेत्र के मंझी निकरोजपुर गांव निवासी मनीष यादव ने तहरीर देकर शिकायत की है कि उनका पड़ोसी से जमीनी विवाद है जिससे रंजिश मानते हुये पड़ोसी शिवाधर उनके बेटे विपिन, भानू, लप्पू व रामसिंह, राम सागर, राजाराम, रामसेखर और 5/6 अन्य लोग लाठी डंडों से लैस होकर मेरे घर पर चढ़ाई कर आ गये और गालियां देते हुए मुझसे घर से बाहर आने को कहने लगे। जब मैं (मनीष) घर से बाहर नहीं निकला तो दबंगों ने मेरे घर पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। साथ ही मुझे मारने पीटने के लिए बार बार बाहर आने के लिए कहा जब मैं बाहर नहीं आए तो दबंगों ने मेरा समरसेबुल और छत पर रखी पानी की टंकी को लाठी डंडों से तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जो अब खराब हो गया। आरोप यह भी है कि रामशेखर के हाथ में बंदूक भी थी मैं बाहर निकल आता तो यह लोग मेरी हत्या भी कर सकते थे। पीड़ित ने न्याय तहरीर देकर न्याय की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला संज्ञान में है जमीनी विवाद है गंभीरता से जांच की जा रही है।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 2.80 लाख रुपये की ठगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्लाट दिलाने के नाम पर रियल एस्टेट कंपनी स्टेलियन इंफ्रावेटर ने बलिया के एक व्यक्ति से 2.80 लाख रुपये ऐंठ लिए। निगोहां पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बलिया जिले के चचया मनिकई नगर निवासी राजीव कुमार यादव के मुताबिक जुलाई 2024 में हजरतगंज के सप्रू मार्ग स्थित स्टेलियन इंफ्रावेटर कंपनी के वाराणसी निवासी डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव से मुलाकात हुई। सिर्स गांव में हजार वर्गफीट प्लॉट बुक कराया। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने 2.80 लाख रुपये दिए। पीड़ित के नाम पर रजिस्ट्री कर दी गई। कुछ समय बाद पीड़ित जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो ग्रामीणों ने विरोध किया। पता चला कि आरोपी राहुल ने दूसरे की जमीन दिखाकर ठगी की है।

निजी मोबाइल कंपनी के टॉवर से दो लाख का सामान चोरी मलिहाबाद। मुजासा में निजी मोबाइल कंपनी के टॉवर में रविवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। टॉवर की फ्रीक्वेंसी बंद होने से गोमतीनगर निवासी टेक्नीशियन अनुभव यादव ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर पावर प्लांट समेत टॉवर का केबल लेकर फरार हो गए। टेक्नीशियन अनुभव यादव ने बताया कि टॉवर से दो लाख का सामान चोरी हुआ है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मौके से एक बाइक भी बरामद हुई है।

**सीमेंट सप्लायर बन 67 हजार ठगे :** पीजीआई क्षेत्र में एक व्यक्ति से सीमेंट के जरिए मुनाफा कमाने का झांसा देकर नोएडा के जालसाज ने 67 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। पीजीइआई के वृंदावन योजना-2 के सेक्टर नौ सी निवासी आनंद शुक्ला के मुताबिक 12 व 13 दिसंबर को नोएडा के घड़ी गोल चक्कर निवासी व्यक्ति ने श्री श्याम ट्रेडर्स का प्रतिनिधि बताकर फोन किया। उसने मुनाफा कमाने का झांसा देकर सीमेंट भेजने की बात की। बहकावे में आकर आनंद ने 67 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रुपये लेने के बाद आरोपी ने सीमेंट नहीं भेजी औन न ही रुपये लौटाए। संपर्क करने पर वह टालमटोल करता रहा। इस बाबत पीड़ित ने पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## युवक का मोबाइल चोरी कर खाते से रुपये निकाले, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानगर में चलते आटो से युवक का मोबाइल पार कर जालसाजों ने खाते से 92201 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने महानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस का कहना है कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है। महानगर के डालीगंज बरौलिया व मूल निवासी बुलंदशहर के अनूपशहर बामनपुर निवासी विवेक कुमार के मुताबिक 19 दिसंबर की सुबह वह कपूरथला चौराहे से आईटी चौराहे की ओर ई-रिक्शा से जा रहा था। इस बीच उनके पड़ोस में बैठे एक युवक ने जेब से मोबाइल पार कर दिया। मोबाइल चोरी के फौरन बाद उन्होंने सिम बंद करा दिया, लेकिन तब तक जालसाजों ने यूपीआई के जरिए उनके खाते से 92201 रुपये निकाल लिए। इसके बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल व बैंक में शिकायत की। साथ ही महानगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## गर्भवती विवाहिता की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत, जमकर हुआ हंगामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के प्रसाद हॉस्पिटल में मंगलवार सुबह एक गर्भवती विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। बाद में पीड़ित परिजन मृतका का शव लेकर अपने घर चले गए।

उन्नाव जिले के दही चौकी थाना अंतर्गत सराय कटियार गांव निवासी इलेक्ट्रीशियन प्रदीप कुमार की 23 वर्षीय पत्नी अंजली देवी डेढ़ माह की गर्भवती थी। पिछले करीब 15 दिनों से उसके ब्लीडिंग होने के साथ वह बीमार चल रही थी। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे प्रदीप उसे बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए लाया। जहां भर्ती होने के बाद इलाज के दौरान सुबह करीब 9 बजे अंजलि की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना बंथरा पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं इस मामले में मृतका के पिता उन्नाव के अचलगंज थाना अंतर्गत टीका खेड़ा जमुका निवासी जयप्रकाश नारायण का कहना है कि करीब 2 वर्ष पहले उन्होंने अपनी बेटी अंजलि की शादी प्रदीप के साथ की थी। अंजलि गर्भवती होने के बाद करीब 15 दिनों से बीमार चल रही थी। जिसको लेकर प्रदीप उसका उन्नाव स्थित एक अस्पताल में इलाज करा रहा था। लेकिन वहां उसकी हालत में कोई सुधार न होने पर बीती रात 2 बजे प्रदीप ने वहां से डिस्चार्ज करा लिया और अंजलि को इलाज के लिए प्रसाद हॉस्पिटल लाया। मंगलवार तड़के 4 बजे अस्पताल पहुंचने के बाद भर्ती कर उसका इलाज चल रहा था। तभी अंजलि ने दम तोड़ दिया। इस मामले में मृतका के पिता ने किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया है। उसका कहना है कि उसकी बीमारी से मौत हुई है। उन्होंने उसका पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## ब्लॉक प्रमुख सहित 10 अज्ञात पर, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित अहिमा मऊ की स्वास्तिका सिटी में, ब्लॉक प्रमुख ने उसके प्लॉट के बगल से जा रही 20 फिट चौड़ी सड़क को बंद कर दिया, और उस दीवार बनाने लगे, कॉलोनी के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो, ब्लॉक प्रमुख, उसके गनर, और आठ से 10 अज्ञात लोगों ने अभद्रता करते हुए असलहा तान दिया, एक व्यक्ति को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा, और जान से मारने की धमकीं दी, साथ ही पूर्व सांसद से भी धमकी दिलाई।

पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। कौशल तिवारी, रामू, और सुनीता सिंह आदि द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि प्रार्थीगण के बगल में ही विनय सिंह (ब्लाक प्रमुख विकासखंड महाराजगंज जौनपुर) की पत्नी मांडवी सिंह द्वारा भी 4500 वर्ग फिट जमीन लेकर मकान बनाया गया है। उनके बैनामें में चौह ?द्दी में दक्षिण तरफ 20 फीट रोड दशार्या गया है। जो कि विगत 20 वर्षों से डामर रोड के रूप में आवागमन के लिये सुचारु से संचालित है। यह सड़क कलोनी का मुख्य मार्ग है। उसी रोड को बीते 29 दिसंबर को समय करीब लगभग 4 बजे विनय सिंह व उनके सरकारी गनर व उनके साथ 8 से 10 प्राइवेट असलाधारी द्वारा कलोनी वासियों को जान से मार डालने की धमकी देते हुए ईट की दीवार बनाकर बंद करने का प्रयास कर रहे थे।

जब प्रार्थीगण विरोध करने लगे तो उपरोक्त विनय सिंह आदि द्वारा लाइसेंसी राइफल, बंदूक निकालकर जान से मार डालने की धमकी देते हुए सबको को दौड़ा लिए। विनय सिंह का सरकारी गनर ने कॉलोनी के ही रहने वाले रामू पुत्र मैकूलाल निवासी अहिमामऊ लखनऊ भी थे उनको भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चमार साले कहकर जान से मारने के लिए विनय सिंह लाइसेंसी राइफल लेकर दौड़ा लिए और रामू को मारते हुए गिरा दिए। जिसकी वजह से रामू बेहोश हो गया। जिसको उठाकर प्रार्थीगण द्वारा पानी की छीटे डालकर होश में लाया गया जिसकी वजह से कलोनी के लोग डरे सहमे हैं और वह कहता है कि रोड हम बंद करके इस पर मकान बनवायेंगे और जो सामने आयेगा उसकी हत्या कर देंगे। विनय सिंह अपने को पूर्व सांसद का रिश्तेदार बताते हैं।

अपने मोबाइल से बात कराते हैं, घटना के समय भी पूर्व सांसद से बात कराकर धमकी दिलवा रहे थे। जिसका वीडियो रिकर्डिंग मोबाइल में प्रार्थी गण के पास सुरक्षित है। और धमकी देते हैं कि जिसको चाहूंगा जान से मरवा दूंगा कलोनी की महिलाये, बच्चे भी डरे सहमें रहते हैं। ये लोग महिलाओं के ऊपर भी छीटा कसी करते हैं। जो पक्की सड़क विनय सिंह के घर के दक्षिण आवागमन के लिये बनी हुई है, जिससे कलोनी के लोग आते जाते हैं जो की कलोनी का मुख्य मार्ग है। वहीं विनय सिंह की तहरीर पर कौशल तिवारी, सहित 15 अज्ञात लोगों पर घर की बाउंड्री वाल गिराने का मुकदमा दर्ज कराया है। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने विनय अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के स्कूल दस्तावेजों में त्रुटिवश पिता का नाम MIRZA MOHD YUSUF एवं माता का नाम SHIRIN AKBAR दर्ज है। पिता का सही नाम MIRZA MOHAMMAD YUSUF एवं माता का नाम SHIRIN ZAIDI है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाये। मिर्जा मोहम्मद यूसुफ पुत्र मिर्जा मोहम्मद अकबर नि.- 10 शरीफ मंजिल छोटा इमामबाड़ा, हुसैनाबाद चौक, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में चित्रित गुप्ता तथा जन्म तिथि 18.08.2015 था। अब पॉलिसी सं 207795050 व शैक्षिकअभिलेख में वास्तविक नाम यशार्थ गुप्ता व जन्मतिथि 18.07.2015 संशोधित समझा जाय। दीपक कुमार पुत्र श्री मैकूलाल निवासी 675/B परियावा हाउस मॉडर्न टाउन सिविल लाइन्स रायबरेली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में कार्तिक गुप्ता तथा जन्म तिथि 23.11.2018 था। अब पॉलिसी सं 228377531 व शैक्षिकअभिलेख में वास्तविक नाम गर्वित गुप्ता व जन्मतिथि 23.11.2019 संशोधित समझा जाय। दीपक कुमार पुत्र श्री मैकूलाल निवासी 675/B परियावा हाउस मॉडर्न टाउन सिविल लाइन्स रायबरेली।

# नये साल पर बदला रहेगा हजरतगंज इलाके के आसपास का ट्रैफिक

● 31 दिसंबर से लागू हो जायेगा डायवर्जन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में नए साल को लेकर हजरतगंज व आसपास के इलाके में यातायात परिवर्तित रहेगा। यह बदलाव 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से एक जनवरी तक लागू रहेगा। इमेरजेंसी की स्थिति में एंबुलेंस, शव वाहन, फायर ब्रिगेड और स्कूली वाहनों को पुलिस निकलवाएगी। इसके लिए लोग ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।



महानगर, गोमतीनगर और राणा प्रताप मार्ग की ओर से आने वाला यातायात सिकंदरबाग चौराहे से सहारागंज मॉल व चिरैयाझील तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात सप्रू मार्ग तिराहे से दाएं डनलप तिराहे से दाएं सहारागंज तिराहा होते हुए सहारागंज मॉल पार्किंग तक जा सकेगा। सहारागंज तिराहे से कोई भी यातायात डनलप तिराहे, पुलिस आयुक्त आवास, सप्रू मार्ग तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह सिकंदरबाग चौराहे से दाएं मुड़कर सप्रू मार्ग होकर जा सकेगा। डनलप तिराहे, पुलिस आयुक्त आवास से कोई भी यातायात सेंट फ्रांसिस, बैंक ऑफ इंडिया, अल्का तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा।

यह सहारागंज, सप्रू मार्ग होकर को जा सकेगा। हजरतगंज चौराहे से कोई भी यातायात अल्का तिराहा या मेफेयर तिराहा होते हुए परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह यातायात सप्रू मार्ग तिराहे से बाएं डनलप तिराहा, सहारागंज तिराहा से बाएं चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका होकर जा सकेगा। इसके अलावा मल्टीलेबल पार्किंग, हजरतगंज जाने वाले वाहन मल्टीलेबल पार्किंग इन गेट से मल्टीलेबल पार्किंग तक ही जा सकेंगे।

**चारबाग से परिवर्तन चौक में हुआ ये**

**बदलाव:** चारबाग से हजरतगंज चौराहा होते हुए परिवर्तन चौक की तरफ यातायात नहीं जा सकेगा। यह यातायात हुसैनगंज चौराहे से बाएं ओडियन सिनेमा कैसरबाग होकर जा सकेगा। अलीगंज या महानगर व कैसरबाग से परिवर्तन चौक होकर आने वाला कोई भी यातायात हिन्दी संस्थान तिराहे के आगे मेफेयर तिराहे, हजरतगंज चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात स्टेडियम तिराहे से बाएं मुड़कर चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका, सिकंदरबाग या परिवर्तन चौक, सफेद बारादरी से कैसरबाग के रास्ते जा सकेगा। लालबाग की ओर से बाल्मिकी तिराहे की ओर आने वाले वाहन बाल्मिकी तिराहे से दाएं नहीं जा सकेंगे। ये बाल्मिकी तिराहे से बाएं डीएम आवास, प्रेस क्लब, परिवर्तत चौक की ओर जा सकेंगे। - नवल किशोर रोड, लीला टॉकिज तिराहे से कोई भी यातायात बैंक ऑफ इंडिया तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह आयकर भवन तिराहा, सेंट लॉरेन्स कॉलोनी होकर जा सकेगा। लालबाग चौराहे से कोई भी यातायात मेफेयर, अल्का तिराहे की ओर नहीं जाएगर। यह कैपिटल तिराहा होकर जा सकेगा। महानगर की तरफ से आने वाली रोडवेज, सिटी बसें सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगी। ये बसें संकल्प वाटिका तिराहे से बैकुंठ धाम तिराहा, गंधी सेतु (1090) चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा होकर जाएंगी।

अयोध्या रोड की तरफ से कैसरबाग बस अड्डा आने-जाने वाली बसें सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगी। ये पीएनटी (बालू अड्डा) तिराहे से दाएं, बैकुंठ धाम तिराहा से बाएं, संकल्प वाटिका ओवर ब्रिज, लक्ष्मण मेला बंधा चिरैयाझील चौराहे से दाएं, मोतीमहल तिराहे से बाएं केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहे से दाएं, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, क्लार्क अवध तिराहा, सीडीआरआई तिराहा होकर जा सकेंगी।

## दो मोटर साईकिल चोरी

लखनऊ। सरोजनी नगर में बीते दिनों दो अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने दो मोटरसाइकिलें चोरी कर लीं। पहली घटना अमौसी के गीता आश्रम, गंगा नगर की है। यहां रहने वाली प्रियंका त्रिवेदी के मुताबिक उनकी पल्सर बाइक संख्या (यूपी 32 केके 6282) 23 दिसंबर को दोपहर करीब 1:30 बजे घर के बाहर खड़ी थी। दोपहर 3:30 बजे बाहर आने पर बाइक मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

"ई–निविदा सूचना सं० : DYCE-CON-LJN-PMS-07-2025 जिसकी टेण्डर क्लोजिंग दिनांक: 30.12.2025 को 11:00 बजे थी, वह अब दिनांक 05.01.2026 को 11:00 बजे होगी साथ ही Reply of 1st Pre Bid Meeting एवं Corrected EPC Document को भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस सूचना का शुद्धिपत्र http://ireps.gov.in वेबसाइट पर भी लोड कर दिया गया है।"

उप मुख्य इन्जीनियर/ निर्माण–1/ लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू – 392

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# म्यूजिक, मस्ती संग आज आधी रात को होगा नये साल का स्वागत

## राजधानी के होटलों और क्लबों में डीजे और लजीज व्यंजनों के साथ मनेगा नये साल का जश्न, सभी तैयारियां पूरी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर साल नए साल का जश्न और पिछले साल की विदाई लोग धूमधाम से करते हैं। देश व प्रदेश के अलग-अलग कोने में 31 दिसंबर और एक जनवरी की रात लोग धूम धड़ाके के साथ मनाते हैं।

आधी रात तक पार्टी, नाच-गाना, म्यूजिक मस्ती, डीजे नाइट को फुल इंजॉय कर लोग नए साल का स्वागत करेंगे। नए साल का जश्न मनाने के लिए नवाबों का शहर पूरी तरह से तैयार है। जोश, उमंग और उत्साह के साथ पुराने साल को अलविदा और नए वर्ष 2026 के भव्य स्वागत के लिए हर कोई इंतजार में है। लोगों को लुभाने के लिए शहर के फाइव स्टार से लेकर दूसरे छोटे-बड़े होटलों, क्लबों, बॉर और रेस्टोरेंट, मॉल्स में ऑफरों की धूम है। होटलों, बॉर में अनलिमिटेड ड्रिंक्स के साथ कई तरह के लजीज व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। लाइटों, झालरों व तरह-तरह की सजावट से सज चुके प्रतिष्ठानों में इन ऑफरों का लाभ पाकर लोग खुद को झूमने से रोक नहीं सकेंगे।

**केक की मांग ज्यादा:** नए साल का स्वागत लोग केक काटकर करते हैं। फैमली मेंबर्स और दोस्तों के साथ मिलकर केक काटते हैं और जमकर सेलिब्रेशन करते हैं। 31 दिसंबर और 01 जनवरी को केक की भारी डिमांड होती है। वैसे जरूरी नहीं है कि केक दुकान से ही खरीदा जाए। कई लोग खुद घरों में केक बनाते हैं।

**टेडी वियर, डायरियां, एलबम मोह रहे मन:** लव ऑफ गिटार, न्यू ईयर सिंसिंग, टेडी वियर काड्र्स और वगैरह-वगैरह। साल 2026 के स्वागत जहां घरों में तैयारियों हो रही हैं। वहीं बाजारों में भी सजे आइटम मन लुभा रहे। शहर के बाजार नए साल को लेकर तैयार है। नए लुक ग्रीटिंग्स, कलेण्डर, डायरी मन लुभा रहे हैं।

पेन की कई वैरॉयटियां बाजारों में मौजूद हैं। छोटे ग्रीटिंग्स 20 रुपए से शुरू होकर 500 रुपए तक हैं। दुकानदार दीपक कहते हैं घण्टी वाला ग्रीटिंग युवा पंसद कर रहे हैं।

**मॉल्स में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर:** फीनिक्स मॉल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन ने बताया कि फीनिक्स यूनाइटेड आलमबाग और फीनिक्स पलासियो में हम अपने ग्राहकों को एंड ऑफ सीजन सेल में ग्राहकों को 60 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

लुलु मॉल की मार्केटिंग हेड श्वेता सिंह ने बताया कि पांच से आठ जनवरी तक 50 फीसदी ऑफर रहेगा। इसके अलावा गोमती नगर और हजरतगंज के कई बॉरए होटल और रेस्टोरेंट में भी ऑफरों के साथ ग्राहकों को ड्रिंक और भोजन की व्यवस्था की गई है। एक से दो दिन के बॉर के लाइसेंस लिए गए हैं।

### डीजे संग होगा नये साल का स्वागत

गोमती नगर के ही रेनेसां होटल दो दिन ऑफर रहेगा। रूफ टॉप बॉर डीजे नाइट फूड एंड ड्रिंक 12 हजार प्लस टैक्स पर कपल है। रेस्टोरेंट में तीन हजार प्लस टैक्स पर पर्सन फूड एंड सॉफ्ट बेवरेज मिलेगा। पार्टी एट रेन गार्डेन 10 हजार प्लस टैक्स पर कपल है। क्लार्क अवध के सेल्स मैनेजर पीएल गुप्ता ने बताया कि होटल डीजे नाइट, बफेट 59 सौ प्लस जीएसटी पर कपल रहेगा। वहीं, होटल हिल्टन गार्डन इन के एफएंडबी हेड अजय प्रताप सिंह ने बताया कि होटल अपने मेहमानों को भिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए लाइव डीजे पर झूमने का अवसर दे रहा है। 31 दिसंबर शाम 7:30 बजे से होटल में नए साल का जश्न शुरू हो जाएगा। फैजाबाद रोड स्थित गोल्डम ब्लॉसम के मालिक उमेश आहूजा ने बताया कि रेस्टोरेंट इम्पीरियल ग्रिल व यू टर्न बॉर में 31 व एक जनवरी को बिल पर 15 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। गोमती नगर के हैनीमैन चौराहे के पास मेट्रोपोलिटन होटल के एमडी सृजल गुप्ता ने बताया कि इस बार न्यू ईयर थीम पर युवाओं के साथ ही फैमिली डिनर की व्यवस्था में कई तरह के उपहार लोगों को छोटे इवेंट के साथ मौके पर प्रदान किए जाएंगे।

### न्यू ईयर की तैयारी में सज गयीं फूलों की दुकानें



**लखनऊ।** नए साल के जश्न के लिए फूल वालों ने भी पूरी तैयारी कर ली है। नये साल पर जिस तरह बधाई देने के लिए तरह-तरह के गिफ्ट दिये जाते है उसी तरह फूलों का गुलदस्ता देने का चलन जोरों पर है, जिसे देखते हुए फूल वालों ने 50 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के गुलदस्ते तैयार किये हैं। इंदिरानगर के भूतनाथ बाजार के फूल व्यवसाई राजेश ने बताया कि इस बार भी हमने गुलाब के फूलों संग कई तरह के फूलों को मंगवाया है और कीमत के हिसाब से अलग-अलग तरह की वैरायटी तैयार की है।

**गिफ्ट आइटम से सज गए बाजार:** गुजरे साल को अलविदा और नये साल का गर्मजोशी के साथ स्वागत की तैयारी में शहरवासी जुट गये हैं। पहली जनवरी को काफी लोग एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। वैसे आज सोशल मीडिया के चलते ग्रिटिंग्स देने की परंपरा तो कम हुई है, लेकिन बच्चे आज भी गिफ्ट में ग्रिटिंग्स कार्ड देते हैं। वैसे तो नये वर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉट भी सज रहे हैं। बाजार भी गिफ्ट आइटम से सज गए हैं। नये साल को सेलिब्रेट करने की तैयारी भी अंतिम चरण में है। इसको लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। एक-दूसरों को उपहार देने के लिए युवाओं ने खरीदारी करनी शुरू कर दी है। नए साल के जश्न मनाने की योजनाएं बन गई है।

### नववर्ष : लाइटों, झालरों व तरह-तरह की सजावट से सजे प्रतिष्ठान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** नए साल का जश्न मनाने के लिए नवाबों का शहर पूरी तरह से तैयार है। जोश, उमंग और उत्साह के साथ पुराने साल को अलविदा और नए वर्ष 2026 के भव्य स्वागत के लिए हर कोई इंतजार में है। लोगों को लुभाने के लिए शहर के फाइव स्टार से लेकर दूसरे छोटे-बड़े होटलों, क्लबों, बॉर और रेस्टोरेंट, मॉल्स में ऑफरों की धूम है। होटलों, बॉर में अनलिमिटेड ड्रिंक्स के साथ कई तरह के लजीज व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। लाइटों, झालरों व तरह-तरह की सजावट से सज चुके प्रतिष्ठानों में इन ऑफरों का लाभ पाकर लोग खुद को झूमने से रोक नहीं सकेंगे।

**लजीज व्यंजनों संग सूफियाना गजल का लगेगा तड़का:** गोमती नगर के ताज के मैनेजर ने बताया कि होटल में दो तरह के बुफे ऑफर हैं। साहिब रेस्टोरेंट में प्रति व्यक्ति इंडियन, चाइनीज चार हजार रुपए व कर अतिरिक्त रहेगा। लाइव बैंड रहेगा। अवधियाना में सूफियाना गजल में अवधी व्यंजन पांच हजार प्लस टैक्स में नॉनवेज मिलेगा। बार में डीजे के साथ प्रति व्यक्ति इंडियन लिकर चार हजार रुपए प्लस 18 फीसदी टैक्स पर आनंद ले सकेंगे। फाइव स्टॉर में शुमार हो चुके अंसल सिटी स्थित द सेंट्रम होटल के मालिक ने बताया कि 31 दिसंबर के लिए तीन बार, दो रेस्टोरेंट लाइव म्यूजिक, डीजे पर तैयार हैं। यहां पर प्रति कपल 5500 से सात हजार रुपए तक टेबल बुक कर सकते हैं। करीब पांच सौ लोगों की क्षमता है। गोमती नगर के ही रेनेसां होटल दो दिन ऑफर रहेगा। रूफ टॉप बॉर डीजे नाइट फूड एंड ड्रिंक 12 हजार प्लस टैक्स पर कपल है। रेस्टोरेंट में तीन हजार प्लस टैक्स पर पर्सन फूड एंड सॉफ्ट बेवरेज मिलेगा। पार्टी एट रेन गार्डेन 10 हजार प्लस टैक्स पर कपल है। इसी में इंडियन आइडियल से सिंगर रूपम भरनारिया लोगों को अपने गानों से नाचने पर मजबूर कर देंगी। क्लार्क अवध के सेल्स मैनेजर ने बताया कि होटल डीजे नाइट, बफेट 59 सौ प्लस जीएसटी पर कपल रहेगा। वहीं, होटल हिल्टन गार्डन इन के एफएंडबी हेड अजय प्रताप सिंह ने बताया कि होटल अपने मेहमानों को भिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए लाइव डीजे पर झूमने का अवसर दे रहा है। 31 दिसंबर शाम 7:30 बजे से होटल में नए साल का जश्न शुरू हो जाएगा। फैजाबाद रोड स्थित गोल्डम ब्लॉसम के मालिक उमेश आहूजा ने बताया कि रेस्टोरेंट इम्पीरियल ग्रिल व यू टर्न बॉर में 31 व एक जनवरी को बिल पर 15 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। गोमती नगर के हैनीमैन चौराहे के पास मेट्रोपोलिटन होटल के एमडी सृजल गुप्ता ने बताया कि इस बार न्यू ईयर थीम पर युवाओं के साथ ही फैमिली डिनर की व्यवस्था में कई तरह के उपहार लोगों को छोटे इवेंट के साथ मौके पर प्रदान किए जाएंगे।

फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर ने बताया कि फीनिक्स यूनाइटेड आलमबाग और फीनिक्स पलासियो में हम अपने ग्राहकों को एंड ऑफ सीजन सेल में ग्राहकों को 60 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। लुलु मॉल की मार्केटिंग हेड श्वेता सिंह ने बताया कि पांच से आठ जनवरी तक 50 फीसदी ऑफर रहेगा। इसके अलावा गोमती नगर और हजरतगंज के कई बॉर, होटल और रेस्टोरेंट में भी ऑफरों के साथ ग्राहकों को ड्रिंक और भोजन की व्यवस्था की गई है। एक से दो दिन के बॉर के लाइसेंस लिए गए हैं।



# अटल जी अप्रतिम व्यक्तित्व के धनी थे : डॉ. सुधाकर अदीब

- उप्र हिन्दी संस्थान के 49वें स्थापना दिवस पर भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में समारोह आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा संस्थान के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में मंगलवार 30 दिसम्बर, 2025 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ0 गीता शुक्ला द्वारा प्रस्तुत की गयी। अतिथि डॉ. विद्या विन्दु सिंह, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह एवं विनय श्रीवास्तव का स्वागत उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ. विद्या विन्दु सिंह ने कहा- भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी का स्वभाव काफी सरल व सौम्य था। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी को जानने के लिए उनके ग्रंथों का अध्ययन करने की आवश्यकता है। ठाकुर प्रसाद सिंह का व्यक्तित्व काफी सरल व मिलनसार था। रमाकान्त श्रीवास्तव ने हाइकू साहित्य भी लिखा है। जीवन का संघर्ष हमें यह बताता है कि हमने उससे क्या सीखा। डॉ. सुधाकर अदीब ने कहा अटल जी श्रेष्ठ कवि, महान राजनेता व साहित्य के अप्रतिम व्यक्तित्व के धनी थे। भारत रत्न अटल बिहारी जी में अद्भुत भाषण कला थी। उनमें विचारों के प्रस्तुतिकरण की अद्भुत क्षमता थी। उनके भाषणों में कभी कड़ुवाहट नहीं दिखायी पड़ी। कड़ी दुपहरी में अंधियारा... आओ फिर से दिया जलायें कविताएँ काफी चर्चित रहीं। वे कुशल कवि व राजनीतिज्ञ थे। वे प्रकांड विद्वान, महान राजनीतिज्ञ थे। वे साहित्यिक रुचि के धनी थे। मंचीय कवियों में उनकी गणना महत्वपूर्ण थी। उनकी परिचय कविता काफी प्रचलित रही है। हिन्दू तन मन हिन्द जीवन जोश पूर्ण कविता सुनकर श्रोता झूम जाते हैं। उनकी याद करें कविता राष्ट्रीयता से परिपूर्ण है। आओ मन की गांठें खोलें कविता काफी चर्चित रही है। अटल जी का मानना था कि भारत एक भूखण्ड नहीं बल्कि यह एक राष्ट्र पुरुष है।

डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा ठाकुर प्रसाद सिंह का जीवन सरल व विराट था। उनके साहित्य में लोक था। उनको गढ़वाली भाषा का भी ज्ञान था। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की साहित्यिक यात्रा काफी लम्बी थी। ठाकुर प्रसाद सिंह का व्यक्तित्व काफी जुझारू था। ठाकुर प्रसाद सिंह के लेखन व भाषा शैली में बनारस परिलक्षित होता है। ठाकुर प्रसाद सिंह ने अपने स्वाभिमान के साथ कभी समझौता नहीं किया। विनय श्रीवास्तव ने कहा रमाकांत श्रीवास्तव सम्पादक व साहित्यानुरागी थे। उनके जीवन के कई पहलू थे। उन्होंने श्रम को अपनी पूजा माना। वे प्रवृत्ति से कवि व साहित्यकार थे। उनकी गणना विशिष्ट सम्पादकों में की जाती है। उन्होंने संपादक की गरिमा व प्रतिष्ठा को कभी गिरने नहीं दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से प्रकाशित पत्रिकाओं का सफलतापूर्वक संपादन कार्य किया। उन्होंने अपने कार्यों से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी थी। उनका पूरा जीवन संपादन कार्य व साहित्य रचना में पूर्णतया समर्पित था। इस अवसर पर हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत बाणभट्ट की आत्मकथा के अंश का पाठ सुश्री अर्चना एवं सुशील द्वारा प्रस्तुत किया गया। ठाकुर प्रसाद सिंह, रमाकान्त श्रीवास्वत एवं अटल बिहारी बाजपेयी की कविताओं का पाठ सुश्री रत्नमाला एवं सुश्री निर्मला कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उप्र. हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

# 'अरे शरीफ लोग' के किरदारों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अग्रसर सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था व दृश्यमान संस्थान की नाट्य प्रस्तुति अरे...शरीफ लोग का मंचन बौद्ध संस्थान में किया गया। नाटक लेखन जयंत दलवी व निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया।

जिन्दगी जिन्दादिली का नाम है मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते है। लेकिन जिन्दादिली कब दिल्लगी बन जाये और दिल्लगी कब फेंकदिली कहा नहीं जा सकता, खास तौर पर अगर ये काम शरीफ लोग करें। वैसे भी हमारे समाज में भारीफ लोगों की एक परिभाशा नियत है कि वो भादी गुदा बाल-बच्चों वाला 10 से 5 नौकरी करने वाला व्यक्ति होता है, सीधी नजरे करके चलने वाला, उससे ऐसी उम्मीद की जाती है कि वो दाएं से बाए नही देखगा। लेकिन थोड़ी बहुत दिल्लगी की छूट तो सबको है बातें वो दिलफेंकी न बन जाये, भई अंग्रेजी में भी तो कहावत है मैन विल बी मैन अगर हिन्दी में तजुर्मा करें तो बंदर कितना भी बूढ़ा हो जाये गुलाठी मारना नही छोड़ता। ऐसे ही हमारे नाटक की कहानी भी है, इस शरीफ अपार्टमेंट की जिसके ग्राउंड फ्लोर पर चंदा नाम की एक हसीना रहने आती है और खलबली मच जाती है पहले और दूसरे फ्लोर पर रहने वाले भारीफ लोगों में, जिसमें सचिवालय के हेड बाबू अनोखेलाल जी, पोस्ट मास्टर पंडित जी, आयुर्वेद के डॉक्टर घटक और प्राइमरी स्कूल के मास्टर बिहारीलाल है, जोकि सभी है तो भारीफ बाल-बच्चों वाले लेकिन दिल्लगी की छूट तो है ही, बस दिनभर ऊपर बालकनी से किसी न किसी बहाने चंदा का दीदार होता है और इनकी हरकतों से इनकी बीबियां बेहाल होती है, हर रोज चारों घर में इसी कारण बवाल होता रहता है। और इस दिल्लगी और बवाल में घी का काम करता है अनोखेलाल का लड़का गोपी। नाटक में अहम भूमिका समरी बागची, अजय कुमार, माही, अभिषेक कुमार सिंह, अनामिका सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, संतोषी, पीयूष पाण्डेय, मौसमी गुप्ता आदि ने निभायी।

# दादी-नानी की कहानी में सूझबूझ से मिला न्याय

## लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से जीतेश ने सुनाई प्रेरक कथा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खेल-खेल में शिक्षा का संदेश देने वाली दादी नानी की कहानी श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को बच्चों को सूझबूझ और साहस से भरपूर कथा सुनाई गई। यह आयोजन अलीगंज के बेलीगारद स्थित अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र फाइण्डिंग एम निःशुल्क पाठशाला में लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला के 76वें कार्यक्रम के रूप में सम्पन्न हुआ। कथा का रोचक और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण प्रसिद्ध स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बच्चों के लिए आयोजित मनोरंजक खेलों से हुआ। इसके बाद जीतेश श्रीवास्तव ने गाँव की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी प्रस्तुत की जिसमें कर्ज.में डूबे किसान की बेटी खुशी अपनी सूझबूझ से जमींदार की साज़िश को नाकाम कर देती है। जमींदार ने कर्ज.माफ करने के बदले विवाह का प्रस्ताव रखा जिसे पंचायत में किस्मत के आधार पर तय करने की बात कही गई।

धोखे से थैले में दो काले पत्थर रखे गए किंतु खुशी ने चतुराई से निर्णय को अपने पक्ष में मोड़ दिया। पंचायत ने उसके विवेकपूर्ण समाधान को स्वीकार किया जिससे किसान का कर्ज.माफ हुआ और बेटी को जबरन विवाह से मुक्ति मिली। कथा ने बच्चों को साहस, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के व्यवस्थापक सोमेन्द्र सिंह बिष्ट, सचिन तिवारी, दीपक जैन एवं राम वर्मा ने कथा प्रस्तोता दल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के संरक्षक राज वर्मा, सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शम्भू शरण वर्मा, लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता, राजेश जायसवाल, स्तुति सिंघल, प्रियम चंद्रा तथा डॉ. एस.के.गोपाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आकाशवाणी एफएम पर मचेगा नये साल का धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नए साल के जश्न की आकाशवाणी लखनऊ में विशेष तैयारी है। आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडे ने बताया कि 31 दिसंबर को, 100.7 एफएम रेनबो पर सवा दो घण्टे रात 10 से एक जनवरी रात 12 बजकर 15 मिनट तक बेहतरीन गीत-संगीत किस्से-कहानी और नाटकों के साथ नए साल का स्वागत किया जाएगा। इस विशेष प्रसारण धमाल दो हजार पच्चीस छब्बीस के दौरान एफएम के लोकप्रिय आरजे और कार्यक्रम प्रसारण से जुड़े लोग श्रोताओं के साथ फोन कॉल के द्वारा खुशियाँ और अनुभव भी साझा करेंगे।



श्रीमती पांडे ने बताया कि आकाशवाणी लोक प्रसारक के तौर पर निरंतर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह कर रहा है। आकाशवाणी से शैक्षिक, मनोरंजन और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का प्रसारण सामाजिक दायित्वों को ध्यान में रखते हुए देशकाल के अनुकूल किया जाता रहता है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण अंचल तक जानकारियां पहुंचना हो या महिला और बाल कार्यक्रमों के माध्यम से मर्म स्पर्शी विषयों को साझा करना अथवा विशेषज्ञों और समाचारों के माध्यम से श्रोताओं को अद्यतन स्थिति से अवगत करना, आकाशवाणी पूरी प्रामाणिकता के साथ इस काम में लगा हुआ है।

# शास्त्रीय सुरों से किया नये वर्ष का स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संगीत भवन अकादमी द्वारा मंगलवार को गोमतीनगर के विवेक खंड स्थित संगीत भवन में शास्त्रीय संगीत के माध्यम से वर्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नयी पीढ़ी के कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से पुरातन की विदाई और नवागत का स्वागत कर श्रोताओं को भावविभोर किया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ सौम्या गोयल की गणपति वंदना से हुआ। एकल प्रस्तुतियों में अविका गांगुली व अथर्व श्रीवास्तव ने गायन, मीहिका गांगुली ने सितार तथा अर्चित अग्रवाल ने तबला वादन प्रस्तुत किया। समूह प्रस्तुति में अव्युक्ता श्रीवास्तव, आद्रिका मिश्रा, कर्णिका सिंह, सौम्या गोयल, अविका गांगुली, अथर्व श्रीवास्तव व मीहिका गांगुली ने सामूहिक रूप से अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि रुद्रेन्द्र बसक ने कहा कि शास्त्रीय संगीत के माध्यम से नयी पीढ़ी का अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ना उत्साहवर्धक है। विशिष्ट अतिथियों में उस्ताद शेख इब्राहिम, स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव, डॉ.एस.के.गोपाल तथा रत्ना व आनन्द अस्थाना उपस्थित रहे। संचालन स्मिता पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर संगीत गुरु गायत्री कमल डेविड, तुषार क्रान्ति भट्टाचार्य, निवेदिता भट्टाचार्य, सुमन मिश्रा, शिखा गांगुली सहित संगीतप्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# आर्थिक संबंधों का विस्तार

भारत अपने आर्थिक संबंधों का लगातार विस्तार कर रहा है। नये-नये ट्रेड डील हो रहे हैं, निर्यात प्रोत्साहन और गुणवत्ता सुधार के साथ उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाने की प्रक्रिया जिस गति से चल रही है, उसके कारण अमरीकी टैरिफ से निपटने में मदद भी मिली है और भारत की आर्थिक प्रगति की रफ्तार भी ऊंची बनी हुई है। हालांकि इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि भारत को अमरीका की जरूरत नहीं है। बेशक अमरीका हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजार है और एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था के लिए यह बेहद जरूरी है कि अमरीका के साथ उसके आर्थिक रिश्ते सामान्य या बेहतर बने रहें। लेकिन जिस तरह अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप सनक भरे फैसले कर रहे हैं, उसके मद्देनजर अमरीका से संबंधों को जारी रखना बहुत कठिन है। ट्रंप का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अस्थिर है। ऐसे में भारत जिस तरह से अपने कारोबारी संबंधों का विस्तार अन्य देशों के साथ कर रहा है उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला है। ट्रंप के भारत विरोधी रवैये के कारण 2025 चुनौती भरा रहा, लेकिन इस चुनौती के बीच भी भारत की आर्थिक प्रगति ऊंची बनी हुई है और 2026 में व्यापार के नये रास्ते खुलने की उम्मीद भी है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत का टैरिफ मुक्त व्यापार 1 जनवरी 2026 से शुरू हो जायेगा। इसी तरह यूके के साथ हुई ट्रेड




डील भी इस साल लागू हो सकती है। अब अगर अमरीका और यूरोप के साथ भी बात बन जाती है, तो 2026 में भारत का निर्यात एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर सकता है और यह भारत की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दुनिया में बड़ी आर्थिक ताकत बनने के लिए यह जरूरी है कि भारत का निर्यात व्यापार तेजी से आगे बढ़े और वैश्विक वस्तु व्यापार में भारत को जो प्रतिवर्ष लगभग ढाई सौ अरब डॉलर का नुकसान है उसकी भरपाई हो। देश को निर्यात-आयात में व्यापार संतुलन बनाये रखने के साथ ही कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को भी हासिल करना है। क्योंकि पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात का लक्ष्य भी रखा गया है। इसलिए भारत को निर्यात बढ़ाना होगा। ट्रंप टैरिफ के कारण देश के सामने जो चुनौती पेश आयी है उस पर अटकने के बजाय भारत को अमरीका के साथ अपने कारोबारी बाधाओं को दूर करने का प्रयास जारी रखते हुए चीन और आसियान देशों पर फोकस बढ़ाना होगा। चीन के साथ व्यापार में भारत को बड़ा डेफिसिट है। इसे कम करने के लिए यह जरूरी है कि भारतीय उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाया जाये। केंद्र सरकार को नीति आयोग की सलाह पर ध्यान देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर भारत के नीतिगत विचार में क्या कमियां हैं और इस मामले में क्या करने की आवश्यकता है, इस पर नीति अयोग के सीईओ ने व्यापक प्रकाश डाला है। इसमें भारत को चीन सहित एशिया पर करीबी नजर रखने के साथ ही पड़ोसियों के साथ मजबूत कारोबारी रिश्ते कायम करने की बात कही गयी है। साफ कहें तो व्यापक तौर पर पड़ोसी देशों के साथ भारत की व्यापार व्यवस्थाएं भूराजनीतिक हालात पर निर्भर करती हैं जो अक्सर प्रतिकूल ही रहते हैं। बहरहाल, भारत शेष एशिया के साथ जुड़ाव स्थापित कर सकता है जो आने वाले वर्षों में वैश्विक वृद्धि का अधिक महत्वपूर्ण वाहक सिद्ध होगा। लेकिन चीन की मौजूदगी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के साथ हुए अपने व्यापार समझौते के परिणामों के कारण भारत अब तक अनिच्छुक बना हुआ है। चीन की अनदेखी करना अब संभव नहीं है। आखिर वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था में खुलापन नहीं लाने की बुनियादी वजह प्रतिस्पर्धी क्षमता की कमी है। यह कमी भी हमारी व्यापार नीति का ही परिणाम है। इसलिए देश औद्योगिक क्षमता में सुधार के साथ बेहतर गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी क्षमता भी हासिल करनी होगी, तभी बात बनेगी।

### विचार

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

# सुप्रीम कोर्ट ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल



लोकमित्र

**अरावली में यदि कोर्ट बिना स्पष्टता के आगे बढ़ता तो आशंका थी कि संरक्षण के न्याय पर अन्याय होता और कहीं विकास के नाम पर विनाश। इसलिए कोर्ट ने इस पूरे मामले की पुनः समीक्षा करने के लिए अपनी सुनवाई आदेशों पर रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय की यह कार्यवाई, उसकी परिपक्वता और बिना किसी अहम को आड़े आने देते हुए न्याय के लचीलेपन को बरकरार रखने की हिम्मत का जीवंत प्रमाण है।**

हाल के अपने एक फैसले और उच्च न्यायालय के एक अन्य फैसले को गुजरी 29 दिसंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अगली सुनवाई तक स्थगित करना कोई विरोधाभास नहीं बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की परिपक्वता का प्रमाण है। सुप्रीम कोर्ट के संदर्भ में ये दो बिल्कुल अलग फैसले, जिनमें से एक का संबंध उन्नाव बलात्कार मामले में जेल में बंद कुलदीप सिंह सेंगर से और दूसरे का संबंध अरावली पर्वतमालाओं से है, साफ पता चलता है कि सर्वोच्च न्यायालय, न्याय प्रक्रिया में जीवंत हस्तक्षेप करता है। कुलदीप सेंगर के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'न्यायपालिका कोई ईश्वरीय संस्था नहीं बल्कि मानवीय विवेक पर टिकी व्यवस्था है, इसलिए गलती किसी से भी हो सकती है।' गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर 2025 को उन्नाव रैप केस में आरोपी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत दे दी थी। मगर 29 दिसंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए दोनो पक्षों की करीब 40 मिनट तक दलीलें सुनी।



इसके बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'कोर्ट को लगता है कि मामले में अहम सवालों पर विस्तार से विचार करना जरूरी है। आमतौर पर कोर्ट का सिद्धांत है कि किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो बिना उसे सुनें ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगायी जाती। लेकिन इस मामले में परिस्थितियां अलग हैं, क्योंकि आरोपी दूसरे मामले में पहले से दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश पर रोक लगायी जाती है।' इस मामले में चार हफ्ते बाद दोबारा सुनवाई होगी। सर्वोच्च अदालत ने सेंगर को नोटिस जारी करते हुए इस संबंध में जवाब मांगा है। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा संबंधी अपने ही एक आदेश पर रोक लगा दी है। अब इस मामले में विशेषज्ञों की कमेटी फिर से जांच करेगी। अरावली मामले में जिसे लेकर पिछले कई सप्ताह से देश के अलग-अलग हिस्सों में आंदोलन हो रहे थे, सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ह्यअरावली की परिभाषा को यदि 500 मीटर के दायरे तक सीमित किया जाता है, तो इससे संरक्षण क्षेत्र के सिमटने की संभावना है। कई ऐसे भू-भाग जो पारिस्थितिक रूप से अरावली का हिस्सा हैं, वे कानूनी संरक्षण से बाहर हो सकते हैं। इस तरह इस मामले को संरचनात्मक विरोधाभास के रूप में देखा जा रहा है। अतः इस मामले में भी अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी और तब तक के लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें और उन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियां फिलहाल स्थगित रहेंगी। लब्बोलुआब यह कि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक इन सिफारिशों को किसी भी तरह लागू नहीं किया जायेगा।

गौरतलब है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस संबंध में अदालत से कहा कि अदालत के आदेशों, सरकार की भूमिका और पूरी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की गलतफहमियां फैलायी जा रही हैं। गौरतलब है कि इस मामले में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था और समिति ने अपनी जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसे ही अदालत ने स्वीकार किया था। बहरहाल भारतीय संविधान में रिव्यू पिटीशन, क्यूरेटिव पिटीशन और बड़ी पीठों की व्यवस्था इसलिए ही की गई है कि अगर धोखे से भी किसी न्याय में कमी रह जाये, तो उसे समय रहते दुरुस्त किया जा सके। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह स्वीकार करना कि न्याय अंतिम सत्य नहीं बल्कि निरंतर खोज है, भारतीय विधि व्यवस्था की परिपक्वकता को दशार्ता है।

## अरावली मामला

जैसा कि हम सब जानते हैं कि कुलदीप सिंह सेंगर के मामले में लंबित एक आपराधिक मुकदमा, महज दूसरे सामान्य मुकदमों जैसा नहीं है बल्कि यह न्यायिक संवेदनशीलता की परीक्षा है। क्योंकि शुरूआती दौर में निचली अदालतों और स्थानीय प्रभावों के कारण पीड़िता को न्याय नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में जब मामला सर्वोच्च न्यायालय तक मामला पहुंचा, तो सर्वोच्च अदालत ने न केवल ट्रायल को दिल्ली ट्रांसफर किया बल्कि पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा के लिए तेज सुनवाई की व्यवस्था की। साथ ही इस संबंध में निष्पक्ष ट्रायल को प्राथमिकता दी गई। ऐसे में यह साफ है कि पहले सिस्टम से भले चूक हुई हो, पर सर्वोच्च न्यायालय ने उस चूक को अब न सिर्फ स्वीकार कर हस्तक्षेप किया है बल्कि जरूरी समय पर न्यायिक परिपक्वता का उदाहरण भी पेश किया है।

ठीक अरावली पर्वतमाला के संबंध में भी अदालत का यह फैसला पर्यावरणीय न्याय में गहरे आत्ममंथन के अनुरूप है। अरावली का मामला बिल्कुल अलग प्रकृति का है। क्योंकि यहां कोई एक आरोपी नहीं बल्कि पूरी विकास प्रणाली ही सवालों के घेरे में है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वत में खनन और विनाश को रोकने के लिए कड़े आदेश दिए। लेकिन बाद की समीक्षा से कोर्ट ने महसूस किया कि शायद उनके द्वारा दिये गये फैसले में 'वन' की कानूनी परिभाषा अस्पष्ट है। राज्य रिकॉर्ड और पर्यावरणीय वास्तविकता में विरोधाभास है। साथ ही आदेशों का अतिविस्तृत प्रयोग कानूनी अराजकता पैदा कर सकता है। अतः बिना किसी अहं को आड़े आने का मौका दिये सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ही आदेशों के क्रियान्वयन पर अस्थायी रोक लगा दी। हालांकि यह फैसले को पलटना नहीं बल्कि रि-ट्यूनिंग है। लेकिन इसे न्यायिक अस्थिरता नहीं कहा जा सकता। आलोचक भले कहें, ह्यअगर सुप्रीम कोर्ट अपने फैसलों पर रोक लगायेगा, तो कानून का भरोसा कैसे बचेगा? लेकिन असल में यह इतना श्याम-श्वेत मामला नहीं है। क्योंकि भरोसा फैसलों की जड़ता से नहीं बल्कि उनके न्यायपूर्ण होने से बनता है।

अरावली में यदि कोर्ट बिना स्पष्टता के आगे बढ़ता तो आशंका थी कि संरक्षण के न्याय पर अन्याय होता और कहीं विकास के नाम पर विनाश। इसलिए कोर्ट ने इस पूरे मामले की पुनः समीक्षा करने के लिए अपनी सुनवाई आदेशों पर रोक लगा दी है। इन दोनों मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की यह कार्यवाई, उसकी परिपक्वता और बिना किसी अहम को आड़े आने देते हुए न्याय के लचीलेपन को बरकरार रखने की हिम्मत का जीवंत प्रमाण है। अतः सुप्रीम कोर्ट के इन दोनो निणायों की अगली सुनवाई तक सरहाना और सम्मान किया जाना चाहिए। लोकतंत्र में सबसे खतरनाक संस्था वो होती है, जो कभी यह न माने कि वह गलत भी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट जब अपने ही निणायों की पुनर्समीक्षा करता है, तो वह स्वयं को संविधान से ऊपर नहीं बल्कि संविधान के दायरे में रखने की पुष्टि करता है। यह न्यायिक विनम्रता ही नहीं बल्कि यही न्याय की असली ताकत है।

### सोशल मीडिया

गवर्नमेंट प्रेस मैदान, प्रयागराज में आयोजित खेलो प्रयागराज महापौर कप 2025 में शामिल हो प्रतिभागी खिलाड़ियों से संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन किया। केशव प्रसाद मौर्य.



सैम पित्रोदा ने अनजाने में कांग्रेस का असली चेहरा सामने ला दिया। उन्होंने स्वीकार किया कांग्रेस ग्लोबल प्रोग्रेसिव एलायंस का हिस्सा है, सिलसिले में जर्मनी गये थे राहुल। सुधांशु त्रिवेदी.



जैसे चुनाव में मतदान प्रतिशत व परिणाम घोषित करने में देर होने से जनता को आशंका होती है, वैसे ही आशंका मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि टाले जाने से हो रही है। अखिलेश यादव.



# अवसर और चुनौतियां दोनों साथ-साथ रहीं




कॅरियर-2025

साल 2025 में भारत के नौकरी-बाजार में चुनौतियां और अवसर दोनो साथ साथ रहे। पारंपरिक आईटी सर्विस और बीएफएसआई/रिटेल टेलीकॉम आदि क्षेत्रों में मजबूत मांग रही। कई नये उभरते क्षेत्रों में जैसे एआई, ग्रीन एनर्जी/ईवी, बायोटेक/एग्रीटेक आदि में बड़े पैमाने पर रिक्तियां निकलीं तथा वैश्विक टेक संरचनात्मक कटौती और फाइनटेक/ई-कॉमर्स कंपनियों में रि-ऑर्गनाइजेशन के कारण काफी हद तक छंटनी देखी गई। बहरहाल जिन सेक्टर्स ने इस साल भरपूर नौकरियां पैदा कीं, वे कुछ इस प्रकार रहे-

1. आईटी और सॉफ्टवेयर सर्विसेज-क्लाउड, साइबर सिक्योरिटी, डेटा इंजीनियरिंग, एआई/एमएल आदि क्षेत्रों में इस साल सबसे ज्यादा प्रोफेशनल्स की मांग रही। कंपनियां मॉडल/प्रोडक्टाइजेशन, एसआरई और क्लाउड इंजीनियरिंग में लगातार भर्तियां कीं। इसी तरह बैंकिंग फाइनेंस इंश्योरेंस (बीएफएसआई)- डिजिटल बैंकिंग, पेमेंट्स-इंफ्रास्ट्रक्रर, रिटेल क्रेडिट क्षेत्र में भी हायरिंग बनी रही और रिटेल तथा कारपोरेट दोनो में लेन देन आधारित रोल्स के बीच मांग रही।

2. रिटेल, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक क्षेत्र में भी पोस्ट कोविड ग्राहकों की वापसी हुई। इसी के साथ स्टोर मैनेजमेंट, सप्लायी चेन और लॉजिस्टिक एवं अनलॉकिंग रिटेल में भी हायरिंग देखने को मिली।

3. हेल्थ केयर, फार्मा और बायोटेक- क्लीन रूम रेगुलेटरी और आरएंडडी रोल्स के साथ भर्ती का प्रवाह भी खूब देखा गया। खासकर रीजनल हेडकाउंट और क्लिनिकल स्टॉक।

4. यही सिलसिला ग्रीन एनर्जी/ईवी इको सिस्टम और मैन्यूफैक्चरिंग और ईवी चेन (बैटरी, पावर्ड इक्यूपमेंट) के कारण औद्योगिक भर्तियां बढ़ीं।

जबकि कई क्षेत्रों में इस साल आशंका से कहीं ज्यादा छंटनी और रि-स्ट्रक्चरिंग भी हुई। मसलन 2025 में वैश्विक टेक महाशक्ति समझी जाने वाली कंपनियों की रि-स्ट्रक्चरिंग और एआई स्टेज्टेजी के कारण बड़े पैमाने पर यहां छंटनी देखी गई। मुख्यतः ओवर हायरिंग, डुप्लीकेट टीम स्ट्रक्चर और एआई फोकस के लिए रिसॉर्स, रि-एलोकेशन के कारण भी बड़े पैमाने पर छंटनी देखने को मिली। इस कारण भारत में उच्च टीम लेबल रिकंडेंसी और हायरिंग फ्रीज भी देखने में आयी। विशेषकर ई-कॉमर्स और फिनटेक तथा अस्पष्ट रोल्स में। हालांकि ग्रॉस नियोजन भावना पूरे साल नकारात्मक रही। कई सेक्टरों ने सक्रिय हायरिंग की। जहां तक इस साल वेतन वृद्धि का सवाल है, तो 2025 के लिए अलग अलग सर्वे तथा एडवाइजरी रिपोर्टों का औसत 6 से 11 फीसदी के बीच रहा। पर फील्ड और स्किल-क्रिटिकल्टी के अनुसार 6 से 15 फीसदी तक रिपोर्ट की गई। कुछ प्रमुख कार्पोरेट सर्वे (डब्ल्यू टी डब्ल्यू/ ईवाई/टीम लीज/स्टॉफिंग इंडस्ट्री) 2025 के लिए 9 से 9.5 फीसदी रही। मेन रिफ्रेंस बिंदु यह रहा कि निचले टियर वाले औद्योगिक तथा छोटे उद्यमों में कम और हॉट स्किल्स (एआई, क्लाउड, साइबर) में ज्यादा वृद्धि देखने को मिली। संक्षेप में औसत राष्ट्रीय वेतन वृद्धि साल 2025 में 9 प्रतिशत के आसपास ही रही, पर रोल और इंडस्ट्री तथा लोकेशन के हिसाब से यह अलग अलग प्रतिशत में वृद्धि हुई।

जहां तक नौकरी रूझान के पीछे महत्वपूर्ण कारणों को संबंध है तो इस साल एआई और ऑटोमेशन व्यवसायों ने बड़े पैमाने पर एआई को अपनाया, जिससे कुछ नये रोल बने, कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो गईं। इसलिए कहा जाना चाहिए इस साल बड़े पैमाने पर स्किल्स शिफ्ट भी हुआ। सर्विस डिजिटलीकरण के तहत बीएफएसआई, रिटेल और हेल्थ में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने पिछले कई सालों के मुकाबले इस साल ज्यादा हायरिंग की। ग्रीन इनहैंसिव नीतियों और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) आदि क्षेत्रों में बढ़त देखी गई। साथ ही ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्रर के भी क्षेत्र में नौकरी के बेहतर अवसर देखने को मिले। अगर समग्रता में देखें तो इस साल-

1- कुल हायरिंग ट्रेंड शहरवार और कुछ क्षेत्र विशेष तक केंद्रित रहे।

2- सेक्टरवार रिक्तियां और प्रमुख हायरिंग रोल्स में टॉप स्किल्स की ज्यादा पूछ रही।

3- वेतन रेंज और औसत वेतन हाइक उद्योग तथा वरिष्ठता के अनुसार विभाजित रहे।

4- छंटनी रिऑर्ग रिपोर्ट अलग अलग सेक्टर तथा अलग अलग कंपनियों में अलग अलग स्तर पर रही। **नरेन्द्र कुमार.**

# आध्यात्मिक ज्ञान

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके गुरु, शिक्षक या किसी महापुरुष से मिली शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसी से जीवन के रास्ते तय होते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

# मेंढक बोले हमें भी तौलिए

व्यंग्यलोक

सभी मेंढकों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। कुछ सांपों और केकड़ों ने भी तराजू की मांग की। इधर कुछ मछलियां विजयी मुद्रा में अपने मास्क हटाने लगी। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। यह सब जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! फुदकते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे ट्विटर पर इतने टरार्ये कि ट्विटर खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई। मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी।



राम विलास जॉगिड़

## आप की बात

### आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा

देश में सबसे अधिक मदद की जरूरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को है। इनसे काम तो कई गुना लिया जाता है लेकिन इनके सुख-दुख और भविष्य का ख्याल कोई नहीं रखता है। इसलिए सरकार को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी संस्थान अपने लिए इस्तेमाल करते हैं। उनके श्रम का लाभ उठाते हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा आदि का कोई प्रबंध नहीं रहता है। सरकार अपने कर्मियों के लिए सारी सुविधाएं देती हैं। यही बात जब गरीब श्रमिकों को देनी की आती है, तो सबकी जेब तंग हो जाती है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया जागरूक



बहराइच । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण



बहराइच । अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा मंगलवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को बेहतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली गयी तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया साथ ही मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्ड रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पम्पसेट चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली पुलिस ने इलाके से चार दिन पूर्व किसान के खेत से चोरी हुए पम्पसेट के मामले का खुलासा कर दिया।मामले में पुलिस ने मंगलवार की भोर में टन्डौली रेलवे क्रासिंग के पास केवलापुर सम्पर्क मार्ग से दो लोगो को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दोनो की निशान देही पर आयशर कम्पनी के पम्पसेट को भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान केवलापुर टन्डौली गांव निवासी सूरज कुमार व प्रतीक कुमार पुत्रगण सुरेश कुमार के रूप में हुई,दोनो सगे भाई है।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक बीते 26दिसम्बर की रात्रि में केवलापुर गांव निवासी झिनकूराम पुत्रगण स्व0रामराज के खेत मे रखा इंजन को चोरों ने पार कर दिया था।मामले में झिनकूराम की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्जकर पुलिस तलाश में जुटी हुई थी।अभियुक्तों की गिरफ्तारी में एसआई राजकुमार यादव, एसआई आशुतोष गुप्ता व सिपाही रमेश कुमार आर्य की भूमिका रही।

## सोहावल विद्युत जमा केंद्र का निरीक्षण

अयोध्या। विद्युत विभाग का जहां इस समय बिल में ब्याज की धनराशि माफ करके मूल बिल जमा करने की स्कीम चल रही है और किसान अपने गड़बड़ बिल को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग का चक्कर लगा रहे हैं वहीं पर सोहावल विद्युत विभाग के कार्यालय पर कुर्सियां खाली हैं अधिकारी नदारत हैं कुछ दिन पूर्व मीडिया में चली खबर और शिकायत का संज्ञान लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत ने दौरा किया तो विभागीय कुर्सियां काली मिली उन्होंने विभागीय कार्रवाई का भरोसा दिलाया है विद्युत बिल जमा करने के लिए और उसे ठीक करने के लिए विद्युत जमा केंद्र सोहावल पर किसान और उपभोक्ता चक्कर लगा रहे हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों के कान पर जू नहीं रेंग रही है मामले को प्रमुख रूप से वहां के स्थानीय नागरिकों ने व्यापारियों आदि ने अधीक्षण अभियंता से शिकायत की थी जिस पर संज्ञान लेकर उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है ।

# नगर निगम करायेगा दो कुंडों का कायाकल्प

## 2.64 करोड़ रुपये की लागत से होगा दुर्गा कुंड का नवनिर्माण

- 3.34 करोड़ की लागत से होगा अमृत जलाशय सुख सागर का निर्माण

जिला संवाददाता



अयोध्या। नगर निगम छह करोड़ रुपये की लागत से नगर में दो प्रमुख तालाबों का कायाकल्प कराएगा। इस कार्यक्रम महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने समारोहपूर्वक शिलान्यास किया और चैपाल लगाकर जनसुनवाई की। प्रकाश, पेयजल समेत कई समस्याओं का समाधान किया। महापौर ने झलकारी बाई वार्ड स्थित अष्टभुजा देवी मंदिर कुशमाहा में 2.64 करोड़ रुपये की लागत से दुर्गा कुंड के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य छह माह में पूरा होना है। इस मौके पर पार्षद खुशीराम, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, रामकुमार, शोभाराम, त्रिभुवन, मनिंदर सिंह, गुड्डू यादव, अष्टभुजी मंदिर के महंत रोहित दास, योगेंद्र वर्मा पूर्व प्रधान, राजबक्स सिंह, राजकपूर सिंह, परशुराम पूर्व प्रधान, शक्ति केंद्र संयोजक अजय गौड़, सुनील सिंह, गजेंद्र यादव, गुड्डू सिंह, रवि तिवारी, युवा मोर्चा के सौरभ मिश्र, रामजी वर्मा, परशुराम भारती, राणा सिंह, श्याम बहादुर सिंह, लक्ष्मण वर्मा मौजूद रहे। लाला लाजपत राय वार्ड के बड़ा गद्दोपुर में अमृत-2 परियोजना के तहत अमृत जलाशय सुखसागर का शिलान्यास महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नारियल फोड़कर किया। उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। यह कार्य नौ माह में पूरा होना है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि सिल्ट हटाकर बांध का निर्माण, बाउंड्री वॉल, टो-वाल, दो घाट, पथ-वे, शौचालय, चेंजिंग रूम, पेयजल व्यवस्था, सेप्टिक टैंक, रिचार्ज पिट, स्ट्रीट लाइट, बेंच, उद्यान की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा भगवान शंकर की फौव्वारायुक्त प्रतिमा भी स्थापित होगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, पार्षद राम तीर्थ, रमाशंकर निषाद, अपर आयुक्त भारत भार्गव, सहायक अभियंता भारत वर्मा, अवर अभियंता अमित जायसवाल, टोनू सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, परशुराम यादव, अज्जू सिंह, दिलीप सिंह, ज्ञानबहादुर सिंह, राहुल सिंह, साधुराम यादव, परानू सिंह, अंकुर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूरज सिंह, अशोक सिंह, विशाल यादव आदि मौजूद रहे।

# सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बने अरविंद अकेला कालू व अभिनेत्री रानी चटर्जी

## निर्माता अभय सिन्हा, वितरक निशांत उज्जवल और पीआर ओ रंजन सिन्हा भी सम्मानित



अयोध्या। अयोध्या सिने अवार्ड 2025 का भव्य आयोजन इस वर्ष भी भोजपुरी सिनेमा के सितारों और सृजनकताओं के लिए यादगार साबित हुआ। समारोह में उत्कृष्ट अभिनय और रचनात्मक योगदान के लिए कई नामचीन कलाकारों व फिल्मकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का प्रतिष्ठित पुरस्कार अरविंद अकेला ह्वकल्लूह को मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में रानी चटर्जी को चुना गया। दोनों कलाकारों के नाम की घोषणा होते ही सभागार तालियों से गूंज उठा। इनके साथ ही भोजपुरी सिनेमा के सशक्त स्तंभ माने जाने वाले निमार्ता अभय सिन्हा, चर्चित वितरक निशांत उज्जवल और पीआर ओ रंजन सिन्हा को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रचनात्मक श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ कहानी का पुरस्कार रजनीश मिश्रा को प्रदान किया गया। संगीत और अभिनय के क्षेत्र में पवन सिंह ने दोहरी उपलब्धि हासिल कीकुउन्हें सर्वश्रेष्ठ गायक (पुरुष) के रूप में ह्वकौन ठगवा नगरियाह्व और सर्वश्रेष्ठ नायक के रूप में ह्वजबरंगीह्व के लिए सम्मान मिला। वहीं निरहुआ और अंजना सिंह को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवार्ड से नवाजा गया। डेब्यू कैटेगरी में फिल्म ह्वजय हो छठी मैयाह्व ने खास पहचान बनाई। डेब्यू डीओपी का पुरस्कार राहुल चैधरी, डेब्यू डायरेक्टर का चिराग जी, डेब्यू एक्टर के रूप में विष्णु मौर्य और अंजलि चैहान, तथा डेब्यू फिल्म का सम्मान विद्या मौर्या को मिला। कुल मिलाकर, अयोध्या सिने अवार्ड 2025 ने भोजपुरी सिनेमा की प्रतिभा, विविधता और निरंतर उन्नति को मंच प्रदान करते हुए उद्योग के भविष्य के प्रति आशा को और मजबूत किया।

## नेत्र परीक्षण शिविर में 175 मरीजों की हुई जांच

अयोध्या । कल्याणम करोति, लखनऊ द्वारा संचालित ह्वश्री दीन बंधु नेत्र चिकित्सालय के अनुभवी चिकित्सकीय टीम द्वारा सोमवार को सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के तहत पारा खान, दर्शन नगर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 174 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिसमें 70 मरीजों को निःशुल्क चश्मे तथा 60 मरीजों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही मोतियाबिंद से ग्रसित नेत्र रोगियों को एक माह तक चल रहे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आकर ऑपरेशन कराने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिवम श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बलराम दास महाराज, वृंदावन की प्रेरणा से करुणा निधान ट्रस्ट, कोलकाता के सहयोग से यह एक माह का निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संचालित किया ।

## जिला पंचायत सदस्य रेनू रावत ने श्रीमद्भागवत कथा में लिया आशीर्वाद

सोहावल-अयोध्या। ड्योढ़ी क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान जिला पंचायत सदस्य रेनू रावत ने सोमवार की देर शाम कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना किया ।इस अवसर पर उन्होंने कथा का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस अवसर पर कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन समाज में धर्म जागरण एवं सद्भावना का संदेश देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।जिला पंचायत सदस्य रेनू रावत ने आयोजक अमर नाथ प्रजापति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य होता है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा स्थल पर भक्तिरस का अद्भुत वातावरण देखने को मिला ।

# 8 अन्तर्राज्यीय साइबर ठग चढ़े पुलिस के हत्थे

## मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट व कूटरचित दस्तावेज बरामद



बाराबंकी। थाना नगर कोतवाली व साइबर, स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 8 अन्तर्राज्यीय साइबर ठगो को मोबाइल, लैपटाप, टैबलेट व कूटरचित दस्तावेज बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि पुलिस की संयुक्त टीम ने 8 साइबर अपराधी दीपक तिवारी पुत्र रामप्रवेश तिवारी निवासी ग्राम असरेवा देवकली थाना बीकापुर, अयोध्या, अंकित कटारिया पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम बमनोली थाना दोघट, बागपत, हालपता आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर, मीनाक्षी वर्मा पुत्री राज सिंह वर्मा निवासी कियरा भानमऊ थाना कोठी, विपिन वर्मा पुत्र श्याम लाल वर्मा निबासी मेन मार्केट कौसानी टी स्टेट के पास थाना कौसानी, बागेश्वर उत्तराखंड, हाल पता आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर, अब्दुल रिजवान पुत्र मोहम्मद रिजवान निवासी म0नं 359/305 कटरा खुदायार थाना सहादतगंज, लखनऊ, हालपता आवास विकास थाना कोतवाली नगर, मो0 अफजल पुत्र फहीम अहमद निवासी म0नं0 208/384 पुराना हैदरगंज थाना बाजारखाला, लखनऊ, आदर्श राज पुत्र सुनील कुमार निवासी बम्भौर थाना जहांगीराबाद, इमरान सलीम पुत्र सलीम अहमद निवासी आर्य नगर नेहरू रोड बड़ौत थाना बड़ौत, बागपत, हालपता फ्लैट नं0 जी-1 604 शालीमार मन्नत थाना कोतवाली नगर को 12 अदद मोबाइल, 1 अदद लैपटाप, 1 अदद टैबलेट, कूटरचित एग्रीमेंट, ज्वाइनिंग लेटर एवं अन्य प्रपत्र बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्तो का संगठित गिरोह ऑनलाइन गेमिंग कॉल सेण्टर, ओएलएक्स, मेटा के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन बेटिंग गेम व नौकरी का विज्ञापन अपलोड कर लोगों को फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पोर्न वीडियो देखने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य विभिन्न तरीकों से साइबर ठगी का शिकार बनाते थे। तथा अपने बैंक खातों में फ्राड कर रुपये मंगाते थे। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि अभियुक्तो के कब्जे से विभिन्न बैंकों की विभिन्न शाखाओं के खाता संख्या प्राप्त हुई हैं जिनको एनसीआरपी व समन्वय पोर्टल के माध्यम से चेक करने पर साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर होने सम्बन्धी शिकायत विभिन्न राज्यों दिल्ली, गुजरात, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से पंजीकृत करायी गयी है।

# मौर्य बंधुत्व क्लब ने आयोजित किया गया शैक्षिक महाकुंभ



लखनऊ। मौर्य बंधुत्व क्लब परिवार अमेठी की ओर से मंगलवार को नमस्ते अमेठी शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस में पंचशील बालिका इंटरमीडिएट कालेज राम गंज अमेठी के बच्चों एवं स्टाफ सहित आयोजक मंशा राम मौर्य प्रबंधक एम जे एस ग्रीन वैली स्कूल में की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलन कोचिंग संस्थान कोटा राजस्थान के निदेशक डॉ. बृजेश महेश्वरी एवं डॉ. प्रियंका मौर्य सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि, दिल्ली के महान गणितज्ञ इंजीनियर अभिनव शर्मा एवं इमरान शिक्षक पीडब्लू फिजिक्स वाला एवं आई ए एस डॉ हीरालाल, कृषि वैज्ञानिक डॉ. रवि प्रकाश मौर्य एवं सुमन प्रसाद मौर्य ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में जाने के लिए मोटिवेट किया। इसके साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। दूसरे दिन नमस्ते अमेठी कार्यक्रम स्वर्णिम भविष्य की ओर, भारत बोध महासंनाद की मुख्य अतिथि सीमा समृद्धि कुशवाहा सुप्रीम कोर्ट दिल्ली (निर्भया कांड) व सुधीर मौर्य, अंजलि सैनी, चंद्रगुप्त मौर्य ने सामाजिक विकास व शैक्षिक विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। अमेठी मौर्य बंधुत्व क्लब के सभी पदाधिकारी क्लब अध्यक्ष राम सजीवन मौर्य, इंजीनियर राम अचल, प्रधान राम केवल आयोजक प्रिंसिपल मंशा राम की मौजूदगी रही।

# पूजा पाल को डीएम ने किया सम्मानित

## बाल वैज्ञानिक पूजा पाल की उपलब्धि बनीं युवाओं के लिये प्रेरणाः डीएम



बाराबंकी। बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद आज कलेक्टेज्ट स्थित कार्यालय पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने छात्रा पूजा को मोमटो देकर सम्मानित किया। तथा इस उपलब्धि को जनपद के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बाल वैज्ञानिक पूजा पाल ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के अनुभवों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुए संवाद के अनुभव को जिलाधिकारी से साझा किया। छात्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री से मिला मार्गदर्शन उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा और इससे उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने का आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि पूजा पाल की प्रतिभा और नवाचार को देखते हुए उनके सम्मान के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। जो आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा कि पूजा पाल की सफलता यह सिद्ध करती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण अंचल की बेटियां भी विश्वस्तरीय नवाचार कर सकती हैं। पूजा पाल की यह उपलब्धि जनपद के छात्र-छात्राओं को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसी प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान सीडीओ अन्ना सुदन सहित अन्य सभी सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के सभी आवेदनों पर बैंक त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिला सलाहकार समिति डीएलसीसी, डीसीसी की तिमाही बैठक जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सीडी रेश्यो में वृद्धि हेतु सभी बैंक निरंतर एवं प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करने, जिन बैंकों का सीडी रेश्यो 50 प्रतिशत से कम है, उनके जोनल मैनेजरों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश एलडीएम को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों पर बैंक त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे अधिकाधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, ओडीओपी तथा विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी प्राप्ति में बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि औद्योगिक निवेश, एमएसएमई, स्टार्ट-अप, स्वरोजगार योजनाओं तथा प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान की जाए। जिससे जनपद का प्रभावी योगदान प्रदेश की आर्थिक सुदृढ़ता में सुनिश्चित हो सके। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें: डीएम



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला उद्योग बंधु, जिला श्रम बंधु एवं वाणिज्य बंधु समिति की बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद में औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने जनपद में हो रहे औद्योगिक निवेश से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाने, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित कार्यवाही अनिवार्य करने को निर्देशित किया। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य, दुकानदारों के स्थानांतरण, नाली निर्माण, अवशेष सड़कों के निर्माण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, मुख्य प्रवेश द्वार व प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र माती में सड़क निर्माण एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण से संबंधित प्रकरणों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मण्डलीय चेयरमैन आईआईए राजेश कुमार तिवारी द्वारा ग्राम बहरौली, तहसील फतेहपुर में इकाई स्थापना हेतु 5 केवीए विद्युत कनेक्शन से संबंधित प्रकरण जो वन विभाग की आपत्तियों के कारण लंबित होने की समस्या रखी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण का तत्काल निस्तारण कराया। वाणिज्य बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों, जिससे यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सिरौलीगौसपुर तेजस के0, एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर, अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी एवं उद्यमी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनाक्रोश रैली में मो. यूनुस का पुतला दहन किया



बहराइच ।राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेशचंद राजपूत के नेतृत्व में मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव गोंडा जिला ध्यक्ष राजेश सिंह बहराइच जिले के पदाधिकारियों ने एक जनाक्रोश रैली निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने मो०यूनुस का पुतला , दहन किया। तथा मो० यूनुस कि क्या दवाई और पिटाई के नारे लगाये गए कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र राजपूत ने कहा कि हिंदुओं संगठित होकर बंग्लादेश सरकार के खिलाफ वेखौफ होकर आवाज उठाकर एकर पुरजोर विरोध करना चाहिए जिसका संदेश देश ही नहीं पूरे विश्व में जाना चाहिए और सभी देशो का दबाव बंग्लादेश सरकार और वहां के मुखिया मो० यूनुस पर बने जिसकी हिन्दुओ के ऊपर हो रहे अमानवीय व्यवहार एवं उत्पीड़न बन्द हो।

## परिवार परामर्श केंद्र ने करायी दंपती में सुलह



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 01 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। बहराइच आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

संक्षेप

## जंगल में मिला 3 दिन से लापता वृद्ध का शव

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के छीतेपट्टी गांव के पास मंगलवार को एक वृद्ध का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव को पहले कुछ ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मृतक की पहचान 58 वर्षीय सर्वजीत प्रसाद के रूप में हुई है, जो वाराणसी के ग्राम सुंदरपुर के निवासी थे। वह पिछले डेढ़ महीने से अपनी नानी के पास छीतेपट्टी में रह रहे थे। गांव वालों के अनुसार, सर्वजीत मानसिक रूप से परेशान थे और तीन दिन से लापता थे। परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश कर रहे थे, इसी दौरान जंगल में उनका शव मिला। शव के गले में लाल रंग का गमछा लटका हुआ था, जिससे यह संदेह हुआ कि उन्होंने फांसी लगाने की कोशिश की होगी। हालांकि, शव जमीन पर पड़ा था, जिससे मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर दोस्तपुर के क्राइम इंस्पेक्टर राम उग्रह कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

## जीने से फिसलकर गिरने से कोटेदार की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** हसनपुर के कोटेदार आशुतोष पांडेय अपने घर के जीने से अचानक गिर गए। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें सी एच सी लाया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उन्हें एम्स के जाया गया। एम्स में उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार रात करीब 9 बजे वह अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में गए थे वहां से उतरते समय वह अचानक जीने से फिसल गए। परिजन उन्हे बेहोशी हालत में आनन फानन एम्स अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की जानकारी होते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार सुबह से ही उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सुशील पासी, विधायक श्यामसुंदर भारतीय, राजाराम त्यागी, प्रदीप चैधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी कांत रावत, सरोज गौतम, सुधा अवस्थी, विजय धीमान, बछरावां चेयरमैन राम जी केशव चैधरी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय एवं अवधेश चतुर्वेदी, गंगा सागर पाण्डेय, कोटेदार संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, कन्हैया तिवारी एवं क्षेत्र के समस्त कोटेदार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दामाद बहू को लेकर फरार पांच लाख के आभूषण और नकदी गायब

**अमेठी।** जनपद के थाना संग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत तुलापुर भैरोपुर गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति पर अपनी ससुराल की बहू को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगा है। तुलापुर भैरोपुर निवासी जाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल खालिक ने थाना संग्रामपुर में लिखित तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्रवधू को उनका दामाद इकरार मुहम्मद, पुत्र अब्दुल गनी, निवासी दीवानगंज थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़, बीती रात बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित के अनुसार, उनकी पुत्रवधू घर से जाते समय करीब पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण और लगभग 80 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई।

# अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का सलोन में जोरदार आगाज




**सलोन, रायबरेली।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर मंगलवार को यहां दोपहर प्रदेश व्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा तहसील परिसर पहुंची। यहां वकीलों ने नारेबाजी के साथ भारी विरोध प्रदर्शन किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले मांग को लेकर वकीलों ने तहसील गेट पर एकत्रित होकर विरोध का स्वर मुखर किया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में प्रदेश भर में निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का सलोन में जोरदार आगाज दिखा। वकीलों ने केंद्र सरकार से इस विधेयक को अविलम्ब पारित कराए जाने की मांग उठाई। यहां अधिवक्ताओं की आम सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने ऐलान किया कि यह मांग पूरी न होने पर वकील अगले बजट सत्र में दिल्ली में संसद भवन के सामने जोरदार प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि वकीलों के भारी दबाव के बीच प्रदेश सरकार ने अब अधिवक्ताओं के कैशलेस हेल्थ बीमा को लेकर कैबिनेट के लिए प्रस्ताव मांगा है। उन्होने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के हितों की उपेक्षा से बाज नहीं आयेगी। विधानसभा से लेकर संसद तक का वकील घेराव भी करेंगे। यात्रा के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता विकास मिश्र ने साथियों को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम में शामिल मसौदे की जानकारियां प्रदान की। आमसभा को वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप जोशी, तेजभान पटेल, ज्ञानेन्द्र कुमार तिवारी, संजय सिंह, सीबी सिंह ने संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सुविधाओं पर सरकार की ढिलाई पर नाराजगी जताई। आमसभा का संचालन अधिवक्ता राजीव द्विवेदी ने किया। इस मौके पर विनय तिवारी, लल्ले तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, प्रवीण त्रिपाठी, राम सागर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# हलोर अल्पिका में पानी न आने से किसानों में रोष

**महराजगंज, रायबरेली।** सिंचाई के लिए जौनपुर नहर ब्रांच से निकलने वाली हलोर अल्पिका में पानी न आने से किसानों की गेहूं की फसल बिना सिंचाई के ऐसे ही पड़ी है। किसान पानी के इंतजार में बैठे है। नहर विभाग द्वारा पानी न छोड़े जाने से किसानों में रोष है। खण्ड 28 जौनपुर नहर ब्रांच से पूरे भीखा मजरे मांझगांव के पास से निकलने वाली अल्पिका हलोर होते हुए पुरासी बसकटा के पास नैय्या नाले में जाकर मिलती है। इसके अलावा मांझगांव से निकल कर नारायनपुर मोन को जाने वाली मांझगांव माइनर भी



सूखी पड़ी है। यहां के किसान पानी आने को बाट जोह रहे हैं। जमुरावां के किसान इंद्रपाल यादव ने बताया कि दो सप्ताह पहले रात में दो घंटे के लिए पानी आया था। उसके बाद नहर में पानी का जलस्तर कम हो गया जिससे अल्पिका में पानी नही आ रहा है। वहां के हजारों किसान गेहूं की फसल की सिंचाई को लेकर चिंतित है। किसान राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, लाखन सिंह, नरेश कुमार, रुद्र प्रसाद, सुरेश कुमार, हेमंत सिंह, राजेंद्र सिंह, बाबूलाल आदि ने बताया कि बीते दो सप्ताह पहले गुरुवार देर रात पानी आने से सिंचाई की चिंता समाप्त हो गई थी। लेकिन सुबह होते ही अल्पिका में पानी गायब हो गया। जानकारी करने पर पता चला कि जौनपुर नहर ब्रांच में पानी सीधे आगे के लिए छोड़ दिया गया है। जिससे अल्पिका के हेड तक पानी नही पहुंच रहा है। गेहूं की सिंचाई का माकूल समय चल रहा है ऐसे में अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। जमुरावां के किसान जगदत्त त्रिपाठी व अतुल तिवारी का कहना है कि अल्पिका में सफाई के दौरान दोनों पटरियों पर सिल्ट अधिक मात्रा में होने से अब ठीक से सफाई भी नही हो पा रही है। वहीं हेड के पास अत्यधिक सिल्ट जमा होने से नहर में छोड़ा गया पानी पूरी तरह अल्पिका में नहीं पहुंच पाता। नहर विभाग के अभियंता नवनीत कुमार ने बताया कि अभी तक हमें अड़तीस सौ क्यूसेक पानी मिल रहा था जो घटकर पच्चीस सौ क्यूसेक हो गया है। अगर ऊपर से पानी ज्यादा मिलेगा तभी हम माइनर में पानी दे पाएंगे।

# संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की गला रेतकर हत्या, मचा हड़कंप

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार थाना क्षेत्र के कुदारन गालिबहा गांव में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान गांव निवासी जान्हवी (14) वर्ष पुत्री संतोष कुमार के रूप में हुई है, जो कक्षा 9 की छात्रा है। इस दुर्दांत घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव को शव विच्छेदन गृह भेज कर घटना की बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, मृतका द्वारा लिखा गया एक पत्र भी मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने आनन-फानन में किशोरी को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. जाहिर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## हैंडबॉल में यूपी की टीम से प्रतिभाग करेंगी दिव्यांशी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के चुनहा करौंदिया निवासी दिव्यांशी इस बार राजस्थान में 5 से 10 जनवरी के मध्य चित्तौड़गढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर हैंडबॉल स्कूल नेशनल में प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करेंगी। इनके पिता ओमप्रकाश लेखपाल और माता गृहिणी हैं। स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा ने इनके हुनर को पहचाना और उनके निर्देशन में जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रही हैं। नवंबर माह में आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयी प्रतियोगिता में इनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। खेल निदेशालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी दिव्यांशी ने प्रतिभाग किया। इनकी प्रारंभिक शिक्षा जिले के एक निजी विद्यालय से हुई उसके बाद



कक्षा 6 से पीएम श्री केशकुमारी बालिका इंटर कॉलेज में दाखिला लिया वर्तमान में कक्षा 9 की छात्रा है। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह खेल प्रभारी सुमन यादव मुनेंद्र मिश्रा खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया स्टेडियम कोच प्रदीप यादव राम नरेश श्याम धर ओझा आनंद श्रीवास्तव आशा ने बधाई दी।

# यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सड़कों पर उतरे सीओ यातायात

**रायबरेली।** शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और जाम की झाम से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में, ट्रैफिक सीओ अमित सिंह ने शहर के हृदय स्थल सिविल लाइन चैराहे समेत विभिन्न प्रमुख चैराहों पर सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम कसना रहा। सीओ अमित सिंह ने ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। उन्होंने कर्मियों को ट्रैफिक कंट्रोल के आधुनिक और प्रभावी तरीके समझाए ताकि पीक आवर्स में जाम की स्थिति न बने। अभियान के दौरान सिविल लाइन और आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमाए पटरी दुकानदारों को चेतावनी दी गई। सीओ ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि इससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी असुविधा होती है। ई-रिक्शा और निजी वाहनों की चेकिंगरू बेतरतीब ढंग से ई-रिक्शा चलाने वाले चालकों और गलत दिशा में वाहन ले जाने वाले निजी वाहन स्वामियों को रोककर नियमों का पाठ पढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि चैराहे पर बीचों-बीच सवारी उतारना या खड़ा होना कानूनी अपराध है। शहर में बढ़ती रॉन्ग पार्किंग की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए सीओ ने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जो भी वाहन नो-पार्किंग जोन में खड़ा पाया जाएगा, उसके खिलाफ चालान के साथ-साथ वाहन को जब्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।सीओ अमित सिंह ने आम जनमानस और व्यापारियों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान केवल आज के लिए नहीं है; यदि सुधार नहीं दिखा, तो आने वाले दिनों में भारी जुमार्ना और दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ओपन स्टेट ताइक्वांडो में अमीना अकादमी का दबदबा




- 21 खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण समेत 20 पदक जीतकर बढ़ाया सुलतानपुर का मान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ताज नगरी आगरा के जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुलतानपुर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अकादमी के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा और अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया।

प्रतियोगिता में अमीना ताइक्वांडो अकादमी के कुल 21 खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें 6 खिलाड़ियों ने ऑफिशियल वर्ग तथा 15 खिलाड़ियों ने फ्रेशर ग्रुप में भाग लिया। ऑफिशियल वर्ग में सब-जूनियर महिला वर्ग में अमीना अकादमी की खिलाड़ी ने लखनऊ की समीक्षा गौतम को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अनुकल्प सिंह यादव ने आगरा के अर्नव गुप्ता को हराकर रजत पदक हासिल किया। सब-जूनियर वर्ग में सत्यांश आर. श्रीवास्तव ने आगरा के यानिक को पराजित कर कांस्य पदक जीता। इसके अलावा मोहम्मद अल्ताफ खान और प्रियांशु तिवारी ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया। फ्रेशर वर्ग के 15 खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ग में उमर अहमद शाह, विराट गौतम, तेजस्विनी गौतम, आंचल यादव, उस्मान अहमद शाह व दिव्यांशु गौतम ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं परिनिष्ठता चैरसिया, अनुज शुक्ला, अक्षांश यादव, आयुषी सिंह और माही गौतम ने रजत पदक हासिल किए। जबकि आराध्या, प्रज्वल, शालिनी और हर्ष गौतम ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस प्रकार अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 7 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर अपने ताइक्वांडो प्रशिक्षक अमीना बानो के साथ-साथ पूरे जनपद सुलतानपुर का मान और सम्मान बढ़ाया। अकादमी की प्रशिक्षक अमीना बानो ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा यह उपलब्धि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अकादमी का लक्ष्य खिलाड़ियों को राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करना है।

# विद्युत महकमे ने गैर जिला निवासी को दूसरे के नलकूप पर दे दिया घरेलू कनेक्शन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जब अफसर की साठगांठ हो तो नियम कानून कोई मायने नहीं रखता है। आप भले ही भूखंड अथवा नलकूप के स्वामी हो। जिसे चाहे कनेक्शन महकमा दे दे, आप कुछ नहीं कर सकते। पीड़ित डीएम, सीएम व महकमे के जिम्मेदारों से कई बार किया। फिर भी अवैध घरेलू कनेक्शन नहीं काटा जा रहा है। प्रकरण विद्युत वितरण खंड बल्दीराय से जुड़ा है। असरोगा गांव निवासी नसीर अहमद सुत धनई का आरोप है कि उसने अपने खेत में नलकूप पिछले कई वर्षों से लगाया है। वर्ष 2023 में नलकूप विद्युत कनेक्शन 6124912655 लिया है, बिल भुगतान किया है। इसी नलकूप को घर दिखाकर जेई, एसडीओ व अधिशाषी अभियंता से साठगांठ कर इसी उपकेंद्र पर तैनात अस्थाई कर्मी नबाव अली उर्फ घेराऊ निवासी सुरजीपुर ने गैर जनपद रायबरेली निवासी शमीम पुत्र सलीम ने घरेलू कनेक्शन 5054133805 हासिल कर लिया है। ऐसे में सवाल ये है कि एक ही नलकूप पर दो दो कनेक्शन क्यों दे दिया गया। यही नहीं पीड़ित नसीर अहमद ने शमीम द्वारा लिए गए अवैध कनेक्शन कटवाने के लिए डीएम, सीएम, महकमें के जिम्मेदारों से कई बार शिकायत कर चुका है। जब पीड़ित ने जनसूचना मांगी तो अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार ने डबल कनेक्शन अगल बगल होने का गोलमोल जवाब दिया है। ऐसे में जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर कनेक्शन कटवाने की मांग पीड़ित ने की है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों से सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। विद्यालय में पीरियोडिक टेस्ट-द्वितीय के लिए आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों पर शिक्षकों से विचार विमर्श करते हुए परीक्षा परिणामों की जानकारी प्राप्त की और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जिज्ञासाओं को शिक्षकों के समक्ष रखा, अध्यापकों ने विद्यार्थियों के मजबूत व कमजोर पक्षों पर चर्चा की, साथ ही अध्ययन में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी साझा किए। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने आये हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित अध्ययन, समयबद्ध होमवर्क तथा सकारात्मक वातावरण बनाये रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, कामरान, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं , अभिभावक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनएसबीवीएम में पेरेंट-टीचर मीटिंग आयोजित

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में द्वितीय आवधिक परीक्षा समाप्त होने के पश्चात पेरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावक एवं बच्चों द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का श्रद्धा पूर्वक पूजन संपन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया गया। बच्चों के पेरेंट्स विद्यालय पहुंचकर अपने पाल्य की पुस्तिकाओं का अवलोकन करते हुए अपने पाल्य से सम्बन्धित टीचर्स से मिलकर बच्चों की पढ़ाई एवं प्रगति से सम्बंधित जानकारी हासिल की। शिक्षकों ने भी विद्यालय पधारे सभी अभिभावकों को आश्वासन दिया कि यदि उनके पाल्य में कहीं कोई शिक्षण सम्बन्धी कमी है तो उसे विद्यालय द्वारा अवश्य दूर किया जायेगा।

## एसडीएम के खिलाफ फूटा वकीलों का गुस्सा

**मुसाफिरखान, अमेठी।** मुसाफिरखाना तहसील में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ ने रउद्द पर संघ के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि रउद्द द्वारा कथित रूप से रिश्वत लेकर आदेश पारित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आचरण अधिवक्ताओं के सम्मान के विरुद्ध है और न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा को भी नुकसान पहुंचाता है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक रउद्द अभिनव कन्नौजिया को मुसाफिरखाना से हटाया नहीं जाता, तब तक उनकी अदालत का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# राजकीय धान क्रय केंद्रों पर लक्ष्य का 50 प्रतिशत धान क्रय, एफआरके की कमी से उठान प्रभावित



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र में संचालित राजकीय धान क्रय केंद्र प्रथम एवं द्वितीय पर अब तक निर्धारित लक्ष्य का लगभग 50 प्रतिशत धान क्रय किया जा चुका है। नवंबर माह से धान की खरीद प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस वर्ष समान श्रेणी के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति कुंतल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 2389 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। धान खरीद के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। क्रय केंद्रों पर धान खरीद से पूर्व किसानों का सत्यापन ए-पॉप मशीनों के माध्यम से रेटिना स्कैन द्वारा किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी हुई है। केंद्र प्रभारी एवं विपणन निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जयसिंहपुर प्रथम क्रय केंद्र पर 25 हजार कुंतल तथा द्वितीय क्रय केंद्र पर भी 25 हजार कुंतल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जयसिंहपुर प्रथम केंद्र पर अब तक 299 किसानों से लगभग 13 हजार 44 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि जयसिंहपुर द्वितीय केंद्र पर 305 किसानों से 13 हजार 499.20 कुंतल धान का क्रय किया गया है। केंद्र प्रभारी ने यह भी बताया कि फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) की कमी के चलते धान की उठान और मिलिंग में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। एफआरके उपलब्ध न होने के कारण मिलों द्वारा चावल की मिलिंग एवं सीएमआर आपूर्ति रोक दी गई है, जिससे क्रय केंद्रों पर धान का स्टॉक बढ़ता जा रहा है और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ओटीएस योजना में गड़बड़ी का आरोप, उपभोक्ता में नाराजगी

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के कोइरीपुर पावर हाउस क्षेत्र अंतर्गत गांव में बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को लेकर उपभोक्ता में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। उपभोक्ता का आरोप है कि योजना के तहत बकाया बिल में छूट देने के बजाय उनकी देय राशि बार-बार बढ़ाई जा रही है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है।क्षेत्र के उपभोक्ता चंदन ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत जांच कराने पर 18,768 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की जानकारी दी गई थी। लेकिन जब वह ओटीएस पंजीकरण के लिए लगाए गए कैंप में पहुंचे तो वहां रजिस्ट्रेशन शुल्क और छूट के बाद कुल देय राशि 19,075 रुपये बताई गई। चंदन का आरोप है कि ओटीएस में पंजीकरण होने के बाद अचानक उनकी देय राशि बढ़कर 22,460 रुपये हो गई। उन्होंने सवाल उठाया कि एक महीने के भीतर दो बार बिल की राशि कैसे बढ़ सकती है।इसी तरह एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि उनका बिजली बिल करीब 41 हजार रुपये है, इसके बावजूद उन्हें ओटीएस योजना की छूट के दायरे से बाहर बताया जा रहा है। उपभोक्ता का कहना है कि जब योजना भारी बकायेदारों के लिए है तो फिर उन्हें इसका लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा। उपभोक्ताओं के इन आरोपों से ओटीएस योजना की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में चांदा विद्युत उपखंड के एसडीओ शोएब जमाल ने बताया कि यह समस्या सिस्टम में आई किसी तकनीकी त्रुटि के कारण हो सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले उनके संज्ञान में आए हैं और सभी की जांच कराकर जल्द समाधान कराया जाएगा। ओटीएस योजना को लेकर उपभोक्ताओं में भ्रम और नाराजगी का माहौल है। लोगों ने बिजली विभाग से योजना को लेकर स्पष्ट जानकारी देने और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# 10 विकेट से हराकर पहाड़पुर की टीम बनी विजेता

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के बीच आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय छेदुवारी के प्रांगण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। रोमांचक मुकाबलों और अनुशासित खेल भावना के बीच पहाड़पुर की टीम ने फाइनल में कैथवारा की टीम को 10 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय संवाददाता भूपेश पाण्डेय एवं उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में कैथवारा, ढेमा, पहाड़पुर और दियरा न्याय पंचायत की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में पहाड़पुर ने दियरा को पराजित कर फाइनल का टिकट कटाया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में कैथवारा ने ढेमा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित 8 ओवर के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर कैथवारा की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए पहाड़पुर की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाए। टीम की ओर से राहुल गौतम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 55 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं कैथवारा की ओर से रमेश यादव ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पहाड़पुर की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए कप्तान रमेश यादव की 8 छक्कों और 3 चैकों से सजी 61 रनों की तूफानी पारी के दम पर मात्र 4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और 10 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। कप्तान रमेश यादव को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। समापन अवसर पर क्षेत्रीय संवाददाता भूपेश पाण्डेय ने विजेता और उपविजेता टीम के कप्तान को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ, मोतिगरपुर शाखा के अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षकों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना था, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में सच्चिदानंद मिश्र, बालमुकुंद द्विवेदी, अनिल कुमार पांडेय, अरुण कुमार द्विवेदी, अब्दुल समद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

# चकबंदी का उद्देश्य आज 25 साल बाद भी है अधूरा

**तिलोई- अमेठी।** विकास क्षेत्र में यदि दो चार ग्राम सभाओं को छोड़ दिया जाय तो लगभग सभी ग्राम सभाओं में आज से पचीस साल पहले सरकार द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना चकबन्दी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य किसानों के छोटे- छोटे पड़े हुए अलग खेतों को एक जगह करना, किसानों को सुचारू रूप से खेती- किसानी करने के लिए आवागमन के लिए चकमार्ग और फसलों की सिचाई हेतु नालियाँ देना आदि प्रमुख सुविधाए थी। जानकारों का कहना है कि तहसील क्षेत्र तिलोई के विकास खंड सिंहपुर में चकबन्दी प्रक्रिया सन 1980 से 2000 तक चली थी। लेकिन चकबन्दी विभाग की खाउ- कमाऊ नीतियों और राजस्व विभाग के लापरवाही के चलते इस योजना का उद्देश्य आज भी जमीनी स्तर पर अधूरा ही दिखाई पड़ता हैं। गांवों में आज भी ज्यादातर लड़ाई- झगड़े खेतों के चकमार्ग और नालियों से संबंधित होते हैं। चकबन्दी प्रक्रिया के समय किसानों की सुविधाओं को देखते हुए जो चकमार्ग व नालियों की जगह छोड़ी गई थी। काफी समय तक उस जमीन पर न तो चकमार्ग का निर्माण हुआ और न ही नालियां बनाई गई जिससे धीरे- धीरे अधिकांश किसानों द्वारा उसी जमीन को अपने खेतों में मिलाकर उस पर खेती का कार्य किया जा रहा है। चकमार्ग और नालियाँ न होने से तमाम किसानों की खेतों की जुताई -बुवाई और सिचाई अब भी नही हो पाती हैं जिससे किसानों के लिए यह समस्या सिर दर्द बना रहता है।

संक्षेप

## भाजपाइयों ने किया मांट विस में अटल स्मृति सम्मेलन

**मथुरा**। जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन विधानसभा मांट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार चाहर , विशिष्ट अतिथि नागेंद्र दुबे गामा, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, विधायक राजेश चैधरी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार चाहर ने कहा, ह्लअटल जी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। हमें समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम करना होगा।ह्व विधायक राजेश चैधरी ने कहा, ह्लअटल जी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी नीतियों और आदर्शों को अपनाकर हम देश को आगे ले जा सकते हैं। हमें युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा।ह्व विशिष्ट अतिथि नागेंद्र दुबे गामा ने कहा, ह्लअटल जी की विचारधारा ने देश को एक नई दिशा दी। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा।ह्व इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजेश, वीरेंद्र, संजय, दुर्गेश, राम कुमार उपाध्याय, महेश दुबे, हुकुम सिंह , विक्रम, रामू, रमनलाल गर्ग, प्रधान जयप्रकाश, रिंकू, मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा, मंडल महामंत्री सोनू चैधरी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ गिरप्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य पीयूष चैधरी, कुलदीप शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप कुशवाह, आईटी के संयोजक भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम संयोजकः श्रीमती मनीषा पाराशर, संचालन मुकेश वार्ष्णेय व जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ई.वी.एम-वी.वी.पैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें कांग्रेस से बलवीर सिंह धनगर एवं अशोक कुमार, समाजवादी पार्टी से सोनू सिंह एवं नजीम अब्बासी तथा बसपा से विक्रम सिंह मौजूद रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. पंकज कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि ई.वी.एम-वी.वी.पैट वेयरहाउस के परिसर में और अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी नियमित रूप से अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. पंकज कुमार वर्मा, लोक निर्माण विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने किया बरसाना बांके बिहारी मंदिर का निरीक्षण



**मथुरा**। मंगलवार को आगरा मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी आगरा शैलेश कुमार पांडेय और मथुरा एसएसपी श्लोक कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मंदिर क्षेत्र में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नववर्ष के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, सुगम दर्शन व्यवस्था और यातायात संचालन के लिए ठोस एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने नगर पंचायत बरसाना स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री राधा-रानी जी मन्दिर को जोड़ने वाली गलियों, मार्गों, सीढ़ियों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के मार्गों में स्थित दुकानदारों से आग्रह किया कि अपने दुकानों का सामान अंदर रखे। मार्ग को अवरुद्ध न करे। उन्होंने श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों आदि हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी अधिकारी सीढ़ियों के मार्ग से श्री राधा-रानी जी मंदिर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि नववर्ष पर वृंदावन के साथ-साथ गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव एवं श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिरों और प्रमुख चैराहों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जा रही है। भीड़ के दबाव को देखते हुए डीआईजी ने अपील की कि बुजुर्ग, छोटे बच्चे एवं बीमार व्यक्ति नववर्ष के दौरान मंदिर आने से परहेज करें। उधर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के सेवायत रजत गोस्वामी ने बताया कि नववर्ष पर ठाकुर बांके बिहारी लाल को वृंदावन के कारीगरों द्वारा तैयार विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंग्रेजी नववर्ष पर कोई विशेष धार्मिक पर्व नहीं मनाया जाता, जबकि चैत्र मास में हिंदू नववर्ष पर विशेष भोग एवं श्रृंगार किया जाता है।

## अवैध खनन व जाम को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद**। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र यादव एडवोकेट प्रभारी आगरा मंडल और मोहित यादव मंडल अध्यक्ष युवा के नेतृत्व में और सैकड़ों ग्रामीण किसानों ने क्षेत्र में उत्पन्न गंभीर समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। एसडीम डीआर गजेंद्र पाल सिंह को ज्ञापन देते हुए किसान नेताओं ने बताया कि सिरसावां से मरघटी जलालपुर के जाने वाले चारों मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, कई फीट पानी भराव जिससे आम जनता और स्कूली बच्चों का आवागमन असुरक्षित हो गया है कई लोग अत्यधिक घायल है लोगो 28 टांके तक आए है सड़क की मरम्मत ओर नाले की अत्यधिक जरूरत है, पूरी साल कीचड़ भरने से बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है, एटा चौराहे के की सर्विश रोड ओर पुल के नीचे खड़ी हो रही रोडवेज बसों से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर भी लोगों में खासा गुस्सा रहा है। मैनपुरी चौराहे से बाजार की तरफ जाने बाली रोड पर भी भीषण जाम रहता है। उसको लेकर भी लोग खासे परेशान दिखे। मुस्तफाबाद रोड पर रहचती के पास जलभराव की समस्या के कारण आगे का हिस्सा टूटा हुआ है, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और राहगीरों की जान जोखिम में है। अवैध खनन व ओवरलोडिंग क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली का आवागमन निर्बाध जारी है, जिससे सड़कें टूट रही हैं और धूल-धुआँ से पर्यावरण व स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए, ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो तथा जिम्मेदार खनन माफिया व संबंधित अधिकारियों की जांच की जाए। प्रशासन से माँगें सभी टूटे हुए मार्गों की तत्काल मुरम्मत कराते हुए स्थायी रूप से सुदृढ़ सड़क निर्माण कराया जाए, खासकर स्कूल मार्गों को प्राथमिकता दी जाए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यदि 15 दिनों के भीतर इन समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम न उठाए गए तो संगठन गाँव-गाँव से किसानों को संगठित कर धरना प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे लोकतांत्रिक आंदोलनों की राह अपनाने को बाध्य होगा।

इस दौरान करण यादव, अविनाश ठाकुर, अंकुर, आकाश यादव , राजेंद्र राठौर, भूरी सिंह, रश्मि कांत, मोनू पंडित, आकाश, आशीष, संदेश यादव, नागेंद्र यादव, अभिषेक, सतेंद्र बघेल, सनी, रामब्रेश, अजयपाल, भूरा, प्रदीप, दीपू, आदि पदाधिकारी उपस्तिथ रहे।

# नगर पालिका ने चलाया नाला सफाई अभियान



**टूंडला**। नगर पालिका परिषद द्वारा टूण्डला वार्ड नं 4 नगला राधेलाल के सभासद धर्मेंद्र सिंह नोहवार द्वारा नाला सफाई न होने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा को तत्काल नाला सफाई कराने के निर्देश दिए गए जिस पर स्वच्छ भारत मिशन व अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर टूण्डला में वार्ड नं 04 नगला राधेलाल स्टेशन रोड टूण्डला पर पोकलेन मशीन व सफाई मित्रो के सहयोग से नाला सफाई अभियान चलाया। स्वच्छ भारत मिशन अतिक्रमण प्रभारी द्वारा सभी दुकानदारों से अपील की कि जिन दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकान के आगे पक्की स्लिप डाल रखी है वह तत्काल स्वयं हटा लें। अन्यथा सफाई कार्य के दौरान पालिका द्वारा हटा दी जाएगी जिसमें होने वाली टूट फूट की संपूर्ण जिम्मेदारी दुकानदार व भवन स्वामी की होगी। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा मेंटिनेंस इंचार्ज सुनील उपाध्याय सफाई नायक बिक्की बाबू रंजीत कुमार, सफाई मित्र पोकलेन मशीन ड्राइवर हरिकांत पचौरी, सफाई मित्र आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम पर छापेमारी के दौरान हमला

**आगरा**। जिले में पुलिस टीम पर हमला करने का दुस्साहसिक मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुलिस टीम को घर में बंधक बना लिया। इसके बाद मारपीट की। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना मलपुरा के गांव अजीजपुर में रविवार दोपहर नोटिस तामील कराने गए तीन दरोगा और दो सिपाहियों को रिटायर्ड दरोगा ने अपने घर में बंधक बना लिया। उसकी बेटियों ने कमरे में ताला लगा दिया। उसने अपने आरोपी दो बेटों को घर से भगा दिया। इसके बाद टीम से मारपीट शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने थाना प्रभारी को सूचना दी। फोर्स के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने पड़ोसियों की मदद से घर में प्रवेश कर टीम को मुक्त कराया। रिटायर्ड दरोगा, उसके बेटे और दो बेटियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अजीजपुर निवासी श्रीराम आर्य सेवानिवृत्त दरोगा है। वह वर्ष 2022 में मैनपुरी से सेवानिवृत्त हुआ है। उसके बेटों सोनू आर्य और दीपक आर्य के खिलाफ 26 जुलाई को गांव के ही रहने वाले दीपक शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 21 जुलाई की रात को सोनू और दीपक ने उससे और उसके दोस्त अजय से मारपीट की। विरोध पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसआई कपिल शर्मा ने विवेचना की। मामले में आरोपियों के खिलाफ नोटिस तामील कराने गए मगर हर बार कुछ न कुछ बहाना बनाकर रिटायर्ड दरोगा विवेचक को वापस भेज देता था। रविवार दोपहर को डेढ़ बजे एसआई कपिल शर्मा, एसआई अनीता कश्यप, एसआई सलोनी चौहान, हेड कांस्टेबल साधना यादव और वीरेश कुमार नोटिस तामील कराने गए थे। आरोप है कि घर पहुंचते ही आरोपियों का पिता श्रीराम आर्य, बहन ममता, सुमन, सीमा और भाई संजय उत्तेजित हो गए। पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोपियों को घर से भगा दिया और दरवाजे बंद कर पुलिस टीम को बंधक बना लिया। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो मारपीट की। हंगामा होने पर घर के बाहर भीड़ जुट गई मगर कोई अंदर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। इस पर पुलिसकर्मियों ने प्रभारी निरीक्षक को फोन से सूचना दी। कुछ ही देर में थाने की फोर्स पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। चौकी प्रभारी अनिल शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी पड़ोस के घर से आरोपियों के घर में गए। तब करीब 30 मिनट बाद दरवाजा खुलवाकर पुलिसकर्मियों को मुक्त कराया गया। मारपीट में एसआई कपिल शर्मा, सलोनी चौहान और अनीता कश्यप को चोट आई है। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को घर में बंधक बनाने के बाद जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी थी। पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी श्रीराम आर्य, ममता, सुमन, संजय को गिरफ्तार किया गया है। सीमा की तलाश की जा रही है। वहीं दोनों आरोपी सोनू और दीप भाग गए। उनकी तलाश में भी टीम को लगाया गया है।

- तीन दरोगा और दो सिपाहियों को घर में बंधक बनाकर पीटा, चार आरोपी गिरफ्तार

## रुपये लेकर इंस्पेक्टर ने छेड़छाड़ के चार आरोपियों के नाम हटाकर लगवा दी चार्जशीट : महिला दरोगा

**आगरा**। जिले में महिला दरोगा के एक वायरल ऑडियो ने पुलिस महकमे में खलबली मचा दी। महिला दरोगा इंस्पेक्टर पर रुपये लेकर छेड़छाड़ के आरोपियों को बचाने का आरोप लगा रहीं हैं। एत्मादपुर थाने की पुलिस एक बार फिर कठघरे में है। बुजुर्ग की पिटाई का मामला शांत भी नहीं पड़ा था। अब छेड़छाड़ पीड़िता के केस में 4 आरोपियों के नाम निकालने का आरोप लगा है। इस बार पीड़िता और विवेचक रही महिला दरोगा का ऑडियो भी वायरल हुआ है। वायरल ऑडियो में महिला दरोगा अपने इंस्पेक्टर, मुंशी पर रुपये लेकर नाम निकालने की बात कर रही है। इसका पता पीड़िता को फीडबैक लेने पर हुआ। उसकी शिकायत पर महिला दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया। अब ऑडियो सामने आने पर अधिकारी जांच की बात कर रहे हैं। थाना ट्रांस यमुना के कालिंदी विहार क्षेत्र की महिला फिरोजाबाद के एक कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने 25 अक्तूबर को थाना एत्मादपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 17 अक्तूबर को मायके से लौट रही थी। एत्मादपुर निवासी सगे भाई आशुतोष, हिमांशु ने साथी अनूप और रितेश के साथ कार में उसे जबरन बैठा लिया। दुष्कर्म की कोशिश की, कपड़े फाड़ दिए। अश्लील हरकत की। तभी पुलिस की गाड़ी आने पर आरोपी भाग गए। 30 सितंबर को भी आरोपियों ने रास्ते में अश्लील हरकत की थी। दूसरी घटना के आठ दिन बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। मामले में आशुतोष, हिमांशु, अनूप, रितेश, दो अन्य अक्षय और सुमित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना की विवेचना एसआई नीतू कर रही थीं। केस में 16 दिसंबर आरोप पत्र लगाया गया था। एडीसीपी ऑफिस से पीड़िता से फीडबैक लिया गया। तब उसे पता चला कि चार आरोपियों के नाम निकल गए हैं। 17 दिसंबर को वह विवेचक से मिलने पहुंची। दरोगा से बातचीत के दौरान ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया। यह अब वायरल हो रहा है। पीड़िता ने ऑडियो के साथ पुलिस आयुक्त दीपक कुमार से शिकायत की। मामले में दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया। मामले में दोबारा जांच कराई जा रही है। सोमवार को ऑडियो वायरल हुआ। दरोगा नीतू ने बताया कि 16 दिसंबर को रात 9:30 बजे तक वो थाने में रहीं। इसके बाद बच्चे की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें थाने से घर भेज दिया।

# संस्कृति विवि के 17 छात्रों को जापान की कंपनी जे-टेक्ट ने दी नौकरी



**मथुरा**। संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को जापान की ख्यातिप्राप्त जे-टेक्ट इंडिया कंपनी में नौकरी मिली है। आटोमोबाइल कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण पाट्र्स, विशेष रूप से स्टीयरिंग सिस्टम बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी ने संस्कृति विविके 17 विद्यार्थियों को आफर लैटर जारी करते हुए अपने यहां नौकरी दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, पढ़ाई के प्रति गंभीरता और लगन की सराहना की है। कंपनी द्वारा संस्कृति विवि के विद्यार्थियों का योग्यता परीक्षण करने के बाद मैकेनिकल डिप्लोमा के 17 विद्यार्थियों को अपने यहां काम का अवसर प्रदान किया है। संस्कृति विवि ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल के सीनियर मैनेजर आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि संस्कृति विवि के विद्यार्थियों का चयन एक निर्धारित योग्यतापरक चयन प्रक्रिया के तहत हुआ। विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता परिचय देकर इंटरव्यू क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के मैकेनिकल डिप्लोमा के छात्र कुलदीप, गोपाल, लक्ष्मण प्रसाद, सचिन सिंह, भूपेंद्र सिंह, योगेश, अनिल, प्रशांत गोला, विकास तिवारी, रोहित कुमार, नरेश, मुकेश, सुहैब खान, तेजवीर शर्मा, अजय शर्मा, मनीष कुमार एवं शिवम का चयन हुआ है। विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनके प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान और कौशल से नियोक्ता कंपनी के विकास में अपना सारा श्रम समर्पित करें। कंपनी की प्रगति ही आपके यश में वृद्धि करेगी।

# भाजपाइयों का अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित



- अटल बिहारी का जीवन हम सब कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है

**टूंडला**। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर विधानसभा टूंडला का अटल स्मृति सम्मेलन नगर के एल एम बेनीवाल गार्डन में आयोजित किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जीवन हम सब कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है अटल बिहारी वाजपेई का पिछले वर्ष से सभी कार्यकर्ता शताब्दी वर्ष मना रहे हैं भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने ग्राम सड़क चतुर्भुज योजना एवं नेशनल हाईवे किसान एवं गरीबों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य के साथ ही साथ पोखरण में विस्फोट कर विश्व पटल पर भारत की शक्ति का एहसास कराया था भारतीय जनता पार्टी के टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने काव्य पाठ कर अटल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला वृत क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश रावत ने गहन मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में कार्यकताओं से गहन चर्चा एवं कार्य करने को प्रेरित किया पूर्व विधायक शिव सिंह चक मोहन देव शंखवार चौधरी भंवर सिंह सतीश बघेल सुशील चक नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता शिव शंकर शर्मा दीपक चौधरी शैलेंद्र सिंह देवेंद्र बेनीवाल महावीर बघेल पूरन सिंह बीडीसी धर्मेंद्र प्रताप संजू योगेंद्र चौहान संजय चक अवधेश पालीवाल राजीव दुबे प्रेमचंद सिंह बलबीर सिंह बालकिशन गुप्ता सुशील पूनिया जुबिन भारद्वाज महेंद्र झा विजय प्रजापति राहुल सिंह एडवोकेट नरेंद्र पाल सिंह गिरीश उपाध्याय आकाश शर्मा पुष्पेंद्र पाल सिंह शैलेंद्र प्रताप दीपक राजोरिया विष्णु तिवारी सुनील पाठक विनोद बाबू कन्हैया सिंह ज्ञानेंद्र सिंह अजीत जुरैल प्रदीप जैन टाइगर रवि तोमर विकास अखिलेश विकास बाल्मिक श्रुति कोमल बाल्मिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मथुरा में विरोध के बाद सनी लियोनी का न्यू ईयर शो रद

**मथुरा**। ब्रज भूमि में सांस्कृतिक मयार्दा और धार्मिक भावनाओं को लेकर उठे विरोध के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी का न्यू ईयर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। यह शो 1 जनवरी की रात मथुरा स्थित एक निजी होटल में आयोजित होना था, लेकिन संत समाज के तीखे विरोध और प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापनों के बाद आयोजकों ने कार्यक्रम कैंसिल करने का फैसला लिया। आयोजकों के अनुसार, सनी लियोनी को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तहत एक क्श्र परफॉर्मेंस के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम रात 9 बजे शुरू होना था और इसमें करीब 300 दर्शकों की मौजूदगी की तैयारी की गई थी। इवेंट के लिए चार श्रेणियों में टिकट तय किए गए थे, जिनकी कीमत 20 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक रखी गई थी। हालांकि, टिकट बिक्री और बुकिंग को लेकर आयोजकों ने सार्वजनिक तौर पर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की थी। कार्यक्रम की सूचना सामने आते ही मथुरा-वृंदावन के साधु-संतों और धमार्चार्यों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। संत समाज का कहना था कि श्रीकृष्ण की भूमि पर इस तरह के मनोरंजन कार्यक्रम ब्रज की आध्यात्मिक पहचान और परंपराओं के खिलाफ हैं। उनका आरोप था कि ऐसे आयोजन फूहड़ता और अश्लीलता को बढ़ावा देते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच सकती है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के प्रमुख याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी ने भी इस कार्यक्रम का खुलकर विरोध किया। उन्होंने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर शो रद्द करने की मांग की थी। संतों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए आयोजकों के खिलाफ नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि नए साल की शुरूआत सनातन परंपरा में धार्मिक अनुष्ठानों और भक्ति से जुड़ी होती है, ऐसे में ब्रज क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम स्वीकार्य नहीं हैं।

## चार ग्रहों की युति में सन 2026 का होगा शुभारंभ



**मथुरा**। आगामी नववर्ष सन 2026 के वर्षफल को लेकर दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान की विचार गोष्ठी का आयोजन रतनकुंड स्थित कैंप कार्यालय पर किया गया। जिसमें संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुवेर्दी ने कहा कि चार ग्रहों की युति में सन-2026 का शुभारंभ होगा जिसमें ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र चार ग्रहों को साथ लेकर चतुर्ग्रही योग बनाकर धनु लग्न में सूर्योदय होगा। उन्होंने कहा यह वर्ष देश दुनिया के लिए अत्यन्त उथल-पुथल व भारी आपदाओं से युक्त रहेगा। गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा कि सन् 2026 ग्रहों के विशेष प्रभाव के कारण उतार चढ़ाव भरा वर्ष रहेगा जिसमें राजनैतिक उथल-पुथल एवं भयंकर महंगाई से जनता त्रस्त होगी। आगामी वर्ष में चार ग्रहण होंगे परन्तु भारत में दिखाई नहीं देंगे लेकिन उनका प्रभाव अवश्य होगा। साहित्याचर्य शरद चतुवेर्दी एवं ज्योतिषाचार्य पंकज चतुवेर्दी ने कहा कि 26 जुलाई से 10 दिसम्बर 2026 तक देश दुनिया के लिए नाजुक समय रहेगा शनि ग्रह उल्टी चाल से चलेगा जिसके कारण अनेक देशों में भूकंप एवं भूस्खलन जैसी आपदाएं आएंगी। ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुवेर्दी एवं सौरभ शास्त्री ने बताया कि नए वर्ष का प्रवेश उच्च राशि के चन्द्रमा में हो रहा है और शुभ नाम का योग भी रहेगा जिससे पृथ्वी पर हरियाली व खुशहाली रहेगी। ऋषभ देव, गोविंद देव, मनोज मनीष पाठक निरंजन शास्त्री आदि ने सभी धमार्नुरागियों से आग्रह किया है कि विश्व-कल्याण की कामना करते हुए सार्वजनिक स्थलों व अपने परिवार में अधिक से अधिक धार्मिक अनुष्ठान, हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ, रुद्राभिषेक, हवन पूजन, आदि करें जिससे देश दुनिया में होने वाले दैवीय आपदाओं का प्रभाव कम हो सके। वक्ताओं ने राशि फल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आगामी वर्ष 2026 में मेष, सिंह, धनु, कुंभ, मीन राशि वालों के लिए शनि का प्रभाव रहेगा जिसके कारण मानसिक तनाव तथा बनते कार्यों में अवरोध पैदा होंगे। वृषभ, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला राशि के लिए शुभ रहेगा। दम्पति स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। वृश्चिक एवं मकर राशि वालों के रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी और नए लोगों से सम्पर्क बनेंगे। ग्रह शांति के लिए गायों को हरा चारा, गुड़, और जलचरों, पक्षियों को दाना डालें। जिससे परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

## खंदौली में उमड़ा विप्र समाज का आक्रोश

**आगरा**। रविवार को खंदौली में यमुना एक्सप्रेसवे के समीप किसान नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज पर हो रही कथित घटनाओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लाखन सिंह त्यागी ने की और संचालन नागेंद्र उपाध्याय ने किया। एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद ब्राह्मण समाज के लोग एकजुट होना शुरू हो गए हैं इसलिए समाज के लोगों ने आक्रोश व्याप्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 11 जनवरी 2026 को खंदौली-सेमरा रोड स्थित एमजी फार्म हाउस में ब्राह्मण सम्मेलन एवं विप्र चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में विप्र समाज के लोग भाग लेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि 10 जनवरी तक तान्या मिश्रा की बरामदगी नहीं होने पर एवं समाज की अन्य मामलों को लेकर 11 जनवरी को होने वाले चिंतन शिविर में बड़े आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। सम्मेलन से पूर्व गांव-गांव जाकर ब्राह्मण समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान ब्राह्मण समाज की एक मासूम बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर भी गहरा आक्रोश जताया गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेजे जाने की जानकारी दी गई, लेकिन पीड़ित परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिला है। इसके अलावा किरावली क्षेत्र में राजू शर्मा के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई पर भी सवाल उठाए गए। समाज के लोगों ने मांग की कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही तान्या मिश्रा की शीघ्र बरामदगी की मांग दोहराते हुए चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो विप्र समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और समाज के सम्मान व सुरक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग ने किया विभिन्न स्थानों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद**। संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग भारत सरकार शशांक मिश्रा ने डीएम रमेश रंजन और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम रूपसपुर ग्राम में मनरेगा योजनान्तर्गत पुनर्जीवित की गयी सिरसा नदी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि सिरसा नदी का पुनरोद्धार स्थानीय ग्रामीणों के श्रम और प्रशासन के तालमेल से सम्भव हुआ है, इस नदी के पुनरोद्धार से अनेकों लाभ परिलक्षित हो रहे है, जिनमें इसके माध्यम से यहां भूगर्भ जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे भविष्य में पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। नोडल अधिकारी व संयुक्त सचिव ने नदी के पुनरोद्धार कार्य की गुणवत्ता और प्रयास की जमकर सराहना की, उन्होने इसे सामुदायिक सहभागिता और सरकारी योजना के सटीक क्रियान्वयन का बेहतर उदाहरण बताया नोडल अधिकारी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि सिरसा नदी आने वाले समय में न केवल पर्यावरण का संरक्षण करेगी, बल्कि जनपद के सर्वांगीण विकास की एक नई गाथा भी लिखेगी, उन्होने कहा कि जल संरक्षण के ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। इसके पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत मोहिनीपुर-दरिगापुर में नव निर्मित अटल वन का डीएम के साथ निरीक्षण किया नोडल अधिकारी ने वन क्षेत्र का भ्रमण कर वृक्षरोपण और पौधे का रख रखाव का जायजा लिया, अटल वन 2.5 है0 में फैला हुआ है, जिसमें कुल 4 हजार पौधे रोपित किये गये है, सामाजिक वानिकी के तहत किए गए इस वनीकरण में छायादार वृक्षों के साथ बडी संख्या में फलदार वृक्ष भी लगाय गये है, निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि केवल वृक्ष लगाना ही महत्वपूर्ण नही है, बल्कि उनका संरक्षण भी महत्वपूर्ण है, इसलिए जरूरी है कि यहां पर पौधे के आस पास ट्री गार्ड भी अवश्य लगाये जाए, साथ ही साथ वन विभाग व स्थलीय प्रशासन, पौधों की सिंचाई और सुरक्षा की निरन्तगर निगरानी करें। इसके बाद नोडल अधिकारी डीएम संग तहसील टूण्डला में स्थित मोहम्मदाबाद तालाब का भी निरीक्षण करने गए, यह तालाब पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी हाइवे से दूरी बेहद कम है, नोडल अधिकारी ने कहा कि यहां पर पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु नौकाऐं लाई जाए, साथ ही साथ यहां पर जाने वाले सम्पर्क मार्ग को भी ठीक कराया जाए, साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने वाली अन्य व्यवस्थाऐं भी की जाएं, जिससे यह स्थल पर्यटनकेन्द्र के रूप में उभर सके, भ्रमण के दौरान डीएफओ एडीएम नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाटी, डीसी मनरेगा, बीडीओ टूण्डला आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध कॉलोनियों पर विप्रा ने की ध्वस्तीकरण कार्रवाई

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए विगतदिवस थाना छाता क्षेत्र अंतर्गत एनएच 19 पर विकसित की जा रही तीन अनधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के निर्देश पर सचिव के नेतृत्व में की गई। प्राधिकरण के अनुसार आदर्श कुमार द्वारा श्रीजी बाबा स्कूल के सामने लगभग 50 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में, प्रमोद एवं लाखन सिंह द्वारा संस्कृति यूनिवर्सिटी ऑरेंज कुंज के पास करीब 30 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में तथा बैंकेश्वर कुमार द्वारा जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने मौजा जैत में लगभग 12 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में सडक व नाली निर्माण कर अवैध रूप से भू विभाजन कर कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। इन मामलों में पूर्व में वाद पंजीकृत कर 18 जुलाई 2025 को ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में अवैध निर्माण न हटाए जाने पर 29 दिसंबर को तीनों स्थलों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई।

संक्षेप

## सैमसंग एआई टीवी पर आ रहा है गूगल फोटोज

नयी दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपनी एक नई पहल की घोषणा की है, जो हमारे यादों को सहेजने के तरीके को बदल देगी। कंपनी जल्द ही गूगल फोटोज को सीधे अपने टीवी लाइनअप में एकीकृत करने जा रही है। अब आपकी छुट्टियों की मस्ती, पुराने शौक और अपनों के साथ बिताए गए वो अनमोल पल सिर्फ मोबाइल तक सीमित नहीं रहेंगे, अब आप उन्हें अपने टीवी की विशाल और भव्य स्क्रीन पर देख सकेंगे। इसका मकसद परिवारों को एक साथ लाना है, ताकि वे अपने जीवन के सबसे खूबसूरत लम्हों को एक शानदार और इमर्सिव अंदाज में फिर से जी सकें। सैमसंग टीवी हमेशा से घर के लिविंग रूम का केंद्र रहे हैं, जहाँ पूरा परिवार एकजुट होता है। अब गूगल फोटोज के साथ यह अनुभव और भी खास और निजी होने जा रहा है। गूगल फोटोज हमारी अनमोल यादों को फिर से जीने और उन्हें अपनों के साथ बांटने का काम बेहद आसान बना देता है। अब इस नई साझेदारी के साथ, आपके स्मार्टफोन की गैलरी में सिमटी यादें सीधे सैमसंग टीवी पर पहुँच जाएंगी, जहां आप उन्हें एक सिनेमाई भव्यता के साथ देख सकेंगे।

## कंपनियां अब 31 जनवरी तक दाखिल कर सकेंगी वित्तीय विवरण एवं वार्षिक रिटर्न

नयी दिल्ली। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने मंगलवार को कंपनियों के लिए वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी। यह विस्तार कंपनी कानून के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित फाइलिंग के लिए दिया गया है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली थी। मंत्रालय ने यह फैसला विभिन्न हितधारकों से मिले आवेदनों को ध्यान में रखते हुए लिया है। कई कंपनियों और पेशेवरों ने फाइलिंग प्रणाली से जुड़ी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याओं की ओर मंत्रालय का ध्यान दिलाया था। मंत्रालय ने अपने एक परिपत्र में कहा, हितधारकों से मिले आवेदनों को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित अपनी वार्षिक फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरी करने की अनुमति दी जाए। परिपत्र के अनुसार, अतिरिक्त शुल्क के बगैर दाखिल किए जा सकने वाले ई-फॉर्म में एमजीटी-7, एमजीटी-7ए, एओसी-4, एओसी-4 सीएफएस, एओसी-4 एनबीएफसी (इंड एएस), एओसी-4 सीएफएस एनबीएफसी (इंड एएस) और एओसी-4 (एक्सबीआरएल) शामिल हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी इस निर्णय की जानकारी दी। पोस्ट के मुताबिक, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाई गई है और अतिरिक्त शुल्क से छूट दी गई है।

## बिहार की दो बंद चीनी मिलों का संचालन करेगा सहकारिता विभाग: मंत्री

पटना। बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य की दो बंद पड़ी चीनी मिलों का संचालन सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है, जिनमें मधुबनी जिले की सकरी और रैयाम चीनी मिलें शामिल हैं। मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में साफ किया कि इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद ही सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसके बाद ही चीनी मिलों के संचालन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य 36.85 लाख टन के मुकाबले 6620 समितियों के माध्यम से राज्य के 1.32 लाख किसानों से 9.53 लाख टन धान की खरीद की गई है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में 1755 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में भुगतान कर दी गई है। 28 फरवरी 2026 तक समितियों के माध्यम से धान की खरीद जारी रहेगी। मंत्री ने कहा कि धान बेचने के इच्छुक किसानों की सूची तैयार करने और उनके लिए तिथि निर्धारित कर खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिए गए हैं। किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जा रहा है। किसानों की शिकायतों के निवारण के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य की सहकारी समितियों में 7221 गोदामों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

# सेंसेक्स में 20 अंकों की गिरावट

मुंबई। शेयर बाजार में साल की समाप्ति से पहले हुए हल्के कारोबार में मंगलवार को मामूली गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और वैश्विक शेयर बाजारों में नरम रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन गिरावट आई और यह 20.46 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 84,806.99 के ऊपरी और 84,470.94 के निचले स्तर तक गया। इसमें कुल 336.05 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं एनएसई का 50 शेयर वाला सूचकांक निफ्टी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र की गिरावट के साथ 25,938.85 अंक पर स्थिर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस,




एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक शामिल हैं। वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार स्थिर बंद हुए....। साल के अंत में सुस्त गतिविधि और विदेशी निवेशकों के बहिर्वाह को लेकर लगातार बनी चिंताओं के कारण निवेशक बाजार से दूर रहे...। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप में 0.20 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 0.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स में पिछले पांच कारोबारी सत्र में 892.4 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष के अंत में बाजारों में सुस्ती छाई रही और लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ कारोबार समाप्त हुआ। शुरुआती गिरावट के बाद निफ्टी सत्र के दौरान अधिकतर समय एक सीमित दायरे में ही रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में मामूली बढ़त थी। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,759.89 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,643.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.47 प्रतिशत बढ़कर 62.23 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। सेंसेक्स सोमवार को 345.91 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 100.20 अंक की गिरावट आई थी।

# चांदी चार प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में मंगलवार को चांदी की कीमत लगभग चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2,34,019 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

रिकॉर्ड ऊंचाई पर आक्रामक मुनाफावसूली के कारण भारी गिरावट के बाद कारोबारियों की फिर से लिवाली से चांदी के वायदा भाव में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च, 2026 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 9,590 रुपये यानी 4.27 प्रतिशत के उछाल के साथ 2,34,019 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 11,915 लॉट के लिए कारोबार हुआ। सोमवार को चांदी 14,387 रुपये यानी 6 प्रतिशत बढ़कर 2,54,174 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। बाद में, निवेशकों की भारी मुनाफावसूली से कीमत 15,358 रुपये यानी 6.40 प्रतिशत टूटकर 2,24,429 रुपये प्रति



किलोग्राम पर बंद हुईं। सोमवार को चांदी की कीमतें बढ़ीं, जो पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद स्थिर हो गईं, क्योंकि कारोबारियों ने जोरदार मुनाफावसूली के बाद अपने सौदों की कमी को पूरा किया। रिकॉर्ड उच्च स्तर से तेज गिरावट के बाद फिर से यह उछाल आया। एमसीएक्स में सोना वायदा में भी ज़बरदस्त खरीदारी देखी गई। फरवरी अनुबंध वाले सोने की कीमत 826 रुपये यानी 0.61 प्रतिशत बढ़कर 1,35,768 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 15,953 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार, कॉमेक्स में फरवरी डिलीवरी वाले सोना के वायदा अनुबंध 37.10 डॉलर यानी 0.85 प्रतिशत बढ़कर 4,380.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली उभरने से चांदी वायदा कीमत में भी उछाल आया। मार्च 2026 अनुबंध वाले चांदी की कीमत 3.44 डॉलर यानी लगभग 5 प्रतिशत बढ़कर 73.90 डॉलर प्रति औंस हो गई। सोमवार को, विदेशी कारोबार में चांदी 82.67 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। उसके बाद यह 6.73 यानी 8.73 प्रतिशत टूटकर 70.46 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई।

# दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटा, व्यापारिक ढांचा बरकरार

नयी दिल्ली। दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात तेजी से घट सकता है, लेकिन यह गिरावट आपूर्ति स्रोतों में किसी संरचनात्मक बदलाव के बजाय अल्पकालिक बाधाओं को दर्शाती है।

ताजा आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रहने का अनुमान है, जो नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था। यह स्तर दिसंबर 2022 के बाद सबसे निचला होगा। भारतीय रिफाइनरी गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए हैं। विश्लेषकों ने अक्टूबर में ही इस गिरावट की ओर इशारा किया था। ऐसा रूस के शीर्ष निर्यातकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी कार्रवाई तथा रूस से जुड़े उत्पाद प्रवाह पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के चलते हुआ। दिसंबर में भारत में रूसी कच्चे तेल की मांग तेजी से सुस्त हुई, और आयात 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गया है। प्रमुख रिफाइनरी ने रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगे प्रतिबंधों के बाद खरीद घटा दी है। यह एक अल्पावधि का समायोजन लगता है, और जनवरी से नए बिचौलियों के आने तथा आपूर्ति शृंखलाओं के दोबारा स्थापित होने के साथ आयात में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।

# उपग्रह संचार की तरफ कदम बढ़ाता दिखा भारतीय दूरसंचार उद्योग

नयी दिल्ली। उपग्रह संचार (सैटकॉम) के रूप में नए संचार सेवा प्रदाताओं के प्रवेश ने देश के दूरसंचार क्षेत्र में इस साल नई हलचल पैदा की है। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन सुरक्षा मंजूरी लंबित रहने और स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण पर अभी फैसला न हो पाने से इसकी शुरुआत अब अगले साल तक टलती दिख रही है।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कुछ समय पहले तक केवल कल्पना मानी जाती रही सैटकॉम सेवाएं जल्द ही हकीकत बनने जा रही हैं। हम सैटकॉम के तीन लाइसेंस जारी कर चुके हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द प्रशासकीय रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम



के लिए मूल्य निर्धारण मानक सामने आएंगे और उपग्रह प्रौद्योगिकी भी आम जनता के लिए उपलब्ध सेवाओं के हमारे पैकेज का हिस्सा बनेगी। स्टारलिंक की दस्तक से प्रीमियम खंड में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है, जिस पर फिलहाल रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का दबदबा है। सरकार लगातार यह प्रयास कर रही है कि दूरसंचार बाजार पर केवल दो कंपनियों का ही वर्चस्व न कायम हो और उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार संकटग्रस्त वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) और सरकारी कंपनी बीएसएनएल के पुनरुद्धार पर भी जोर दे रही है। वीआईएल ने उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में कहा है कि 31 मार्च, 2025 तक उस पर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के आधार पर 83,400 करोड़ रुपये की देनदारी है और उसे मार्च 2026 से अगले छह वर्षों तक हर साल 18,000 करोड़ रुपये चुकाने होंगे। कंपनी ने कहा है कि भारी एजीआर बकाया और बैंकों से वित्त नहीं मिलने के कारण उसका अस्तित्व ही संकट में आ गया है।

# रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 89.84 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की बढ़त के साथ 89.84 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की डॉलर की बिक्री से रुपया लाभ में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों ने स्थानीय मुद्रा को सहारा दिया। हालांकि मजबूत डॉलर, वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी ने तेज वृद्धि को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 89.98 पर खुला। कारोबार के दौरान 89.72 से 89.98 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में 89.84 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की तेजी है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.98 पर बंद हुआ था। रुपया का रुख सुबह से ही कमजोर रहा लेकिन बाद में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की लगातार डॉलर बिक्री से इसमें मजबूती आई और यह 89.72 तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों की वापसी हुई और उन्होंने डॉलर की खरीदारी की। हाल के दिनों में रुपया 89.50 से 90 के दायरे में बना हुआ है। फिलहाल आरबीआई 90 के स्तर का बचाव करता दिख रहा है।

# शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों की निकासी, शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं, ऊंचे मूल्यांकन और रुपये की कमजोरी जैसी कई चुनौतियों के बावजूद बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त से इस साल दलाल स्ट्रीट के निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

विश्लेषकों ने कहा कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन और सुदृढ़ व्यापक आर्थिक स्थिति, खासकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में तेज से शेयर बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया। विदेशी निवेशकों की निकासी एक चुनौती बनी रही, इसके बावजूद बाजार की मजबूती स्पष्ट दिखी। 2025 में भारतीय बाजार के प्रमुख कारकों में




मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन शामिल रहा। बीएसई का 30 शेयर आधारित सेंसेक्स 29 दिसंबर तक 6,556.53 अंक यानी 8.39 प्रतिशत चढ़ा। एक दिसंबर को इसने 86,159.02 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। इस साल अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 30,20,376.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,72,15,483.12 करोड़ रुपये (करीब 5250 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले साल अप्रैल में पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया था। 2025 को भारतीय शेयरों के लिए समेकन और बदलाव का वर्ष कहा जा सकता है। कई वर्षों तक दोहरे अंक के मजबूत रिटर्न के बाद इस साल मानक सूचकांकों में अपेक्षाकृत सीमित बढ़त रही। सेंसेक्स और निफ्टी में साल भर में करीब 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वैश्विक प्रतिकूलताओं, विदेशी पूंजी की निकासी और मूल्यांकन में सुधार के बीच यह प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। घरेलू स्तर पर बाजारों को कमजोर कॉरपोरेट आय वृद्धि, ऊंचे मूल्यांकन, रुपये की कमजोरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी का सामना करना पड़ा जिससे स्थिर व्यापक आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद धारणा सतर्क बनी रही। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं और अमेरिका के केंद्रीय बैंक की ब्याज दरों को लेकर बदलती अपेक्षाओं का बाजारों पर असर पड़ा। विदेशी निवेशकों ने 2025 में शेयर बाजार से रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये (करीब 18 अरब अमेरिकी डॉलर) की निकासी की। मजबूत आर्थिक वृद्धि, सरकार के पूंजीगत व्यय एवं घरेलू निवेशकों के सतत निवेश से बाजारों को सहारा मिला।

# भारत में 2026 में मुद्रास्फीति का स्तर कम रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। खाद्य कीमतों में नरमी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से इस वर्ष महंगाई की स्थिति अनुकूल रहने के बाद भारत, 2026 में खुदरा महंगाई को लक्ष्य बनाने से जुड़े मौद्रिक नीति ढांचे में बदलाव और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की गणना की पद्धति में संशोधन की तैयारी कर रहा है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के सहज दायरे (दो से छह प्रतिशत) के भीतर बनी हुई है और अगले वर्ष भी इसी स्तर पर रहने के आसार हैं। इससे आने वाले महीनों में केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कम से कम एक और कटौती का अनुमान भी है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी




के अलावा, सरकार द्वारा सितंबर में करीब 400 वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी की दरों में कटौती के फैसले से भी देश में मूल्य स्थिति को और बेहतर बनाने में मदद मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर ने भी 2025 के दौरान महंगाई के दबाव में स्पष्ट नरमी के संकेत दिए। वर्ष के शुरुआती महीनों में डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई बढ़ी लेकिन इसमें लगातार गिरावट दर्ज की गई, जो खासकर खाद्य एवं ईंधन श्रेणियों में कीमतों के दबाव के कम होने को दर्शाती है। थोक मुद्रास्फीति में जून में गिरावट आई और यह रुख आगे भी जारी रहा। जुलाई और अक्टूबर में भी यह घटती गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति या कुल महंगाई नवंबर 2024 से घटने लगी और इसके बाद जून 2025 तक यह रिजर्व बैंक के सहज दायरे (दो से चार प्रतिशत) में बनी रही। इसके बाद यह दो प्रतिशत से नीचे आ गई। सीपीआई में लगभग 48 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली खाद्य महंगाई जनवरी में करीब छह प्रतिशत से घटनी शुरू हुई और जून में यह शून्य से नीचे आ गई। ताजा आंकड़ों के अनुसार नवंबर में खाद्य महंगाई शून्य से नीचे 3.91 प्रतिशत पर रही।

पेज एक का शेष

## उप्र : एसआईआर

प्रकाशन अगले साल छह मार्च को किया जाएगा। प्रदेश में लगभग 12.55 करोड़ मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की छह जनवरी को संभावित मसौदा सूची में शामिल किये जाएंगे। जो मतदाता छूट गये हैं उन्हें नये साल से एसआईआर के अगले चरण में दोबारा शामिल होने का मौका दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिये फार्म-छह जमा करना होगा।

## दीर्घकालिक

अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखेगा, आधार मजबूत करेगा और नए अवसर खोलेगा। घरेलू बचत में वृद्धि, मजबूत बुनियादी ढांचे का विकास और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिये संरचनात्मक बदलावों की गति को तेज करना इस चर्चा के केंद्र में रहा। समूह ने कृत्रिम मेधा (एआई) की भूमिका को विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने वाला उपकरण बताया और भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी संरचना (डीपीआई) को लगातार बढ़ाने पर भी चर्चा की।

बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा एवं शक्तिकांत दास, मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम और आयोग के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा कई प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ भी इस बैठक में मौजूद रहे। इनमें पूर्व सीईए शंकर आचार्य, अशोक के. भट्टाचार्य, एन. आर. भानुमूर्ति, पूर्व एमपीसी सदस्य आशिमा गोयल, धर्मकीर्ति जोशी, उमाकांत दास, पिनाकी चक्रवर्ती, इंद्रनील सेन गुप्ता, समीरन चक्रवर्ती, अभिमान दास, राहुल बाजोरिया, मोनिका हलन और सिद्धार्थ सान्याल शामिल थे।

## सुधारों के बाद

बनाया, शासन को सरल किया और दीर्घकालीन समावेशी वृद्धि के लिए बुनियाद को मजबूत किया। मोदी ने कहा कि सरकार ने उच्च महत्वाकांक्षा, त्वरित निष्पादन और व्यापक रूपांतरण के साथ आगे बढ़ते हुए सुधारों को लागू किया। इन सुधारों का उद्देश्य नागरिकों को गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर देना, उद्यमियों को आत्मविश्वास के साथ नवाचार का मौका देना और संस्थाओं को स्पष्टता एवं भरोसे के साथ कार्य करने में सक्षम बनाना है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, श्रम कानूनों में सुधार और ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसी कुछ प्रमुख पहलों का उदाहरण भी दिया। उन्होंने जीएसटी में पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत का दो-स्तरीय कर ढांचा लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे घरों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-गहन क्षेत्रों पर बोझ कम हुआ है। उन्होंने कहा, इसका मकसद विवादों में कमी लाना और अनुपालन को बेहतर करना है। इस सुधार से उपभोक्ता धारणा और मांग में वृद्धि हुई है। त्योहारी मौसम में बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मोदी ने इस पोस्ट में मध्यम वर्ग को दी गई अप्रत्याशित राहत का जिक्र करते हुए कहा कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को अब आयकर नहीं देना है। इसके अलावा 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को बदलते हुए आधुनिक और सरल आयकर अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ छोटे एवं मध्यम व्यवसायों को प्रोत्साहन देने के लिए छोटी कंपनियों की परिभाषा का विस्तार करते हुए 100 करोड़ रुपये तक कारोबार करने वाली कंपनियों को इसके दायरे में लाया गया है। इससे हजारों कंपनियों का अनुपालन बोझ और संबंधित लागत कम होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने से बीमा दायरा बढ़ेगा, प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर विकल्प एवं सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र में एक ही बार पांच समुद्री कानून पारित किए गए। इन सुधारों से समुद्री व्यापार से संबंधित दस्तावेज रखना और विवाद समाधान आसान होने के साथ लॉजिस्टिक लागत में भी कमी आएगी। मोदी ने चार आधुनिक श्रम संहिताएं लागू किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, भारत ने ऐसा श्रम ढांचा तैयार किया है जो मजदूरों के हित सुरक्षित करने के साथ कारोबारी परिवेश को भी मजबूत करता है। इन सुधारों से उचित वेतन, समय पर वेतन भुगतान, बेहतर औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित होते हैं। प्रधानमंत्री ने न्यूजीलैंड, ओमान एवं ब्रिटेन के साथ इस साल हुए व्यापार समझौतों पर कहा कि ये निवेश बढ़ाएंगे, रोजगार सृजित करेंगे और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एफटीए भी लागू हो गया है। इससे एक भरोसेमंद और प्रतिस्पर्धी साझेदार के रूप में भारत का दर्जा मजबूत हुआ है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शांति अधिनियम भारत के स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के सफर में एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण रोजगार गारंटी में भी ऐतिहासिक सुधार हुए हैं और विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत रोजगार गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण कार्य को उच्च आय और बेहतर संपत्ति सुनिश्चित करने का साधन बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सुधार सहानुभूति और डेटा आधारित निर्णयों के साथ तैयार किए गए हैं। इस दौरान छोटे व्यवसायों, युवा पेशेवरों, किसानों, श्रमिकों और मध्यवर्ग की वास्तविकताओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि ये सुधार भारत को नियंत्रण-आधारित अर्थव्यवस्था से भरोसे पर आधारित अर्थव्यवस्था की तरफ ले जाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये सुधार एक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में केंद्रित हैं। विकसित भारत का निर्माण हमारे विकास पथ का ध्रुवतारा है। हम आने वाले वर्षों में सुधार एजेंडे को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे भारत की विकास यात्रा में विश्वास बनाए रखें और देश के लोगों में निवेश कर भारत की वृद्धि गाथा को मजबूत करें।

## रेलवन ऐप के

पेशकश किसी अन्य ऑनलाइन अनारक्षित टिकट खरीद प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं है, एक अधिकारी ने कहा, मौजूदा व्यवस्था में, रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट खरीदने और आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने वाले संभावित यात्रियों को तीन प्रतिशत कैशबैक की पेशकश की जाती है। हालांकि, नयी पेशकश में, रेलवन पर अनारक्षित टिकट खरीदने वालों को सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से तीन प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## चौथी सबसे

दूसरे स्थान पर है। बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई। बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

## सोनभद्र

सुनिश्चित किये जाने के लिए वाराणसी के शुभम जायसवाल, सहारनपुर के विशाल उपाध्याय, भदोही के निशांत और वाराणसी के विजय गुप्ता पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## नव वर्ष पर

सुरक्षा, सुविधा एवं आतिथ्य का पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि चैकिंग के नाम पर आम जनता एवं पर्यटकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में जिन स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण की समस्याएं आ रही हैं, उन्हें सख्ती से हटाया जाए। जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, परिवहन तथा एमडीडीए टास्क फोर्स बनाकर सड़कों से निरंतर अतिक्रमण हटायें। अन्य जिलों में भी जहां सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या है, इस पर निरंतर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर होटल और रिसार्ट्स में भी फायर सेफ्टी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार की घटना की स्थिति में पुलिस 5 मिनट के अंदर मौके पर पहुंच जाए।

बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, गढ़वाल कमिश्नर एवं सचिव विनय शंकर पाण्डेय, सचिव धीराज गर्ब्याल, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, शासन एवं पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से आईजी कुमांऊ रिद्धिम अग्रवाल, सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

## लोगों की

के लिए छोटी सी सेवा के माध्यम से पहल की गई है। सिविल अस्पताल के पास निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था की गयी है। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर होना पड़ता है। बहुत से लोग गरीबों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें गर्म कपड़े, कंबल का वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था करने जैसा नेक कार्य करते हैं और इस बहाने लोगों को जन सेवा के लिए प्रेरित करते हैं, ताकि गरीबों को राहत मिल सके। लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन की यह छोटी किन्तु मानवीय पहल गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत देगी, ऐसा हमें विश्वास है।

## महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता के लिए मंत्रालयों के बीच समन्वय जरूरी: संसदीय समिति

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने लिथियम, ग्रेफाइट, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विभिन्न मंत्रालयों के बीच निर्बाध समन्वय की जरूरत पर बल दिया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भविष्य की प्रौद्योगिकी-आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन खनिजों की भूमिका निर्णायक होगी और इनके लिए सुदृढ़ एवं टिकाऊ आपूर्ति शृंखला सुनिश्चित करना समय की मांग है। कोयला, खान और इस्पात संबंधी संसद की स्थायी समिति ने एक रिपोर्ट में कहा कि घरेलू क्षमता निर्माण पर केंद्रित आत्मनिर्भर भारत पहल महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने और देश की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की अपार संभावनाएं रखती है।




# भारत ने श्रीलंका को दिया 176 रन का लक्ष्य

## कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 68 रन बनाए, अरुंधति के 11 बॉल पर 27 रन

एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक छोर से पारी संभल रखी है। भारतीय महिला टीम ने टी-20 सीरीज के 5वें मैच में श्रीलंका को 176 रन का टारगेट दिया है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम पर श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने एक ओवर में बिना नुकसान के 3 रन बना लिए हैं। हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा क्रीज पर हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिफ्टी टीम इंडिया की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 43 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली। वहीं, अरुंधति रेड्डी ने 11 गेंद पर 27 रन बनाए। अमनजोत कौर ने 21 रनों का योगदान दिया। शेष भारतीय बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकीं। श्रीलंकाई टीम की ओर से कप्तान चमारी अटापट्टू, कविषा दिलहारी और रश्मिका सेवांदी ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट निमाषा को मिला। भारत के पास 5-0 से क्लीन स्वीप का मौका इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास सीरीज को 5-0 से क्लीन स्वीप करने का मौका है। टीम इंडिया ने पिछला मैच 30 रन से जीता था। फिलहाल, इंडिया सीरीज में 4-0 से आगे है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक छोर से पारी संभल रखी है। भारत और श्रीलंका की महिला टीमों के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 166 रन बना लिए हैं। अरुंधति रेड्डी और स्नेह राणा क्रीज पर हैं। कप्तान कप्तान हरमनप्रीत कौर 68 रन बनाकर आउट हुईं।

उन्हें कविषा दिलहारी ने बोल्ड कर दिया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने पावरप्ले में जी कमलिनी (12 रन) को छइह किया। रश्मिका सेवांदी ने अमनजोत कौर (21 रन) और हरलीन देओल (13 रन) को पवेलियन भेजा। कप्तान चमारी अटापट्टू ने दीप्ति शर्मा (7 रन) और ऋचा घोष (5 रन) को भी आउट किया। शेफाली वर्मा (5 रन) निमाषा मीपागे की बॉल पर कैच आउट हुईं। इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास सीरीज को 5-0 से क्लीन स्वीप करने का मौका है। टीम इंडिया ने पिछला मैच 30 रन से जीता था। फिलहाल, इंडिया सीरीज में 4-0 से आगे है। 18वें ओवर में भारतीय टीम ने 7वां विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान कप्तान हरमनप्रीत कौर 68 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें कविषा दिलहारी ने बोल्ड कर दिया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने पावरप्ले में जी कमलिनी (12 रन) को छइह किया। 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर अमनजोत कौर 21 रन बनाकर आउट हुईं।

उन्हें रश्मिका सेवांदी ने कविषा दिलहारी के हाथों कैच कराया। रश्मिका को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने हरलीन देओल (13 रन) को बोल्ड कर दिया। 15वें ओवर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 35 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। हरमन ने इस ओवर में चमारी अटापट्?टू की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। इसी ओवर में टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 11वें ओवर में भारत का 5वां विकेट गिरा। यहां पर दीप्ति शर्मा 7 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें चमारी अटापट्टू ने निमाषा मीपागे के हाथों कैच कराया। अटापट्टू ने ऋचा घोष (5 रन) का भी विकेट लिया। 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर भारत का चौथा विकेट गिरा।

# विश्व ब्लिट्ज : एरिगैसी ने कार्लसन को हराकर पहले दिन संयुक्त बढ़त बनायी



दोहा। भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना करने के कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की। इसके बाद एरिगैसी ने एक अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी हराया और तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। इस तरह से एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और वह मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। एरिगैसी ने शानदार खेल दिखाया जबकि कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी के पास सिर्फ नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड बचे थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जल्दी से रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे वापस बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था। कार्लसन अपना गुस्सा नहीं छिपा सके और उन्होंने मेज पर मुक्का मारकर उसे बुरी तरह हिला दिया, हालांकि एरिगैसी इससे अविचलित रहे। कार्लसन ने इसी साल नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में भारत के डी गुकेश से हारने के बाद मेज पर इसी तरह से हाथ पटका था।

## महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली और रेणुका ऊपर, दीप्ति नंबर एक पर बरकरार

दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। पूर्व शीर्ष बल्लेबाज 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाये। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं। अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंच गई है। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढकर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बायें हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढकर 52वें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढकर 124वें स्थान पर है। श्रीलंका के लिये खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढकर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## संक्षेप

### भारतीय खेलों में 2025 में नारी शक्ति का कमाल

नयी दिल्ली। चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी। शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा। निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें अब तक दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का दबदबा रहा था।

### महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया सर्वश्रेष्ठ टीम : गार्डनर

सिडनी। स्टार ऑलराउंडर एशले गार्डनर का मानना है कि भले ही ऑस्ट्रेलिया अभी टी20 या वनडे चैंपियन न हो लेकिन इसके बावजूद वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। गार्डनर ने उम्मीद जताई कि फरवरी में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत की मेजबानी करेगी तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। गार्डनर ने कहा कि टी20 और वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को मिली हार ने टीम पर ऐसा दबाव बना दिया है जिसकी उसे आदत नहीं है। गार्डनर ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, पिछले कुछ समय में हम पर काफी दबाव पड़ा है। लेकिन इसके बावजूद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि दुनिया में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी और मार्च में वनडे चैंपियन भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। गार्डनर ने कहा भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगा, और ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने हाल में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। विश्व कप से पहले वनडे श्रृंखला में उन्होंने हमें कड़ी टक्कर दी थी और फिर विश्व कप के सेमीफाइनल में भी वे हम पर हावी रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को घरेलू धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन स्पष्ट किया कि भारत को किसी भी तरह से कम करके नहीं आंका जा सकता है। गार्डनर ने कहा वे हमारी परिस्थितियों को समझने की कोशिश कर रहे हैं, जिनके बारे में हम उनसे बेहतर जानते हैं। अगर वे हमें चुनौती देते हैं।

# कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया



एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया है। किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से नए साल के अवसर पर सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में नीदरलैंड की रहने वाली 56 वर्षीय कोच विगमैन का नाम भी शामिल है।

विगमैन के कोच रहते हुए इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने इस साल गर्मियों में लगातार दूसरी बार यूरो कप का खिताब जीता था। इसके अलावा टीम उनकी अगुवाई में 2023 में विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। विगमैन ने कहा जब मैं पहली बार इंग्लैंड आयी थी, तो मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इतना सम्मान और स्नेह मिलेगा। मैं प्रशंसकों का उनके समर्थन के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। वहीं दूसरी ओर

फजिला इक्कापुट के चार और सौम्या गुगुलेथ के तीन गोल की मदद से ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वूमेन लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल मैच में मंगलवार को यहां में सेसा फुटबॉल अकादमी को 9-0 से हराकर इस लीग में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। फजिला ने नौवें, 22वें, 25वें और 72वें मिनट में गोल दागे जबकि सौम्या ने छठे, 54वें और 86वें मिनट में गोल किया।

सुलंजना राउल (17वें मिनट) और रेस्टी नांजिरी (40वें मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। देश की शीर्ष महिला लीग में इस साल जगह बनाने के बाद बाद सेसा एफए की यह राष्ट्रीय लीग (आईडब्ल्यूएल और आईडब्ल्यूएल दो) में सबसे बड़ी हार है। इस बड़ी जीत के बाद मौजूदा चैंपियन ईस्ट बंगाल की टीम तीन मैचों में नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम का शीर्ष पर काबिज नीता एफए (चार मैच में 10 अंक) के खिलाफ मैच अभी बाकी है। चार मैचों के बाद भी सेसा एफए अपना खाता नहीं खोल पाई है।

# यूपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 9 स्वर्ण सहित 31 पदक




खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की वुशू टीम ने नौवीं वूशू नेशनल फेडरेशन कप प्रतियोगिता में जुझारूपन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए नौ स्वर्ण सहित कुल 31 पदक जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में गत 24 से 30 दिसंबर, 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने सीनियर पुरुष व सीनियर महिला टीम ने ऑल इंडिया रैंकिंग में शीर्ष चार में स्थान हासिल किया, जिसे प्रदेश के वूशू इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश टीम ने प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण, 12 रजत और 10 कांस्य पदक अर्जित कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इसमें लखनऊ के सुनीश रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। उत्तर प्रदेश के

**नौवीं वूशू नेशनल फेडरेशन कप प्रतियोगिता**

खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर उत्तर प्रदेश वूशू एसोसिएशन के अध्यक्ष सुहेल अहमद और महासचिव मनीष कक्कड़ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम के कोच अमित रोसा और मैनेजर आकाश चौधरी रहे। उनके कुशल नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन में टीम ने यह शानदार उपलब्धि हासिल की।

स्वर्ण : सौरव (सीनियर पुरुष, 75 किग्रा से कम) गौतम बुद्ध नगर, छवि शर्मा (सीनियर महिला, 48 किग्रा से कम) गाजियाबाद, निखिल सोनी (जूनियर बालक, 48 किग्रा से कम) आगरा, मयंक रोसा (जूनियर बालक, 56 किग्रा से कम) गौतम बुद्ध नगर, प्रियांशु 75 किग्रा (जूनियर बालक, 75 किग्रा से कम) गौतम बुद्ध नगर।

रजत : अनिकेत तोमर (सीनियर पुरुष, 52 किग्रा से कम) शामली, लव कुमार (सीनियर पुरुष, 75 किग्रा से कम) गौतम बुद्ध नगर, मेघा (सीनियर महिला, 52 किग्रा से कम) मेरठ, अनुष्का भाटी (सीनियर महिला, 56 किग्रा से कम) गौतम बुद्ध नगर, तनु तोमर (सीनियर महिला, 60 किग्रा से कम) मेरठ, प्रशांत (जूनियर बालक, 80 किग्रा से कम) मेरठ, रिया पंवार (जूनियर बालिका, 75 किग्रा से कम) बड़ौत, आयुष सैनी (सब जूनियर बालक, 39 किग्रा से कम) मेरठ, अंकिता (बालिका सब जूनियर, 56 किग्रा से कम)।

### इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईशा एमबीई से सम्मानित

लंदन। किसी भी खेल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाली दक्षिण एशियाई मूल की पहली महिला ईशा गुहा को समावेशिता और क्रिकेट में सेवाओं के लिए वहां के राजा के नए साल के सम्मान में एमबीई से सम्मानित किया गया।

# आईओए को अहमदाबाद में राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का करेगा आयोजन

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) देश में खेलों में खिलाड़ियों के नेतृत्व वाली संचालन व्यवस्था और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 जनवरी को अहमदाबाद में पहले राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का आयोजन करेगा। आईओए ने विज्ञप्ति में कहा कि यह मंच प्रत्यक्ष और समाधान उन्मुख जुड़ाव के लिए देश भर के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों, खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा।

मंच खिलाड़ियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों, नैतिक और पारदर्शी संचालन, सुरक्षित खेल और अखंडता, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण, डोपिंग रोधी शिक्षा, शिकायत निवारण और संरचित करियर बदलाव राह सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। चर्चाओं का उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया को कार्वाई योज्ञ सुधारों में बदलना होगा। विज्ञप्ति के अनुसार, खिलाड़ी मंच से खिलाड़ी आयोग की भूमिका को मजबूत करने और भारतीय खेल के भीतर खिलाड़ी केंद्रित संचालन के विकास में सार्थक योगदान देने की उम्मीद है। आईओए ने कहा कि खिलाड़ी मंच सलाह-मशविरे से आगे बढ़कर यह पक्का करने की उसकी ठोस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि खिलाड़ी ऐसी नीति बनाने में सक्रिया और असरदार भूमिका निभाएं जो उनके करियर, कल्याण और भविष्य पर असर डालती हैं। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, भारत के खेल इतिहास में यह पहली बार है कि खिलाड़ियों को एक खास राष्ट्रीय मंच के जरिए एक साथ लाया जा रहा है।

# सनराइजर्स ईस्टर्न केप की जीत में चमके डीकॉक

एजेंसी

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)। आक्रामक बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक ने 47 गेंदों में 77 रन की तूफानी पारी खेली




जिससे सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 48 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। कैपिटल्स की टीम इसके जवाब में 18 ओवर में 140 रन पर आउट हो गई।

सनराइजर्स ने लगातार दूसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया और उसके अब 10 अंक हो गए हैं। कैपिटल्स की टीम दो मैचों के बाद भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। डीकॉक ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मैथ्यू ब्रीत्ज़के (33 गेंदों में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के साथ 70 गेंदों में 116 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा शानदार फॉर्म में चल रहे जॉर्डन हरमन (20 गेंदों में 37 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के मार्को यानसन, एडम मिल्ने और एनरिक नोर्किया की तेज गेंदबाजी की तिकड़ी ने इसके बाद कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया।

कैपिटल्स की तरफ से विल स्मीड ने 35 और शाई होप ने 36 रन बनाए। सनराइजर्स की तरफ से मिल्ने ने 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हरफनमौला एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने मंगलवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया। डब्ल्यूपीएल की विज्ञप्ति के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला पेरी के स्थान पर भारतीय ऑलराउंडर सायली सतघरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में शामिल होंगी, जबकि उनकी हमवतन ऑलराउंडर सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग को टीम में शामिल किया है। डब्ल्यूपीएल की विज्ञप्ति के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला एलिस पेरी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और एनाबेल सदरलैंड (दिल्ली कैपिटल्स) ने निजी कारणों से लीग के आगामी सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कहा आरसीबी ने पेरी की जगह सायली सतघारे को टीम में शामिल किया है।

सतघारे 30 लाख रुपये की आधार कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है। उन्होंने कहा ऑस्ट्रेलिया की इस लेग स्पिनर ने पिछले सत्र में यूपी वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 विकेट लिये है। किंग 60 लाख रुपये की आधार कीमत पर दिल्ली की टीम में शामिल होंगी। यूपी वॉरियर्स बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस की जगह भी ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है।

# लखनऊ क्रिकेट को नयी ऊंचाई देगा एलपीएल

## ऑक्शन जनवरी में, ट्रायल के बाद 500 खिलाड़ियों की एंट्री



खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के क्रिकेट को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ही लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी जनवरी माह में प्रस्तावित है, जिसमें करीब 500 क्रिकेटर नीलामी प्रक्रिया से गुजरेंगे। एलपीएल का पहला संस्करण मार्च माह में लखनऊ में आयोजित किए जाने की संभावना है।

आईपीएल की तर्ज पर लखनऊ में पहली बार आयोजित की जा रही एलपीएल, क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की सोच का परिणाम है जबकि इसका प्रबंधन पेशेवर खेल आयोजन प्रबंधन कंपनी क्वेड स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। लीग के लिए चार दिवसीय ट्रायल की शुरूआत गत 26 दिसंबर को स्पोर्ट्स गैलेक्सी अकादमी, लखनऊ में हुई थी।

हालांकि खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए यह ट्रायल एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया जो मंगलवार को संपन्न हुआ। ट्रायल के दौरान कुल 1200 खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ट्रायल में खिलाड़ियों की प्रतिभा का आंकलन पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं सीएएल की चयन समिति के चेयरमैन ज्ञानेंद्र पाण्डेय, पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर आरिश आलम और अभिनव दीक्षित की निगरानी में किया गया। वहीं ट्रायल के दोरान सभी छह फ्रेंचाइज़ियों के स्काउट्स मौजूद रहे और उन्होंने अपनी-अपनी फ्रेंचाइज़ियों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान की।

एलपीएल की छह फ्रेंचाइज़ियां हैं। लखनऊ चैलेंजर्स, लखनऊ पैंथर्स, लखनऊ एसेज, लखनऊ लायंस, लखनऊ नवाब्स और लखनऊ स्ट्राइकर्स। ट्रायल को लेकर क्वेड स्पोर्ट्स के सीईओ आकाश उपाध्याय ने कहा कि खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में क्रिकेटर इसमें शामिल हुए। हमें उम्मीद है कि मार्च में एलपीएल का पहला संस्करण सफल रहेगा और जल्द ही खिलाड़ियों की नीलामी का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हम एलपीएल के पहले संस्करण के भव्य व सफल आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और सीएएल के साथ मिलकर इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह टूनामेंट लखनऊ के खेल प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक साबित होगा।



# घुसपैठ को बढ़ावा दे रहीं ममता बनर्जी

## पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गयी है : अमित शाह



कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गई है।

कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग घुसपैठ को लेकर चिंतित हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में आने के बाद इसे समाप्त करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालना मुख्य एजेंडा होगा। उन्होंने कहा, हम न केवल घुसपैठियों की पहचान करेंगे, बल्कि उन्हें बाहर भी निकालेंगे। 15 अप्रैल, 2026 के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि जनता ने अपना मन बना लिया है। शाह ने घोषणा की कि बंगाल में घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक "मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड" स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इंसान छोड़ दीजिए, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, इस प्रकार की मजबूत ग्रिड की रचना हम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ना केवल घुसपैठ रोकेंगे, सारे घुसपैठियों को चुन चुनकर भारत के बाहर निकालने का काम भी भाजपा की बंगाल सरकार करेगी। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण केंद्र सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को दोषी ठहराती हैं। मैं उनसे इस सार्वजनिक मंच से कह रहा हूं कि बांग्लादेश से सटे राज्यों में केवल यही राज्य सरकार है, जो सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराती। आपकी सरकार जमीन नहीं देती, इसी वजह से सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह जवाब देना होगा कि भाजपा शासित असम, त्रिपुरा या देश के पश्चिमी राज्यों जैसे राजस्थान और गुजरात के अलावा पंजाब और कश्मीर की तुलना में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की समस्या अधिक गंभीर क्यों है। उन्होंने कहा, "ऐसा सिर्फ बंगाल में ही क्यों होता है? ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां आपकी सीधी निगरानी में घुसपैठ होती है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य की जनसांख्यिकी में धीरे-धीरे लेकिन लगातार बदलाव होता है, जिससे आपका वोट बैंक मजबूत होता है। शाह ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा पूर्वी सीमाओं से घुसपैठ रोकेगी और बंगाल का पुनरुद्धार सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, "भाजपा पश्चिम बंगाल में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी"। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से मतुआ समुदाय के लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। शाह ने कहा, हमारा यह संकल्प है कि धार्मिक उत्पीड़न का शिकार हुए सभी शरणार्थियों को देश में शरण दी जाएगी। ममता बनर्जी भी मतुआ समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचा सकतीं। शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने भय और हिंसा की राजनीति में वामपंथियों को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज, संदेशखालि और दक्षिण कोलकाता लॉ कॉलेज में हुई घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि यह राज्य महिलाओं के लिए कितना असुरक्षित हो गया है।

# गुलमर्ग-पहलगाम में पारा जमाव बिंदु से नीचे कश्मीर में बारिश और हिमपात का पूर्वानुमान



जम्मू। कश्मीर में सर्दियों में सामान्य से कम ठंड पड़ रही है, लेकिन बावजूद इसके गुलमर्ग और पहलगाम में सोमवार रात तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरी घाटी में तापमान इस मौसम के औसत से तीन से चार डिग्री ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार से घाटी में बारिश या हिमपात का पूर्वानुमान जताया है। मंगलवार सुबह पूरे क्षेत्र में आसमान बादलों से ढका रहा। घाटी में यह समय चिल्ला-ए-कलां नामक 40 दिनों की भीषण ठंड का है। इस दौरान रात का तापमान आमतौर पर हिमांक बिंदु से तीन से आठ डिग्री नीचे गिर जाता है। हालांकि, वर्तमान आंकड़े सामान्य पैटर्न से भिन्न हैं। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.6 डिग्री अधिक 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी में सबसे ठंडा स्थान गुलमर्ग रहा, जहां पारा शून्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। शून्य से नीचे तापमान होने के बावजूद यह सामान्य तापमान से 4.3 डिग्री अधिक था।

दक्षिण कश्मीर में पहलगाम में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.0 डिग्री अधिक, शून्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी के प्रवेश द्वार माने जाने वाले काजीगुंड में पारा गिरकर मौसम के औसत से 4.1 डिग्री अधिक, 1.4 डिग्री सेल्सियस हो गया।

## संक्षेप

### कनॉट प्लेस, इंडिया गेट के आसपास यातायात प्रतिबंध लागू

नयी दिल्ली। दिल्ली यातायात पुलिस ने नये साल के जश्न के मद्देनजर मंगलवार को एक विस्तृत परामर्श जारी कर 31 दिसंबर के लिए कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों में यातायात प्रतिबंधों, मार्ग परिवर्तन और पार्किंग के विशेष प्रबंधों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नये साल के स्वागत के लिए कनॉट प्लेस और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए पैदल यात्रियों और वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। परामर्श के अनुसार, यातायात प्रतिबंध 31 दिसंबर की शाम सात बजे से लागू होंगे और जश्न की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। ये प्रतिबंध विशेष अनुमति प्राप्त वाहनों के अलावा सभी निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर लागू होंगे। पुलिस के मुताबिक, मंडी हाउस, बंगाली मार्केट, पटेल चौक, गोल मार्केट, जीपीओ और कस्तूरबा गांधी मार्ग-फिरोजशाह रोड चौराहे, जय सिंह रोड-बंगला साहिब लेन और विंडसर प्लेस जैसे निर्धारित बिंदुओं से आगे किसी भी वाहन को कनॉट प्लेस की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परामर्श में कहा गया है कि वैध प्रवेश पास वाले वाहनों को छोड़कर, कनॉट प्लेस के अंदरूनी, मध्य या बाहरी सर्किल में वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

# युवा कांग्रेस ने की अरावली मुद्दे पर मांगा मंत्री भूपेंद्र यादव का इस्तीफा

जयपुर। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि मंत्रालय से आई अरावली पर्वतमाला की नई परिभाषा की प्रस्तावित योजना का उद्देश्य अरावली श्रृंखला को समाप्त करना था।

चिब ने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने अपने हालिया निर्णय में अरावली की परिभाषा पर अपने पूर्व आदेश को स्थगित कर दिया, और इस निर्णय ने परिभाषा के बचाव के मंत्री के रूख को भ्रामक साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि न्यायालय के फैसले से स्पष्ट हो गया है कि वह सच नहीं बता रहे थे और लोगों को गुमराह कर रहे थे। सोमवार को आए उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए चिब ने इसे जनता की जीत बताया। उन्होंने केंद्र सरकार से अरावली पर्वतमाला को पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने की मांग भी की। चिब ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस शासन में बने राष्ट्रीय संसाधनों और संस्थानों को बेच रही है।

# आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा अहम



गुमला (झारखंड)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए मंगलवार को शिक्षित व्यक्तियों से आग्रह किया कि वे लोगों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करें।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी समुदाय के समावेशी विकास के लिए काम कर रही है, ताकि विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। मुर्मू ने झारखंड के गुमला जिले में अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह-कार्तिक यात्रा (अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक सभा) को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समागम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य के आदिवासी समुदायों के लोगों ने भाग लिया। शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा व्यक्तित्व को निखारती है, विकास के अवसर पैदा करती है और समावेशी विकास एवं सामाजिक न्याय का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के बाद, कई लोग शहरों में बसना पसंद करते हैं और अपने गांवों में वापस नहीं लौटते हैं। हमें अपने गांव जाना चाहिए और लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा उनके लाभों के बारे में उन्हें जागरुक करना चाहिए। सरकार अपना काम करेगी, लेकिन शिक्षा प्राप्त करने के बाद हमें भी अपना योगदान देना चाहिए। इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद थे। यह सरकार आदिवासी समुदाय के समावेशी विकास में विश्वास रखती है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए काम कर रही है।

# एसआईआर एआई का इस्तेमाल करके किया जा रहा एक बड़ा घोटाला हैः ममता



बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से किया जा रहा एक बड़ा घोटाला है। बनर्जी ने कहा कि यदि मतदाता सूची से एक भी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव करेगी।

बनर्जी ने बांकुड़ा जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर राज्य के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, एसआईआर के कारण करीब 60 लोगों की मौत हो गई। बुजुर्गों को दस्तावेज सत्यापन की सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एक भी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव करेगी। बनर्जी ने कहा कि राज्य के लोग इस तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा को पश्चिम बंगाल में सत्ता में नहीं आने देंगे। बनर्जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव नजदीक आते ही सोनार बांग्ला बनाने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में जिन राज्यों में वह सत्ता में है वहां बांग्ला बोलने वालों की पिटाई की जाती है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए दिल्ली स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय में अपने सदस्यों को तैनात किया है। उन्होंने कथित तौर पर एआई का इस्तेमाल करके 54 लाख नाम हटा दिए हैं और इन कार्यों का झूठा आरोप ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) पर लगाया है। ईआरओ एसोसिएशन ने पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि उन्होंने यह काम नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर किसी का उपनाम सिंह है और उसे अंग्रेजी में सिन्हा लिखा जाता है, तो नाम हटा दिया जाता है। लोगों को ऐसी ही बेतुकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अगर आपका नाम हटा दिया गया है, तो फॉर्म 7 और 8 भरें। यह आपका अधिकार है। हार मत मानिए। बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार के बेटे को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसआईआर सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों को अनुमति न दिए जाने पर भी निर्वाचन आयोग की आलोचना की। यह फैसला किस कानून के तहत लिया जा रहा है? उन्होंने कहा, हमें लिखित दिशानिर्देश दीजिए। वे सिर्फ व्हाट्सएप संदेश भेज रहे हैं। व्हाट्सएप का कोई महत्व नहीं है।

# अधीर रंजन प्रधानमंत्री से मिले, मतुआ समुदाय के मुद्दों को उठाया




नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर हो रहे हमलों के मुद्दे तथा मतुआ समुदाय की समस्याओं को उनके समक्ष उठाया।

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने ऐसे हमलों को रोकने में मदद के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा होने की आशंका है। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि उन्होंने विभिन्न राज्यों में काम करने वाले बंगाली मजदूरों का मुद्दा उठाया और साथ ही मतुआ समुदाय के समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री के जवाब के बारे में पूछे जाने पर, चौधरी ने कहा, उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह स्थिति पर नज़र रख रहे हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले होने वाली इस मुलाकात के राजनीतिक महत्व के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इसका कोई राजनीतिक महत्व नहीं है। मैं कुछ दिन पहले दिल्ली आया थाअ इत्तेफ़ाक से मुझे उनसे मिलने का मौका मिला। लोकसभा में कांग्रेस के नेता रह चुके चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि देश के कुछ हिस्सों में बांग्लाभाषी लोगों के साथ घुसपैठिए की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनका एकमात्र अपराध यह है कि वे बांग्ला भाषा में बात करते हैं जिसके कारण संबंधित प्रशासन अक्सर उन्हें पड़ोसी बांग्लादेश के लोग समझ लेता है और उन्हें घुसपैठिया मानकर उनसे उसी प्रकार व्यवहार करता है। पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक है और इस राज्य की सीमा बांग्लादेश से लगती है तथा देश के अन्य हिस्सों में ऐसे हमलों के कारण इन इलाकों में समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषी लोगों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह भेदभाव, हिंसा और देश के अन्य हिस्सों से आए प्रवासी मजदूरों के उत्पीड़न के खिलाफ सभी राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाएं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के 30 वर्षीय प्रवासी मजदूर ज्वेल राणा की ओडिशा के संबलपुर में बीड़ी को लेकर हुए विवाद के बाद बुधवार को हत्या कर दी गई। मुंबई में भी दो प्रवासी मजदूरों को बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासी होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया।

## इंटरटेनमेंट...

# 'बैटल ऑफ गलवान' पर चीन में नाराजगी



मुंबई। सलमान खान की आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चीन में आलोचना शुरू हो गई है। फिल्म के सीन्स को हकीकत से अलग बताया जा रहा है। कई लोग इसके ट्रेलर के कुछ सीन की हॉलीवुड के गेम ऑफ थ्रोन्स से तुलना कर रहे हैं। चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने इस फिल्म को लेकर एक आर्टिकल भी छापा है, जिसका टाइटल है। 'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म पर विवाद, फिल्म चाहे कितनी भी नाटकीय हो, देश की सीमा पर असर नहीं डाल सकती। अखबार एक चीनी एक्सपर्ट के हवाले से लिखता है कि जब चीन और भारत के रिश्तों में सुधार हो रहा है तो इस फिल्म का रिलीज होना गलत है। यह फिल्म सिर्फ भारतीय नजरिए को पेश कर चीन विरोधी भावना बढ़ा सकती है। बैटल ऑफ गलवान का ट्रेलर 27 दिसंबर को सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज

> ट्रेलर हकीकत से दूर, चीनी मीडिया बोला- अभी इसका रिलीज होना गलत

हुआ था। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है। सलमान इसमें कर्नल संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सलमान खान की ड्रेस और उनकी हेयर स्टाइल को लेकर भी आलोचना की गई है। चीनी एक्सपर्ट्स का कहना है कि बॉलीवुड फिल्में मनोरंजन के लिए होती हैं, लेकिन वे इतिहास नहीं बदल सकतीं। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने मिलिट्री एक्सपर्ट सॉन्ग झोंगपिंग के हवाले से लिखा कि भारत में फिल्मों का इस्तेमाल देशभक्ति की भावना बढ़ाने के लिए किया जाता है।

# विजय देवरकोंडा-रश्मिका मंदाना बंधेंगे शादी के बंधन में



**मुंबई।** लंबे समय से साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की डेटिंग, सगाई की खबरें सुर्खियों में रही हैं। नई रिपोर्ट्स के माने तो अब रश्मिका और विजय 26 फरवरी को राजस्थान के उदयपुर में सात फेरे लेने जा रहे हैं। इस दौरान दोनों की फैमिली और करीबी दोस्त मौजूद रहेंगे। फिलहाल इस प्राइवेट शादी के लिए तैयारियां चल रही हैं। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि, शादी उदयपुर के एक पैलेस में होगी। शादी के बाद कपल हैदराबाद में फिल्म इंडस्ट्री के सदस्यों के लिए एक अलग रिसेप्शन आयोजित कर सकता है। इससे पहले खबरें आई थीं कि 3 अक्टूबर को हैदराबाद में विजय और रश्मिका की सगाई हुई थी, जो कि एक निजी समारोह था। इसमें भी सिर्फ परिवार के करीबी सदस्य ही मौजूद थे। हालांकि, रश्मिका-विजय में से किसी ने भी सगाई या शादी की डेट को लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है। दो महीने पहले रश्मिका उदयपुर में स्पॉट हुई थीं, जिसे लेकर कहा गया कि वो वेडिंग वेन्यू देखने पहुंची थीं।

### जी टीवी जल्द लायेगा नया पवित्र रिश्ता शो

**मुंबई।** जीटीवी जल्द ही पवित्र रिश्ता नाम से नया शो लॉन्च करने वाला है। जनवरी में इस शो की शूटिंग भी शुरू की जाने वाली है। हालांकि इस नए शो का एकता कपूर के 2009 में आए पॉपुलर शो पवित्र रिश्ता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में अपने ही शो के टाइटल का इस तरह इस्तेमाल होने पर अब एकता कपूर भड़क गई हैं। उन्हें इसे मानसिक दिवालियापन कहा है। एकता कपूर ने नए शो पवित्र रिश्ता के मेकर्स पर भड़कते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, 'जब आप खुद की कोई नई कढ (आइडिया/कंटेंट) नहीं बना पाते, तो किसी दूसरे क्रिएटर की पहले से बनी आईपी पर पलते हो।

# अब तक की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बनी 'धुरंधर'




मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर लगातार बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कमाई करते हुए बड़े रिकॉर्ड कायम कर रही है। महज 25 दिनों में 1113 करोड़ का कलेक्शन कर ये फिल्म इतिहास की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

कमाई के मामले में फिल्म ने शाहरुख खान की पठान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिसका

> शाहरुख की पठान के बाद जवान का भी टूट सकता है रिकॉर्ड, वर्ल्डवाइड कमाए 1113 करोड़

ओवरऑल कलेक्शन 1050 करोड़ है। अब ये फिल्म जल्द ही जवान का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। फिल्म धुरंधर रिलीज के चौथे हफ्ते में भी रिकॉर्ड ब्रेकिंग कमाई कर रही है। फिल्म ने 25वें दिन यानी सोमवार को 11.20 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं चौथे रविवार फिल्म ने 24.30 करोड़ कमाए थे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, 25वें दिन की कमाई के मामले में इस फिल्म ने पुष्पा 2 का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज के 20 दिन बाद 25 दिसंबर को कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी रिलीज हुई है। इस फिल्म की 5 दिनों की कुल कमाई ही 25 करोड़ रुपए हो सकी है।

सोमवार को फिल्म ने महज 1.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जबकि धुरंधर का सोमवार को 11.20 करोड़ कलेक्शन हुआ है। अब 1 जनवरी को धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म इक्कीस रिलीज हो रही है।

इस फिल्म से भी कार्तिक-अनन्या की फिल्म पर बुरा असर पड़ सकता है। साल 2025 की सबसे बड़ी फिल्म साबित होने के बाद अब धुरंधर का दूसरा पार्ट 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है। इसका बॉक्स ऑफिस क्लैश यश और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म टॉक्सिक से होगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com